WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 4 | अभिव्यक्ति 5 | राजधानी 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, गुरुवार, 13 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 205 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सोलह एग्जिट पोल की माने तो बिहार में नीतीश कुमार का तीर निशाने पर लग गया है। कमल भी खिल रहा है। लालू एंड कंपनी की लालटेन बुझ रही है और पंजा भी उखड़ रहा है। बड़बोले प्रशांत किशोर के स्कूल का बस्ता भी फटने जा रहा है और असदुद्दीन ओवैसी की पतंग भी कटने जा रही है। जाहिर है बिहार में एनडीए की सुनामी चलने जा रही है। यदि ये एग्जिट पोल सही साबित हुए तो महागठबंधन के तमाम हारे हुए जुआरी एक सुर में वोट चोरी का बेसुरा राग अलापेंगे और अपनी हार का ठिकरा चुनाव आयोग पर फोड़ेंगे।

धान बेचने के लिए किसानों को भटकना नहीं पड़ेगा: नेताम

- छत्तीसगढ़ में धान खरीदी नहीं होगी प्रभावित,वैकल्पिक व्यवस्था तैयार
- सहकारी कर्मचारियों के हड़ताल पर कृषि मंत्री नेताम का बड़ा बयान

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने से पहले सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि हड़ताल करना उनका अधिकार है, लेकिन सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर ली है।

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी। मंत्री नेताम ने बताया कि धान खरीदी प्रभावित न हो, इसके लिए सभी कलेक्टरों को वैकल्पिक व्यवस्था करने के अधिकार दिए गए हैं। संग्रहण केंद्रों में वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस पर लगातार काम कर रहे हैं। सरकार किसी भी हालत में किसानों का नुकसान नहीं होने देगी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा, धान बेचने के लिए किसानों को भटकना नहीं पड़ेगा। सरकार किसानों के हित में पूरी तरह से संवेदनशील है।

कांग्रेस ने धान खरीदी को लेकर कई आरोप लगाए हैं। इन आरोपों पर मंत्री नेताम ने कहा कि अवैध शराब, चखना और ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से मिली छुट्टी

मुंबई (वार्ता)। दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनका पिछले कई दिनों से इसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके चिकित्सक डॉ. प्रतीत समदानी के अनुसार अभिनेता धर्मेन्द्र को बुधवार सुबह अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वे चिकित्सकीय देखरेख में घर पर ही स्वास्थ्य लाभ जारी रखेंगे। डॉक्टर ने पुष्टि की कि उनके परिवार ने मेडिकल टीम के साथ चर्चा के बाद उन्हें होम केयर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर चल रही अटकलों पर टिप्पणी करते हुए पुष्टि की कि उनकी हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 536 अंक उछला

मुंबई (वार्ता)। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद में बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा उछल गया। सेंसेक्स 367.54 अंक की बढ़त में 84,238.86 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 536.28 अंक (0.64 प्रतिशत) ऊपर 84,407.60 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 139.35 अंक चढ़कर 25,834.30 अंक पर खुलने के बाद खबर लिखे जाते समय 99 अंक की बढ़त में 25,793.95 अंक पर पहुंच गया। ऑटो, आईटी,तेल एवं गैस, बैंकिंग और फाइनेंस समूहों की कंपनियों में लिवाली अधिक रही। एफएमसीजी सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, टीसीएस और इटरनल के शेयर बढ़त में थे जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर और बीईएल में गिरावट थी।

कांसाबेल के केनाडांड़ गांव में 27 हाथियों का दल विचरण कर रहा

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में इन दिनों हाथियों के दल का आंतक देखने को मिल रहा है। कांसाबेल वन परिक्षेत्र के केनाडांड़ गांव में 27 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी दल से बिछड़कर एक हाथी रिहायशी इलाके में पहुंच गया। जहां उसने एक बुजुर्ग महिला और उसकी पोति (5 वर्ष) पर हमला कर दिया। बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मृतिका देरोठिया बाई (57) बुधवार सुबह अपने घर के पीछे बाड़ी में जंगली हाथी को देखने स पहुंची. इस दौरान हाथी ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे देरोंठिया बाई की मौके पर ही मौत हो गई.

बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश

हमलावरों ने गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर हमले की रची थी साजिश

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली विस्फोट के आरोपी डॉक्टर मुज़म्मिल और डॉक्टर उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लाल किले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लाल किले को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था।

सूत्र ने कहा, हमने खुलासा किया है कि उसने कथित आत्मघाती हमलावर डॉक्टर मुज़म्मिल ने डॉक्टर उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लाल किले की रेकी की थी। यह महत्वपूर्ण जानकारी डॉक्टर मुज़म्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी।

यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवंबर को शाम 6:52 बजे लाल किले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन को हिरासत में लिया गया। सभी गिरफ्तारियां जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा की गईं और अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी है।

जांच का पता जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले एक आपत्तिजनक पोस्टर से चलता है। इस संबंध में 19 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था।

10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए विस्फोट के बाद उत्तरी दिल्ली के कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस प्राथमिकी में धमाके को बम विस्फोट का नतीजा बताया गया है। जांच विवरण से पता चलता है कि डॉ. उमर उस चलती आई-20 कार में सवार था जिसमें विस्फोट हुआ था। डॉ. उमर इस मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए वांछित है।

डॉ. उमर ने लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में लगभग तीन घंटे बिताए, इस दौरान वह लगातार किसी के संपर्क में था। सीसीटीवी विश्लेषण से पता चलता है कि कार दोपहर 3:19 बजे पार्क की गई थी और तीन घंटे बाद शाम 6:48 बजे पार्किंग क्षेत्र से बाहर निकली, उस समय जब क्षेत्र में विशेष भीड़भाड़ थी। दिल्ली विस्फोट की जांच अब एनआईए कर रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

पहली बार सामने आया दिल्ली ब्लास्ट का सीसीटीवी फुटेज

देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार की शाम को लाल किले के पास हुए कार धमाके का पहली बार सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी में धमाके का दिल दहलाने वाला मंजर कैद हुआ है। लाल किले चौराहे पर लगे एक निगरानी कैमरे में यह धमाका रिकॉर्ड हो गया। विस्फोटक लदी कार में अचानक जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। मामले की जांच एनआईए कर रही है।

बुधवार को दिल्ली के लाल किले के पास हुए शक्तिशाली विस्फोट को कैद करने वाला एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज पर 10 नवंबर 2025 की तारीख लिखी दिखाई दे रही है। समय शाम को 18:50:52 सेकंड दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी फुटेज में चौराहे पर काफी ट्रैफिक दिखाई दे रहा है।

सोमवार शाम को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से जा रही आई-20 कार में अचानक ब्लास्ट हुआ था। धमाके में 12 लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर है। कार ब्लास्ट की ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

एआई में प्रतिभा की कमी, हम सैनिकों को बनाएंगे विशेषज्ञ

- सैन्य बलों के भविष्य पर बोले सेना प्रमुख

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली डिफेंस डायलॉग में बोलते हुए थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने साफ कहा कि तकनीक जरूरी है, लेकिन इंसान केंद्र में रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि भारत की रक्षा नीति को जमीन की हकीकत और तकनीक के तालमेल से आगे बढन्ना होगा, जहां स्मार्ट मशीनें और सैनिक साथ कदम बढ़ाएं।

दिल्ली डिफेंस डायलॉग में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज भारतीय सेना की भविष्य की दिशा, तकनीकी बदलावों और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 'तकनीक और भूगोल का मेल0 यानी टेक्नोलॉजी और जमीन दोनों का संतुलन बेहद जरूरी है।

जमीन ही जीत की रहेगी असली मुद्रा

जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जमीन ही विजय की मुद्रा बनी रहेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, 'जब ट्रंप और पुतिन की मुलाकात अलास्का में हुई थी, तब भी चर्चा जमीन पर ही हुई थी। तकनीक हमें जमीन पर ही लाभ देनी चाहिए, चाहे वह विनाश हो, कब्जा हो या बेदखली।

इंडस्ट्री 5.0- इंसान को केंद्र में रखती तकनीक

सेना प्रमुख ने आगे कहा कि अब दुनिया इंडस्ट्री 4.0 से आगे बढ़कर इंडस्ट्री 5.0 की ओर जा रही है। उन्होंने समझाया, 'इंडस्ट्री 4.0 में एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसी चीजों पर बात होती थी। लेकिन 5.0 ने यह महसूस किया कि तकनीक को इंसान की जगह नहीं लेनी चाहिए, बल्कि उसकी मदद करनी चाहिए। यही भारतीय सेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम मानव-केंद्रित तकनीकी अपनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। हमें 'ह्यूमन एम्प्लीफाइड बाय एआई की दिशा में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता, संवेदनशीलता और समस्या समाधान जैसी मानवीय क्षमताएं हमेशा नियंत्रण में रहनी चाहिए।

श्रम मंत्री के काफिले का वाहन पलटा, तीन घायल

कोरबा /नवप्रदेश। कोरबा में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के काफिले की स्कॉर्पियो बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में पलट गई। हादसे में एएसआई, प्रधान आरक्षक और चालक घायल हुए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामला दर्ज कर लिया। बाइक सवार मौके से फरार हो गए।

कोरबा के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-130 पर धुईचुआ के पास श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का काफिला सड़क हादसे का शिकार हो गया, जहां काफिले में आगे चल रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक एएसआई, एक प्रधान आरक्षक और चालक घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि मंत्री का काफिला कोरबा से रायपुर के लिए रवाना हुआ था। धुईचुआ गांव के पास बाइक सवार तीन युवक

अचानक काफिले के सामने आ गए। सामने चल रहे स्कॉर्पियो चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे वाहन पलट गया। पीछे मंत्री की गाड़ी और अन्य वाहन रुक गए, जिन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ।

सूचना पर पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव टीम सहित मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बाइक सवार तीनों युवक मौके से फरार हो गए। घायलों की पहचान एएसआई दिलीप कुमार शुक्ला, ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

भूटान से लौटते ही घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान यात्रा से लौटते ही बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। मोदी विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को भूटान की दो दिन की यात्रा पर गए थे और आज दोपहर वहां से लौटते ही वह हवाई अड्डे से सीधे अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले। डाक्टरों और अधिकारियों ने उन्हें उपचार से संबंधित जानकारी से अवगत कराया।

प्रधानमंत्री ने विस्फोट में घायल लोगों से बातचीत कर उनकी तबियत के बारे में पूछा और डॉक्टरों से उनके उपचार के बारे में जानकारी ली।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा ,' एलएनजेपी अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिला। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस षडय़ंत्र के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। मंगलवार शाम लाल किले के निकट हुए कार विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक घायल हैं। मोदी ने भूटान की राजधानी थिम्पू में भी एक कार्यक्रम में कहा था कि इस षडय़ंत्र में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस बीच गृह मंत्रालय ने विस्फोट ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली विस्फोट मामले में अल-फलाह यूनिवर्सिटी का कोई संबंध नहीं: प्रो आनंद

चंडीगढ़ (वार्ता)। दिल्ली विस्फोट और हरियाणा के फरीदाबाद में मिले विस्फोटकों के बीच जुड़ाव सामने आने के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी ने बयान जारी करके स्पष्ट किया है कि संस्थान का इन घटनाओं से कोई लेना-देना नहीं है और केवल दो डॉक्टरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। कुलपति प्रो. (डॉ.) भूपिंदर कौर आनंद ने बताया कि डॉक्टर मुजम्मिल और डॉक्टर शाहीन सईद को जांच एजेंसियों ने पूछताछ के लिए बुलाया ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जानें किसका पलड़ा भारी | एक्सिस माई इंडिया ने जारी किया एग्जिट पोल

एनडीए को 43 और महागठबंधन को 41 फीसदी वोट मिलने का अनुमान

नई दिल्ली (वार्ता)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दोनों चरणों का मतदान पूरा हो चुका है। अब देश की निगाहें 14 नवंबर को आने वाले चुनाव परिणाम पर हैं। इसी बीच बुधवार को एक्सिस माई इंडिया ने बिहार विधानसभा चुनाव का एग्जिट पोल जारी किया है।

बिहार में आखिरी चरण का मतदान 11 नवंबर को समाप्त होने के बाद लोगों की नजर शुक्रवार को आने वाले चुनाव नतीजों पर है। इसी बीच कई न्यूज चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल जारी कर रही हैं। अभी तक सामने आए अधिकतर पोल्स में बिहार में फिर से नीतीश कुमार की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। बुधवार को एक्सिस माई इंडिया ने बिहार को लेकर एग्जिट पोल जारी किया है। एक्सिस माई इंडिया ने यह पोल 243 विधानसभा में किया है। उनका सैंपल साइज करीब 42 हजार लोगों का है। एक्सिस माई इंडिया ने बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए को 43 फीसदी और महागठबंधन ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

एनडीए और महागठबंधन को किस समुदाय से कितनी सीटें

एससी मतदाताओं में एनडीए को 49प्र., ईबीसी में 58प्र., ओबीसी में 63प्र. और सवर्ण वोटरों में 65प्र. वोट मिले हैं। वहीं, महागठबंधन को एससी समुदाय से 29प्र., ईबीसी से 26प्र., ओबीसी से 19त्न और सवर्णों से केवल 14 फीसदी वोट मिला है।

1995 से भी बड़ी जीत होगी, 18 को लेंगे सीएम की शपथ

विपक्षी महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने एग्जिट पोल अनुमान खारिज करते हुए दावा किया है कि आरजेडी की 1995 से भी बड़ी जीत होगी. उन्होंने दावा किया कि 18 नवंबर को सीएम पद की शपथ लूंगा। बिहार में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आए एग्जिट पोल नतीजों में फिर से नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सरकार के अनुमान जताए गए हैं। बिहार चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को आने हैं, इससे पहले एग्जिट पोल नतीजों को लेकर राजनीतिक दलों में जुबानी जंग छिड़ गई है। ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

एग्जिट पोल सही हों न हों, महानतम नेताओं में शुमार हो गए हैं नीतीश कुमार

बिहार विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल आ चुके हैं. करीब सभी पोल एनडीए को भारी बहुमत से विजय दिला रहे हैं. तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी अगर 20 साल बाद नीतीश को जनता एक बार फिर चुनती है तो वो निर्विवाद रूप से देश के महानतम नेताओं में शुमार किए जाएंगे।

बिहार विधानसभा चुनावों के लिए वोटिंग हो चुकी है. अभी तक जितने भी एग्जिट पोल आएं हैं उनको देखकर यही लगता है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लहर चल रही है. अभी तक देश में हुए विधानसभा चुनाव में कोई ऐसा मुख्यमंत्री नहीं रहा होगा जिसके विरोधियों के पास उसके खिलाफ बोलने के लिए शब्दों न रहे हों. नीतीश कुमार ऐसी ही शख्सियत बन कर उभरे हैं. उनके घोर विरोधी भी उन्हें भ्रष्ट नहीं कह सकते. उनके विकास कार्यों पर प्रश्नचिह्न नहीं लगा सकते. उन्हें किसी स्कैंडल में नहीं फंसा सकते।

शायद यही कारण हैं कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार अजातशत्रु बनकर उभरें हैं. अगर बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनती है तो निश्चित ही उसमें नीतीश कुमार की बहुत बड़ी भूमिका होगी. लगातार 20 साल शासन के बाद भी अगर किसी नेता के खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है तो जाहिर है कि वह भारतीय राजनीति के महानतम नेताओं की श्रृंखला में अगला नाम है. इस देश की मिट्टी ने महात्मा गांधी की अहिंसा ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार में रिकॉर्ड तोड़ मतदान, 'कट्टा बनाम सुशासन' की टक्कर से बना नया नैरेटिव

■ **पीएम मोदी ने सीमांचल में घुसपैठ को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा, वहीं विपक्ष ने इसे शासन की विफलता करार दिया**

नई दिल्ली। 18वीं बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो गया है और इस बार इतिहास रचा गया. करीब 64.46% वोटिंग, जो पिछले चुनाव से 9.6% अधिक है यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि राज्य के बदलते राजनीतिक मानस का संकेत है।

जनसुराज की युवा-केंद्रित पहल, महागठबंधन के वादे और एनडीए सरकार की कल्याण योजनाओं ने इस चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया. सबसे दिलचस्प यह रहा कि युवाओं और महिलाओं ने इस बार निर्णायक भूमिका निभाई, 'कट्टा बनाम सुशासन' की बहस ने पूरे चुनावी परिदृश्य को बदल दिया।

जनसुराज ने इस चुनाव को पहली बार वैचारिक जमीन दी, जिसने बाकी दलों को भी अपने एजेंडे पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया. सभी राजनीतिक दलों ने बेरोजगारी और शिक्षा के सवालों को अपने केंद्र में रखा, जिससे पूरा चुनावी माहौल जाति से मुद्दों की ओर मुड़ा।

'कट्टा बनाम कल्याण': नया चुनावी नैरेटिव

चुनाव प्रचार के दौरान 'कट्टा' शब्द अचानक राजनीति के केंद्र में आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अक्तूबर की समस्तीपुर रैली में यह शब्द इस्तेमाल किया और इसके बाद राजग के लगभग हर नेता ने इसे दोहराया। 'कट्टा' अब सिर्फ बंदूक नहीं रहा, बल्कि प्रतीक बन गया उस दौर का, जिसे एनडीए ने "लालू राज के जंगलराज" के रूप में पेश किया. इसके जवाब में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और जदयू 'कट्टे की राजनीति' कर रहे हैं, जिससे बिहार की छवि खराब हो रही है।

महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी- असली गेमचेंजर

इस बार के भारी मतदान में महिलाओं की भागीदारी ने सबका ध्यान खींचा. सरकार की 'महिला रोजगार योजना' और विपक्ष के 'तीस हजार रुपये वाले वादे' ने उन्हें केंद्र में ला दिया. पहली बार ऐसा हुआ कि गांव की महिलाएं वोट डालते समय अपने घरेलू मुद्दों से आगे बढ़कर राज्य की नीतियों पर विचार करती दिखीं. महिलाओं का यह उभार बिहार की राजनीति को स्थायी रूप से बदल सकता है।

विपक्ष ने दिखाए सपने, जनता ने दिया रिस्पॉन्स

महागठबंधन ने इस चुनाव में बड़ा जोखिम लेकर जनता को सीधे प्रभावित करने वाले वादे किए। "हर घर से एक नौकरी" और "महिलाओं को 30 हजार रुपये" जैसे प्रस्तावों ने चर्चा छेड़ दी. इसके साथ ही अपराध पर सख्त कार्रवाई और 'सुशासन प्लस' मॉडल का ऐलान कर विपक्ष ने यह संदेश दिया कि वह अब सिर्फ विरोध नहीं, विकल्प बनना चाहता है.

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जोड़ी ने रैलियों में युवाओं को टारगेट किया और कहा, "अब बिहार को डर नहीं, अवसर चाहिए।" ग्रामीण इलाकों में यह संदेश गहराई तक पहुंचा, जहां बेरोजगारी और पलायन की मार सबसे ज्यादा है।

सत्ता पक्ष ने कल्याण और भरोसे का कार्ड खेला

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने चुनाव से पहले अपनी योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाने में पूरी ताकत झोंक दी. 125 यूनिट मुफ्त बिजली, महिला रोजगार योजना और पंचायत स्तर पर काम करने वाली महिलाओं को दो लाख रुपये देने की घोषणा ने वोटरों के बीच भरोसा पैदा किया.

करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं को स्कीम का लाभ मिल चुका था और इस वर्ग की भागीदारी मतदान में निर्णायक दिखी. एनडीए का जोर इस बार था "विकास की गारंटी, भरोसे का नाम नीतीश।"

यह चुनाव पूरी तरह पांच बड़े मुद्दों पर केंद्रित रहा, रोजगार, पलायन, घुसपैठ, महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था।

जनसुराज से शुरू हुआ एजेंडा, बदल गया चुनावी विमर्श

बिहार की राजनीति में जनसुराज का उभार इस बार 'गेम चेंजर' साबित हुआ. प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जनसुराज ने जातीय राजनीति से हटकर विकास, शिक्षा और रोजगार के सवालों पर फोकस किया. उनका नारा, बच्चों के भविष्य पर वोट करें गांव से लेकर शहर तक गूंजता रहा।

एग्जिट पोल्स में जन सुराज पार्टी को बड़ा झटका

■ **भीड़ को वोटों में तब्दील नहीं कर सके प्रशांत किशोर?**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के एग्जिट पोल्स में साफ संकेत मिल रहे हैं कि सत्ता एक बार फिर एनडीए के हाथ में जा रही है. वहीं, चुनाव से पहले चर्चाओं में रही प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी अपनी पहली ही परीक्षा में बुरी तरह फेल होती दिख रही है। प्रमुख पोलस्टर्स के संकलन (पोल ऑफ पोल्स) के अनुसार, एनडीए 243 सदस्यीय सदन में 122 के बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर सकता है. महागठबंधन 70 से 108 सीटों के आसपास सिमट सकता है. वहीं जन सुराज पार्टी व्यापक प्रचार उपस्थिति के बावजूद, केवल 0 से 5 सीटों तक सीमित दिख रही है।

कभी बीजेपी और जेडीयू के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने ऐलान किया था कि उनकी पार्टी या तो "अर्श पर होगी या फर्श पर", बीच का रास्ता नहीं होगा. एग्जिट पोल्स के जो आंकड़े सामने आए हैं, उसके अनुसार इस बार पीके की पार्टी 'फर्श पर' ही नज़र आ रही है। सभी प्रमुख सर्वे एजेंसियों-चाणक्य, डिवी रिसर्च, पी-मार्क, मेट्राइज़, पीपल्स इनसाइट, जेवीसी और टीआईएफ रिसर्च ने छ्वस्क्क को 0 से 5 सीटों के बीच सीमित बताया है. वहीं, एनडीए को 147 सीटों तक का बहुमत मिल सकता है, जबकि महागठबंधन को 70 से 108 सीटों तक सिमटने का अनुमान है। प्रशांत किशोर ने तीन साल की पदयात्रा और 238 विधानसभा सीटों पर सक्रिय प्रचार के बाद जन सुराज को ÷नए बिहार÷ की आवाज बताया था।

एच-1बी वीजा: अमेरिका को चाहिए टैलेंट, बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है।'

जॉर्जिया का उदाहरण दिया - ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप ने जॉर्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा, 'बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है। कई विस्फोट की घटनाएं होती हैं। कोरिया से आए लोग इस काम में माहिर थे और वहीं से अमेरिकी कर्मचारियों को सिखा रहे थे। जब उन्हें भेज दिया गया, तो पूरी व्यवस्था ठप हो गई।'

नई वीजा नीति में बड़ा बदलाव

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितंबर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1,500 डॉलर की जगह 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितंबर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लॉटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे।

'हर बेरोजगार को नहीं सिखाया जा सकता मिसाइल बनाना'

जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रंप ने कहा, 'नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि 'चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो।' उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए।'

ट्रंप रुख में बदलाव के संकेत

अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है। पहले ट्रंप विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि 'देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा।'

समृद्धि पर आधारित भारत सऊदी अरब की साझेदारी

त्योहारों एवं आयोजनों में भागीदारी को सुगम बनाने पर आधारित

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह और उनके प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात को लेकर जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह और उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलकर बेहद खुशी हुई।"

केंद्रीय मंत्री गोयल ने दोनों देशों के संबंधों को लेकर कहा कि हमारी साझेदारी आपसी विश्वास और साझा समृद्धि पर आधारित होने के साथ लगातार मजबूत बनती जा रही है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, "हमने भारत-सऊदी अरब के आर्थिक संबंधों को पहले से अधिक मजबूत बनाने, टेक्नोलॉजी, एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप्स सहित अन्य क्षेत्रों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों को लेकर चर्चा की।

भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय समझौते की बात करें तो हाल ही में, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और सऊदी अरब के संस्कृति मंत्री प्रिंस बदर बिन अब्दुल्ला बिन फरहान अल सऊद ने 9 नवंबर 2025 को रियाद में सांस्कृतिक सहयोग पर द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

संस्कृति मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य कला, विरासत, संगीत और साहित्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है, जिससे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाया जा सके। यह साझेदारी सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, नियामक और नीतिगत अनुभवों को साझा करने और त्योहारों एवं आयोजनों में भागीदारी को सुगम बनाने पर आधारित है।

संसद अटैक, 26/11, पठानकोट- पुलवामा हमला और अब दिल्ली!

■ **जैश आतंकी मसूद अजहर की महिला ब्रिगेड का आतंक नेटवर्क**

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को हुए कार ब्लास्ट में 10 लोगों की मौत के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इस विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ह्वढ्ढ) को सौंप दी गई है। जांच में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी नेटवर्क से जुड़ाव की बात सामने आ रही है, जिसमें डॉक्टर शाहीन सईद की भूमिका अहम बताई जा रही है।

ब्लास्ट के दौरान कार में मौजूद फिदायीन उमर मोहम्मद की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि फरीदाबाद से गिरफ्तार मुजम्मिल शकील और अनंतनाग के डॉक्टर आदिल अहमद से पूछताछ जारी है। जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार डॉक्टर शाहीन सईद जैश सरगना मसूद अजहर की बहन सादिया अजफर के संपर्क में थी। सादिया को भारत में महिला ब्रिगेड की कमान सौंपी गई थी और शाहीन को इस ब्रिगेड का भारतीय नेटवर्क तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। एनआईए के अनुसार, शाहीन और सादिया के बीच लगातार संपर्क था। सादिया पाकिस्तान स्थित जैश की नई महिला शाखा जमात-उल-

मोमिनात का नेतृत्व कर रही है। इस ब्रिगेड का उद्देश्य धार्मिक शिक्षा की आड़ में महिलाओं को कट्टरपंथ की ओर आकर्षित कर उन्हें आतंकी गतिविधियों में शामिल करना था। शाहीन को भारत में इसी नेटवर्क को खड़ा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। फरीदाबाद स्थित मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर शाहीन सईद को हाल ही में उसकी कार से एक असॉल्ट राइफल और गोला-बारूद मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने माना कि वह जैश की महिला इकाई से जुड़ी हुई थी और सादिया के सीधे संपर्क में थी। जांच एजेंसियों ने बताया कि जैश की महिला ब्रिगेड का केंद्र पाकिस्तान के बहावलपुर में है, जहां से सादिया अजफर इसका संचालन करती है।

भरूच में हादसा, दवा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो की मौत

भरूच। गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्टरी में बॉयलर फटने और उसके बाद आग लगने से दो श्रमिकों की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में 20 कर्मियों के घायल होने की सूचना है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सायखा जीआईडीसी इलाके में स्थित फैक्ट्री में तड़के करीब 2.30 बजे हुई। भरूच के जिला कलेक्टर गौरांग मकवाना ने कहा, 'फैक्ट्री के अंदर एक शक्तिशाली बॉयलर विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई।' उन्होंने बताया कि बाद में आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने कहा, 'विस्फोट इतना जोरदार था कि फैक्टरी की पूरी इमारत ढह गई। ज्यादातर मजदूर किसी तरह बच निकलने में

कामयाब रहे, लेकिन दो फंस गए और उनकी मौत हो गई। आग बुझने के बाद उनके शव मलबे से बरामद किए गए। इस घटना में लगभग 20 मजदूर मामूली रूप से घायल हुए हैं।'

जिला कलेक्टर गौरांग मकवाना ने बताया कि दमकल विभाग, पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीमें घटनास्थल की गहन जांच कर रही हैं क्योंकि कुछ मजदूरों ने दावा किया है कि विस्फोट के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है और संभवतः इमारत के अंदर फंस गया है।

बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी

लखनऊ(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया है कि बिहार में 14 नवंबर को महागठबंधन सरकार बनाएगी। एग्जिट पोल सिर्फ एक अनुमान है और कई बार गलत भी साबित हुए हैं। बिहार विधानसभा की 243 विधानसभा सीटों पर दो चरण में मतदान संपन्न होने के बाद एनडीए की ओर से दावा किया जा रहा है कि उनका गठबंधन प्रदेश में अगली सरकार फिर से बनाने जा रहा है। वहीं, महागठबंधन ने इसे सिरे से नकारते हुए कहा कि बिहार की जनता ने बदलाव के लिए वोट किया है। पहले और दूसरे चरण में हुए रिकॉर्ड स्तर की वोटिंग ने दिखाया है कि जनता का झुकाव महागठबंधन की ओर है। इसलिए, सभी एग्जिट पोल झूठे साबित होंगे।

यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया है कि बिहार में जनता ने बदलाव के लिए वोट किया है और महागठबंधन की सरकार बन रही है। आईएएनएस मैटराइज सर्वे के एग्जिट पोल के अनुमान पर उन्होंने कहा कि मेरा मानना है एग्जिट पोल पूरी तरह से गलत साबित होंगे और वहां महागठबंधन की सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव 2024 में एग्जिट पोल ने भाजपा को 400 पार करा दिया था। जब परिणाम सामने आए तो क्या हुआ, भाजपा 250 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाई। इसलिए, एग्जिट पोल सिर्फ एक अनुमान है और इस पर विश्वास नहीं करना चाहिए। बिहार में जनता का आशीर्वाद महागठबंधन के साथ है और हम सरकार बनाने जा रहे हैं। दिल्ली ब्लास्ट पर उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है और इसकी तत्कार रूप में जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच की तह तक जाना चाहिए कि राजधानी दिल्ली में धमाका कैसे हुआ। मैं इस घटना को शर्मनाक मानता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और केंद्र में भाजपा की सरकार है। सरकार की ओर से दावे बहुत किए जाते हैं, फिर भी बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद ऐसी घटना हो गई। सबसे बड़ी बात ये है कि ये घटना भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई।

बिहार के नतीजों के बाद छोटे दल तय कर सकते हैं अगली सरकार

पटना। बिहार में सत्ता की चाबी अक्सर उन दलों के पास चली जाती है, जिनकी विधानसभा में सीटें भले कम हों, लेकिन उनके पास ठोस सामाजिक आधार और स्थानीय प्रभाव होता है। इस चुनाव में यह तस्वीर एऔर स्पष्ट होती दिख रही है। एनडीए और महागठबंधन के अलावा कई छोटे दल भी जमीन पर सक्रिय हैं और उन्हें भरोसा है कि इस बार सरकार बनाने की कुंजी उनके हाथों में होगी।

2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 125 सीटें जीती थीं, जबकि महागठबंधन को 110 सीटें मिली थीं। परिणाम करीबी था और यहीं छोटे दलों की अहमियत

उभरकर सामने आई। एनडीए की जीत में मुकेश सहनी की VIP और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की भूमिका निर्णायक रही थी। दोनों दलों के चार-चार विधायक जीते थे। इसी तरह महागठबंधन में वाम दलों की हिस्सेदारी प्रभावशाली रही थी। सीपीआई-एमएल ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि CPI और CPM को दो-दो सीटें मिली थीं।

निर्दलीयों के खाते में भी गए वोट

छोटे दलों का महत्व सिर्फ सीटों से नहीं, बल्कि वोटों के बंटवारे से भी समझा जा सकता है। 2020 में RJD को 23.5%, BJP को 19.8%, कांग्रेस को 9.4% और वाम दलों को 4.7त्न वोट मिले थे। यह कुल मिलाकर करीब 57त्न होता है। शेष 43% वोट एनडीए और महागठबंधन के अन्य सहयोगी दलों, अलग चुनाव लड़ रहे छोटे दलों व निर्दलीयों के खाते में गए थे।

जदयू को बड़ा नुकसान पहुंचाया

इस चुनाव में छोटे दलों का दायरा और क्षमता, दोनों बढ़े हैं। एनडीए में चिराग पासवान की LJP वापसी कर चुकी है। पिछली बार LJP ने अलग राह अपनाकर 134 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। भले उसे तब जीत कम सीटों पर मिली, लेकिन उसने जदयू को बड़ा नुकसान पहुंचाया था। पार्टी को एनडीए ने 29 सीटें दी हैं। इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 6 सीटें मिली हैं।

मुकेश सहनी ने बदल लिया पाला

महागठबंधन की ओर देखें तो मुकेश सहनी ने पाला बदल लिया है और उनकी पार्टी को 15 सीटें दी गई हैं। वाम दलों की सीटें भी इस बार बढ़ी हैं। गठबंधन के भीतर इस बंटवारे का असर बड़े दलों पर दिख रहा है। जदयू में BJP पिछली बार के मुकाबले 9 कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि जदयू 14 कम सीटों पर। महागठबंधन में कांग्रेस की 9 सीटें और RJD की एक सीट कम हुई है। इस चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज पहली बार मजबूत तरीके से मैदान में है। पीके ने गांव-गांव पैदल यात्राएं की हैं और युवा व ग्रामीण वोटों में पैठ बनाने की कोशिश की है। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी भी बिहार में अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही है।

तेजस्वी ने नकारा एक्जिट पॉल्स, एनडीए की बढ़त बताया प्रॉपगेंडा

पटना। बिहार चुनाव में दो चरणों में ऐतिहासिक बंपर मतदान हुआ। अब एनडीए और महागठबंधन चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन मंगलवार को आए एक्जिट पॉल्स ने सबकी धड़कनें बढ़ा दी हैं। एक्जिट पॉल्स में एनडीए बंपर बढ़त दी है, जिसको महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने सीधे नकार दिया है। उन्होंने इसे प्रॉपगेंडा बताया। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि बिहार की जनता ने सरकार को बदलने के लिए बंपर वोटिंग

की है। हम सरकार बनाने वाले हैं। 18 नवंबर को शपथ लेंगे और उसके बाद अपने घोषणा पत्र के हर एक वादे को पूरा करने के लिए जुट जाएंगे। इस चुनाव में बेहद पॉजीटिव फीडबैक मिला है। 1995 में राजद पूर्ण बहुमत के साथ सरकार में आई थी। हमें बहुत अच्छा जन समर्थन मिला था। इस बार यह उससे भी बेहतर है। जनता बदलाव के आतुर है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के मरम्मत के 20 कार्य प्रगति पर, दिसंबर तक काम होंगे पूरे: कमलप्रीत

प्रदेशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का काम जोरों पर, पीडब्लूडी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने की राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बरसात की समाप्ति के बाद राज्यभर में राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का काम जोरों पर है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सभी सड़कों की मरम्मत का काम दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रगतिरत मरम्मत, नई सड़कों और नवीन परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों से कहा कि बरसात के बाद अभी सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों को गति देने का अच्छा समय है। इसका सदुपयोग करते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं और उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के दौरान ठेकेदारों से एसटीएमसी के सभी कम्पोनेन्ट्स के काम कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत के काम प्रारंभ हो चुके हैं, वे रूकने नहीं चाहिए। कार्यों को तेज गति से करते हुए दिसम्बर माह तक हर हाल में पूर्ण कराएं। विभागीय सचिव डॉ. सिंह ने राज्य में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों के प्राक्कलन, निविदा, कार्यादेश और कार्य प्रारंभ की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गों के अर्थ वर्कआगामी जनवरी माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की जरूरत वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के नए कार्यों में अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने कलेक्टरों के साथ समन्वय से काम करने को कहा। डॉ. सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चिन्हांकित ब्लैक-स्पॉट्स को सुधारने के लिए प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर लोगों की सुविधा के लिए समुचित मार्ग संकेतक लगाने को भी कहा। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 कटनी-गुलमा मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-45 रतनपुर-केंदा-केंवची मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-153 रायगढ़-सारंगढ़-सरायपाली मार्ग के विभिन्न खंडों की मरम्मत के लिए अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही इनके कार्यादेश भी जारी कर मरम्मत के काम शुरू किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव एस.एन. श्रीवास्तव, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप, अधीक्षण अभियंता एस.एस. माझी, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री जे.पी. तिग्गा, गोविंद अहिरवार, आर.के. खाम्बरा और रामाधार ताम्ब्रे भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

71.49 करोड़ के कार्यों के लिए अनुबंध कर मरम्मत कार्य शुरु

राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि राज्य शासन के अधीन राष्ट्रीय राजमार्गों में 88 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत के मरम्मत के 23 कार्य मंजूर किए गए हैं। इनमें से 71 करोड़ 49 लाख रुपए के कार्यों के लिए अनुबंध कर मरम्मत के कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130 अभनपुर-राजिम-गरियाबंद-देवभोग मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130बी, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-353 घोड़ारी-महासमुंद-बागबहरा-ओड़िशा सीमा, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-930, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-63 भोपालपटनम से जगदलपुर मार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 के विभिन्न खंडों में मरम्मत के काम प्रगति पर हैं।

न्यूज गैलरी

डॉ. श्रद्धा गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (नीट) रायपुर के गौरवशाली 16वें दीक्षांत समारोह में, मेधावी शोधार्थी डॉ. श्रद्धा गुप्ता को उनकी उत्कृष्ट शोध के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह समारोह नवंबर को दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया, जहाँ मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उन्हें यह प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई। डॉ. श्रद्धा गुप्ता बायोटेक्नोलॉजी विभाग की शोधार्थी थीं। उन्होंने अपना शोध डॉ. अवनीश कुमार और डॉ. डी. वसंत के कुशल पर्यवेक्षण में पूरा किया। उनका शोध कार्य बायोपॉलीमेरिक माइक्रोनीडल पैच के डिजाइन, निर्माण और जैविक दवा की ट्रांसडर्मल डिलीवरी के मूल्यांकन पर केंद्रित है। डॉ. श्रद्धा गुप्ता सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर मनहरण लाल गुप्ता (सारंगढ़/अवंती विहार, रायपुर) की सुपुत्री और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता स्वर्गीय देवेंद्र कुमार चौधरी (रायपुर) की पुत्रवधु हैं।

अखंड भारत के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कोटा से निकली यूनिटी मार्च

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने किया शुभारंभ युवाओं में दिखा जोश और देशभक्ति का उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के कोटा में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आदि शक्ति मां महामाया के दर्शन कर कोटा के लिए रवाना हुए। केंद्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा का शुभारंभ किया। विभिन्न मार्गों से निकली रैली ने एकता और अखंडता का संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी है, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

कोटा में यूनिटी मार्च का शुभारंभ राम मंदिर पड़ावपारा से हुआ, श्री राम मंदिर चौक पर यूनिटी मार्च के तहत आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन देशभक्ति, दृढ़ संकल्प और कर्मनिष्ठा का उदाहरण है। उन्होंने अपने कूटनीतिक कौशल और अदम्य साहस से सभी रियासतों का विलय कर भारत की एकता की नींव रखी। आज का भारत उनके सपनों का साकार रूप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवाओं को सरदार पटेल के जीवन मूल्य, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का समर्पण, दृढ़ता और निर्णय क्षमता आज भी भारत की एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने स्वदेशी अपनाने और एकता का सभी को संकल्प दिलाया। नगर पंचायत कोटा की अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने इस अवसर पर कहा कि 'लौह पुरुष सरदार पटेल का योगदान भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने जिस धैर्य और दूरदर्शिता के साथ देश की रियासतों का विलय कर अखंड भारत का निर्माण किया, वह सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनकी 150वीं जयंती पर पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है।

रैली में तिरंगा लिए युवाओं में दिखा उत्साह

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू द्वारा हरी झंडी दिखाते ही रैली नगर के मुख्य मार्गों पर निकली। सबसे आगे सरदार पटेल की प्रतिमा से सुसज्जित रथ, उसके पीछे बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़े, और लोक नृत्य सुआ व कर्मा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया।रैली में शामिल सैकड़ों छात्र-छात्राएं, युवा, एनएसएस, एनसीसी स्वयंसेवक, महिला समूहों और सामाजिक संगठनों के सदस्य हाथों में तिरंगा लिए 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'सरदार पटेल अमर रहें' का जयघोष करते रहे।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार: कौशिक

■ पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल ने स्वयं मतदाता पुनरीक्षण का फार्म भरकर बीएलओ को सौंपा

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अभियान के तहत श्री कौशिक ने स्वयं फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंपते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को विशेष पुनरीक्षण से संबंधित फार्म और पुरानी मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समय रहते अपने दस्तावेज जमा करें। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, और यह जरूरी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे स्वयं फॉर्म भरें और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सुचियों को त्रुटिहीन, सटीक बनाया जाना है, ताकि प्रत्येक योग्य नागरिक का मत सुरक्षित रूप से शामिल हो सके। उन्होंने कहा की भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र की जड़ो को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर पात्र मातदाता सूची में जुडा रहे और अपात्र नाम हटाए जाए।

ट्रेन मैनेजरों की दशकों पुरानी मांगें अब भी पूरी नहीं

■ ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल ने रेल मंत्रालय से की तत्काल हस्तक्षेप की अपील

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेल के ट्रेन मैनेजर (गार्ड) लंबे समय से अपनी लंबित मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल ने एक बार फिर रेल मंत्रालय से पत्र के माध्यम से अपनी नौ प्रमुख मांगों पर शीघ्र और न्यायसंगत कार्रवाई की अपील की है। काउंसिल ने कहा कि इन शिकायतों में से कुछ लगभग दो दशकों से अनसुलझी हैं, जिसके चलते ट्रेन मैनेजरों का मनोबल प्रभावित हुआ है और उन्हें व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। काउंसिल ने मंत्रालय से अनुरोध किया है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करते हुए इन लंबित मांगों का समाधान सुनिश्चित करे। काउंसिल ने कहा है कि वित्त मंत्रालय द्वारा 3 नवंबर 2025 को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की अधिसूचना जारी की जा चुकी है, लेकिन इसके प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक मंत्रालयिक और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति तथा कार्यालय स्थान अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। परिषद ने मांग की है कि इसका शीघ्र प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। काउंसिल ने बताया कि 2006 में पार्सल स्पेस लीजिंग योजना शुरू होने के बाद सहायक गार्ड का पद अप्रासंगिक हो चुका है। 2012 में रेलवे बोर्ड ने भी ऐसे पदों को समर्पित करने का निर्देश दिया था, फिर भी यह पद आधिकारिक अभिलेखों में बना हुआ है। परिषद ने इसे तत्काल रिकॉर्ड से हटाने की मांग की है। पिछले 20 वर्षों से ट्रेन मैनेजर अपने वेतनमान के पुनर्निर्धारण की मांग कर रहे हैं। काउंसिल ने अनुरोध किया है कि गुड्स गार्ड के प्रवेश स्तर का वेतन ?4600 ग्रेड पे, सीनियर गुड्स गार्ड का ?4800, पैसेंजर ग्रेड का ?5400 और मेल/एक्सप्रेस ग्रेड में आनुपातिक वृद्धि की जाए। काउंसिल ने कहा कि एमएसीपी से संबंधित रेलवे बोर्ड के पुराने आदेश (आरबीई 101/2009 व आरबीई 25/2011) न्यायिक समीक्षा में अमान्य पाए गए हैं।

28% रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए

काउंसिल ने कहा कि भारतीय रेलवे में ट्रेन मैनेजरों के लगभग 28% पद रिक्त हैं, जिससे कार्य का दबाव बढ़ गया है और कर्मचारियों को लंबे समय तक लगातार ड्यूटी करनी पड़ रही है। कई ट्रेन मैनेजर अपने सामाजिक दायित्वों, त्योहारों और पारिवारिक आयोजनों से भी वंचित हो रहे हैं। परिषद ने इन रिक्तियों को युद्धस्तर पर भरने की मांग की है।

उच्चभिट्ठी समपार मरम्मत कार्य के लिए रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत किरोड़ीमलनगर यार्ड में स्थित 594/07-09 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 293 (उच्चभिट्ठी) को 16, 17 एवं 18 नवम्बर को रात्रि 10 बजे से सुबह 8 बजे तक वार्षिक मरम्मत कार्य करने हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग पास में ही स्थित जिंदल अंडर पास व मुरारीपाली अंडर पास से उपलब्ध है।

डीएवी गोढ़ी में वन्देमातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर विविध आयोजन

बिल्हा /नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में वन्देमातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर वंदे मातरम को समर्पित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया जिसमें निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद पोस्ट निर्माण, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, भाषण इत्यादि। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि 'वंदे मातरम' – यह मात्र दो शब्द नहीं हैं, बल्कि यह उन करोड़ों देशभक्तों की भावनाओं की गूंज है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस मातृभूमि को आज़ाद करवाया।यह अमर पंक्ति बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपनी प्रसिद्ध कृति 'आनंदमठ' में लिखी थी। जब भारतीय जनमानस पर अंग्रेज़ी हुकूमत का अंधकार छाया हुआ था, तब 'वंदे मातरम' एक ऐसी मशाल बनकर उभरा जिसने देशवासियों के हृदय में स्वतंत्रता की ज्योति जलाई।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जब भी क्रांतिकारी नारे लगाते थे 'वंदे मातरम!' तो मानो पूरी धरती माँ के जयघोष से गूंज उठती थी। यह गीत हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, बल्कि माँ है जो हमें जन्म देती है, पोषण करती है, और हमारी रक्षा करती है।हमें यह प्रण लेना चाहिए कि 'वंदे मातरम' केवल नारा नहीं, बल्कि हमारे जीवन का मार्गदर्शन बने। हम अपनी मातृभूमि के प्रति वही समर्पण, वही प्रेम और वही गौरव बनाए रखें, जो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने दिखाया था। उपर्युक्त कार्यक्रम भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के दिशा निर्देशन में विद्यालय के प्राचार्य के मार्दशन में शिक्षक आशीष सोनी एवं शिक्षिका इंदुलता सोनी ने कराया। तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

कवियों ने डीएलएस में किया युवा जागरण का शंखनाद

डीएलएस कॉलेज में हिन्दी विभाग ने किया आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश।डी एल एस महाविद्यालय के हिन्दी-विभाग द्वारा आरोहण कार्यक्रम के अंतर्गत युवा जागरण, समाज सुधार, राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से राज्य के शीर्षस्थ कवियों द्वारा काव्य पाठ का आयोजन डॉ विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के मुख्य आतिथ्य व सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि रामेश्वर वैष्णव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसमें मीर अली मीर, संजय कबीर शर्मा रायपुर , कृष्णा भारती, राजेन्द्र मौर्य, छंदाचार्य कवि डॉ बृजेश सिंह , डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे व रश्मि रामेश्वर गुप्ता ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने महाविद्यालय को छत्तीसगढ़ का शोधपीठ व साहित्यिक सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विकसित करने की बात कही।स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने संस्थापक अध्यक्ष स्व बसंत शर्मा जी का स्मरण करते हुए उनके विज़न के आधार पर कॉलेज के प्रयत्नों को रेखांकित किया। चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा ने कवियों और साहित्यकारों का अभिनन्दन करते हुए युवा पीढ़ी को इनसे सीखने और मार्गदर्शन लेने को प्रेरित किया। अध्यक्षीय उदबोधन में कवि रामेश्वर वैष्णव ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि साहित्य संस्कार देता है जीवन को नयी दिशा देता है। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति रश्मि रामेश्वर गुप्ता एवं डॉ बृजेश सिंह ने प्रस्तुत किया।

भातखंडे संगीत महाविद्यालय की हीरक जयंती, सुरों की साधना के 75 वर्ष पूरे

बिलासपुर/नवप्रदेश। संगीत की सुरमयी परंपरा और साधना के प्रतीक भातखंडे संगीत महाविद्यालय ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर 76वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस गौरवशाली अवसर पर महाविद्यालय द्वारा 'हीरक जयंती समारोह' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह समारोह 15, 16 और 17 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से शहर के संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की मधुर दुनिया में ले जाएंगे। समारोह की जानकारी बिलासपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक संचालक डॉ. विपुल चक्रवर्ती, प्राचार्या ममता चक्रवर्ती एवं अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

कार्यशाला 'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' का राजीव गांधी विवि के कुलपति प्रो जयदेव व राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के मुख्य संपादक व संयुक्त निदेशक ने किया उद्घाटन

अरुणाचल प्रदेश का हिंदी के क्षेत्र में कार्य सराहनीय, साहित्यकार, कवि निरंतर हिंदी में लेखन कर रहे: साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की पहली बार हिंदी के रचनाकारों की 'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' का आयोजन राजीव गांधी विश्वविद्यालय, दोईमुख, ईटानगर में 12 से 14 नवंबर को राजीव गांधी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग तथा नेशनल बुक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज 12 नवंबर को विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा विभाग में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जयदेव साहू तथा राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के मुख्य संपादक एवं संयुक्त निदेशक कुमार विक्रम ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया।

'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' के उद्घाटन के दौरान मुख्य संपादक एवं संयुक्त निदेशक कुमार विक्रम ने न्यास की परंपरानुसार कार्यशाला में आए विद्वानों तथा लेखकों को पुस्तकें भेंट व शॉल ओढ़कर स्वागत किया। कार्यशाला का संचालन कार्यशाला प्रभारी डॉ. ललित किशोर मंडोरा ने किया। 'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जयदेव साहू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में इस तरह की नवसाक्षरों के लिए किया गया प्रयास सराहनीय है। अरुणाचल प्रदेश हिंदी के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है, यहाँ के साहित्यकार, कवि निरंतर हिंदी में लेखन कर रहे हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट का ध्यान इस ओर गया और राजीव गांधी विश्वविद्यालय का चयन आयोजन के लिए किया है, यह सराहनीय प्रयास हैं। नवसाक्षरों के लिए पठन-पाठन का माहौल बनेगा।

'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' की भूमिका तथा उद्देश्य पर बात करते हुए न्यास के मुख्य संपादक एवं संयुक्त निदेशक कुमार विक्रम ने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि न्यास अरुणाचल प्रदेश में एक 'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' का आयोजन हिंदी विभाग के सहयोग से कर रहा है।

नवसाक्षरों के लिए प्रयास सराहनीय : पंकज

'नवसाक्षर लेखन कार्यशाला' के विषय-विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि न्यास का कार्य बहुत विस्तृत है। न्यास ने नवसाक्षरों के लिए जो प्रयास किए हैं, वह सरहनीय हैं, कई अच्छे पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जो विश्व स्तर पर सराही गई हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट ने अपने स्थापनकाल से ही प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया है। इसी क्रम में आज राजीव गांधी विश्वविद्यालय के परिसर में नव साक्षरों के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, हमें भी आप सबसे कुछ नया सीखने को मिलेगा।

सुविचार

अपने हौसलों को कभी मत बताओ कि तकलीफकितनी बड़ी है हां तकलीफें को जरूर बताओ कि तुम्हारा हौसला कितना बड़ा है। - अज्ञात

एग्जिट पोल में एनडीए की बल्ले बल्ले

बिहार विधानसभा के लिए दूसरे चरण का मतदान होने के बाद आये आये 16 एग्जिट पोल ने बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने का पूर्वानुमान लगाया है। एग्जिट पोल के मुताबिक बिहार में एनडीए की बल्ले बल्ले होने जा रही है। वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के मतदाताओं की पहली पसंद बनकर ऊभर रहे हैं। गौरतलब है कि नीतीश कुमार पिछले 20 सालों से बिहार के मुख्यमंत्री पद पर काबिज हैं इसलिए इस बार महागठबंधन ने उनकी सरकार के खिलाफ एन्टीइंकमबेन्सी चलने का दावा किया था और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थे किन्तु एग्जिट पोल के मुताबिक महागठबंधन को करारी शिकस्त मिलने जा रही है। महागठबंधन यदि सौ सीटें भी हासिल कर ले तो यह उसके लिए बहुत बड़ी बात होगी। अधिकांश एग्जिट पोल एनडीए को स्पष्ट बहुमत दे रहे हैं। वहीं कुछ एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को डेढ़ से दो सौ सीटें तक मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि पिछले कुछ चुनावों के दौरान एग्जिट पोल के पूर्वानुमान कई बार गलत भी साबित हुए हैं लेकिन अधिकांश बार एग्जिट पोल सत्यता के निकट भी रहे हैं। फिर बिहार में सभी सोलह एग्जिट पोल एनडीए की स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनने का अनुमान लगा रहे हैं। इसलिए यह माना जा सकता है कि बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह बिहार की महिला मतदाताओं का एनडीए के पक्ष में मतदान करना है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार की सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिहार में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कारगर कदम उठाये थे जिसकी वजह से महिलाओं ने इस बार भी एनडीए के पक्ष में मतदान दिया है। एक अनुमान के मुताबिक 70 प्रतिशत महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया है। बिहार के पहले चरण और दूसरे चरण के मदतान में इस बार बंपर वोटिंग हुई है और इसमें भी महिलाओं ने बढ़चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया है इसलिए यह कहा जा सकता है कि यदि एग्जिट पोल के पूर्वानुमान सही साबित होते हैं तो बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनाने में वहां की नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बिहार के भारी मतदान को महागठबंधन के नेता परिवर्तन की लहर बता रहे थे और अपनी सरकार बनने का बढ़चढकर दावा कर रहे थे क्योंकि पूर्व में ऐसा हुआ है कि जब औसत से ज्यादा मतदान होता है तो वहां सत्ता परिवर्तन हो जाता है किन्तु इसका कई बार अपवाद भी देखने को मिला है और बिहार में भी बंपर वोटिंग सरकार के पक्ष में ही हुई नजर आ रही है। यह बात अलग है कि राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेता एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को नकार रहे हैं उनका कहना है कि एग्जिट पोल के पूर्वानुमान पहले भी गलत साबित हुए हैं और इस बार बिहार में भी ये सारे पूर्वानुमान ध्वस्त हो जाएंगे और प्रचंड बहुमत से महागठबंधन की सरकार बनेगी किन्तु एक भी एग्जिट पोल ने बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने का अनुमान नहीं लगाया है इस लिहाज से यह स्पष्ट है कि भले ही सीटों की संख्या कुछ कम या ज्यादा हो जाए लेकिन बिहार में एनडीए की सरकार बनना लगभग तय है।

नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में पहुंच रहे हैं। सुरक्षाबल के जवान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग अभियान चला रहे हैं और ऐसे ही एक अभियान के तहत बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियो के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली। जब उसने मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों सहित छह नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया। इसमें मोस्ट वांटेड मावबादी पापाराव की पत्नी उर्मिला भी शामिल है। जिस पर लाखों का इनाम था। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की इस कार्यवाही को एक बड़ी सफलता बताते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश को नक्सलवाद की समस्याा से मुक्त करने का केन्द्र सरकार ने जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और अब नक्सलियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। वहीं बस्तर क्षेत्र के आईजी सुंदरराज ने कहा है कि अब माओवादी संगठन सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव के कारण दिशाहीन और नेतृत्व विहीन हो गया है और सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव के कारण उनका मनोबल भी टूट रहा है जल्द ही उनका बस्तर से पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ जीवन में आप एक व्रत बनाइए- 'सबसे रचिए सबसे बसिए सबका लीजिए नाम, हां जी हां जी करते रहिए पर बैठे अपने प्रभु के धाम।'

❖ निरर्थक जगह निरर्थक प्रयत्न नहीं करना चाहिए। 1 जैसे वेद अगम्य हैं, जैसे परमात्मा अगम्य हैं वैसे गुरू भी अगम्य है। तुम्हारे माप के अंदर संभव ही नहीं कि गुरू आ जाए।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1831 स्कॉटलैंड के भौतिकशास्त्री तथा गणितज्ञ मैक्सवेल का जन्म हुआ। 1849 पीटर बर्नेट कैलिफोर्निया के पहले गवर्नर नियुक्त किये गये। 1849 कैलिफोर्निया के संविधान को एक आम चुनाव में स्वीकृति दी गई। 1864 यूनान के नए संविधान को स्वीकार किया गया। 1887 मध्य लंदन में खूनी रविवार संघर्ष हुआ। 1903 संयुक्त राज्य अमेरिका ने पनामा की आजादी को स्वीकार किया। 1909 अमेरिका के इलिनोइस प्रांत के चेरी में सेंट पॉल कोयला खदान में आग लगने से 259 कर्मियों की मौत हो गयी। 1914 ज़ियान वॉर-ज़ियान बर्बर आदिवासियों ने अल हेर्री की लड़ाई में मोरक्को में फ्रांसीसी सेना को स्थानांतरित कर दिया। 1934 फ्रांसीसी सरकार ने फ्रांसीसी मुद्रा, फ्रांस की स्थिरता को बनाए रखने के अपने उद्देश्य को बताया है। 1946 मैसाच्युसेट्स में प्राकृतिक बादल से पहली बार कृत्रिम बर्फबनाई गई।

योगेश कुमार गोयल

अपराधियों को पकड़ने और दोषियों को सजा दिलाने में किसी भी तरह की देरी इस देश की न्यायिक साख पर सवाल उठाएगी। हमारी प्राथमिकता इस समय तीन दिशाओं में होनी चाहिए, पीड़ितों के प्रति संवेदना, जांच में निष्पक्षता और भविष्य के लिए सबक। लाल किले के पास हुआ यह धमाका चेतावनी है कि सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर नागरिक की जागरूकता, तकनीकी सशक्तता और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ ही साकार किया जा सकता है। यह समय दोषारोपण का नहीं बल्कि आत्ममंथन का है, यह सोचने का कि क्या हम सुरक्षा के हर स्तर पर सचमुच उतने सजग हैं, जितना एक जिम्मेदार राष्ट्र को होना चाहिए। दिल्ली की हवा में आज केवल धुआं नहीं बल्कि चिंता और सवाल तैर रहे हैं और जब तक इन सवालों का जवाब तथ्यों, साक्ष्यों और न्याय की कसौटी पर नहीं मिलता, तब तक यह विस्फोट केवल एक हादसा नहीं रहेगा बल्कि हमारी सामूहिक चेतना पर लगी गहरी चोट की तरह याद किया जाएगा। देश उम्मीद कर रहा है कि जांच एजेंसियां सच्चाई को उजागर करते हुए दोषियों को बेनकाब करेंगी और दिल्ली फिर से वही शहर बनेगी, जो हर संकट के बाद और मजबूत होकर उठ खड़ी होती है।

लाल किला हादसा : सुरक्षा के घेरे में असुरक्षा

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए भयानक धमाके ने न केवल देश की राजधानी दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया। शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मैट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास एक तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई, आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गई और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सैकेंडों में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। विस्फोट की तीव्रता ने न केवल वाहनों को चूर-चूर किया बल्कि लाल किला और आसपास की इमारतों तक को हिला दिया, आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए और लोगों के दिलों में एक बार फिर वही पुराना भय लौट आया, वह भय जो दिल्ली ने 2001, 2005, 2008 और 2011 के धमाकों के दौरान महसूस किया था। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई है जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। आनन-फानन में जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुट गई कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुई। जांच एजेंसियों के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं।

दिल्ली-एनसीआर और पुलवामा में लगातार छापेमारी से अलफलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर आतंकी डॉ. उमर नबी दबाव में आ गया था। वह फरीदाबाद से जल्दबाजी में अधूरा तैयार आईईडी लेकर कार से निकला, जिससे धमाका हुआ। इसलिए धमाके का असर सीमित रहा और क्रेटर या छर्रे नहीं मिले। धमाके वाले दिन, आई20 कार लाल किला पहुंचने से पहले दिल्ली के कई इलाकों से गुजरी थी। कार दोपहर ढ़ाई बजे कनॉट प्लेस पहुंची और कुछ देर बाद वहां से निकल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार में विस्फोट सामाग्री वही थी, जो फरीदाबाद से जब्त की गई है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़ा है, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और यूपी में सक्रिय है। इस मामले में गिरफ्तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. शाहीन शाहिद ने स्वीकार किया है कि वह अपने साथी आतंकी डॉक्टरों के साथ मिलकर देशभर में हमलों की साजिश रच रही थी। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह पिछले दो सालों से विस्फोटक जमा कर रही थी।

लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है। इसकी दीवारों पर हर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण गूंजता है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप हुआ यह धमाका सुरक्षा व्यवस्था के सबसे गहरे स्तरों तक प्रश्न खड़े करता है। सवाल यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद राजधानी के दिल में यह घटना कैसे घट गई? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में लाल किला सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां नियमित रूप से सीसीटीवी, ड्रोन और बीट पैट्रोलिंग की जाती है। फिर भी यदि इस स्तर का विस्फोट हो सकता है तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि सुरक्षा मानसिकता की जड़ता का भी संकेत है। यह दर्शाता है कि हम अब भी उस सुरक्षित भ्रम में जी रहे हैं, जहां खतरे को हमेशा दूर मान लिया जाता है, जब तक कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक नहीं देता। इस धमाके की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज बहुत दूर तक सुनाई दी और आसपास के वाहनों में आग फैल गई, फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

दिल्ली में ऐसा धमाका करीब 13 वर्षों बाद हुआ है। फरवरी 2012 में इजराइली राजनयिकों को निशाना बनाकर हुए बम धमाके के बाद से राजधानी अपेक्षाकृत शांत रही थी। उससे पहले 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाईकोर्ट गेट नंबर-5 के पास हुए धमाके में 15 लोग मारे गए थे। 2008 के सिलसिलेवार धमाकों में तो दिल्ली का दिल ही दहल गया था, जब करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश जैसे इलाकों में मौत और तबाही की कहानियां लिखी गई थी। उससे पहले 29 अक्तूबर 2005 को दीवाली से दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में एक साथ तीन धमाके किए थे, जिनमें 60 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। यह लंबा इतिहास बताता है कि दिल्ली हमेशा से आतंकवादियों के निशाने पर रही है क्योंकि यह न केवल सत्ता का केंद्र है बल्कि देश की आत्मा है।

लाल किले के पास हुआ यह विस्फोट उस समय हुआ, जब फरीदाबाद में करीब तीन हजार किलो संदिग्ध विस्फोटक बरामद हुआ था। एक कश्मीरी डॉक्टर के किराए के मकान से 360 किलो विस्फोटक, हथियार और टाइमिंग डिवाइस बरामद किए गए थे। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिनमें मेडिकल प्रोफेशनल्स और मौलवी भी शामिल बताए गए। इन दोनों घटनाओं के बीच कड़ियां जुडने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कोई गहरी साजिश पनप रही थी, जिसे शायद पूरी तरह रोका नहीं जा सका। इस हादसे ने एक बार फिर सवाल उठाया है कि क्या हमारी खुफिया प्रणाली में समय रहते चेतावनी देने की क्षमता घट रही है? क्या सूचनाओं का साझा तंत्र अब भी कागजी प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है? सुरक्षा केवल हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेटों या बड़ी टीमों से नहीं आती, यह निरंतर सतर्कता, सामुदायिक सहयोग और त्वरित इंटेलिजेंस साझा करने से बनती है। यदि फरीदाबाद जैसी घटनाओं के बाद तत्काल सतर्कता बढ़ाई जाती और वाहन जांच प्रणाली में रैंडम सर्च बढ़ाई जाती तो शायद यह विस्फोट टल सकता था।

बहरहाल, पीड़ितों के परिवारों के लिए यह दर्द केवल आंकड़ों का मामला नहीं बल्कि उनके लिए यह जीवन के उजाले का बुझ जाना है। अस्पतालों में घायल तड़प रहे हैं, कुछ ने अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए खो दिया। प्रशासन के लिए यह करुणा और जिम्मेदारी की सबसे कठिन परीक्षा है। सरकार को त्वरित राहत, मुआवजा और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करनी होगी।

एग्जिट पोल ने दिए बिहार में एनडीए की वापसी के संकेत

- महेन्द्र तिवारी

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का माहौल एक बार फिर राजनीतिक तापमान को चरम पर ले आया है। मतगणना से पहले आए एग्जिट पोल नतीजों ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि राज्य में सत्ता की बागडोर एक बार फिर से एनडीए गठबंधन के हाथों में जा सकती है। लगभग सभी प्रमुख सर्वे एजेंसियों ने एनडीए को बहुमत से कहीं अधिक सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है, जबकि महागठबंधन पिछड़ता हुआ दिख रहा है। यह स्थिति बिहार की राजनीति में एक बार फिर उस निरंतरता को दर्शाती है, जो नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास, सुशासन और स्थिरता के नाम पर वर्षों से कायम है।

243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए इस बार का चुनाव दो चरणों में संपन्न हुआ। दूसरे और अंतिम चरण में मतदान का प्रतिशत 67.14 तक पहुँचा, जो अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। इतनी बड़ी संख्या में जनता का मतदान करना इस बात का प्रमाण है कि बिहार का मतदाता अब राजनीति को लेकर पहले से कहीं अधिक जागरूक, विचारशील और निर्णायक बन चुका है। मतदान के तुरंत बाद जारी हुए सात प्रमुख एग्जिट पोल्स में से लगभग सभी ने एनडीए को 147 से 167 सीटों के बीच पहुँचने का अनुमान दिया है, जबकि महागठबंधन को 70 से 102 सीटों तक सीमित बताया गया है। प्रशांत किशोर की नई पार्टी 'जन सुराज' को उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न करते हुए नगण्य सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। इस बार का चुनाव कई मायनों में खास रहा। एक ओर जहाँ एनडीए ने अपने विकास कार्यों, कल्याण योजनाओं और जातिगत समीकरणों को मजबूती से साधे रखा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष बेरोजगारी, पलायन और महंगाई जैसे पुराने मुद्दों के सहारे जनसमर्थन जुटाने की कोशिश में लगा रहा। नीतीश कुमार ने अपनी छवि की विकासपुरुष और सुशासनबाबू के रूप में एक बार फिर स्थापित करने की पूरी रणनीति अपनाई।बीजेपी, लोक जनशक्ति पार्टी और हिंदुस्तान अवामी मोर्चा जैसे सहयोगी दलों ने मिलकर पूरे राज्य में एक संगठित अभियान चलाया, जिसका असर मतदान प्रतिशत और जनमत दोनों में दिखाई दिया।

महागठबंधन, जिसके केंद्र में इस बार भी तेजस्वी यादव थे, ने युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने जैसे वादों पर जोर दिया, परंतु उसका प्रभाव सीमित क्षेत्रों तक ही सिमटा रहा। ग्रामीण इलाकों और युवा मतदाताओं में एनडीए की अपील इस बार कहीं अधिक दिखी। खासकर प्रवासी मतदाता, जिन्होंने कोरोना काल और उसके बाद के आर्थिक संकट का सामना किया था, वे स्थिर शासन और निरंतर विकास की आशा में फिर उसी दिशा में झुकते नजर आए। दूसरी तरफ प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी, जो शुरुआत में राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनी थी, अंततः आम वोटर के बीच कोई ठोस पहचान नहीं बना सकी।

इस चुनाव का एक उल्लेखनीय पहलू यह भी रहा कि प्रशासनिक स्तर पर चुनाव आयोग ने बेहद सख्त और पारदर्शी प्रबंधन किया। नेपाल सीमा को 72 घंटे तक सील कर देना और सीमावर्ती जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती ने न केवल मतदान को शांतिपूर्ण बनाया, बल्कि इससे मतदाताओं में सुरक्षा की भावना भी बढ़ी। इसका नतीजा यह हुआ कि लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

एग्जिट पोल्स के रुझानों को देखकर राजनीतिक विश्लेषक यह मानने लगे हैं कि बिहार की जनता ने इस बार भी स्थिरसरकार और विकासकीनिरंतरता को प्राथमिकतादी है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों में बिहार ने बुनियादी ढाँचे, सड़क, बिजली, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो सुधार देखे हैं, वे अब राज्य की राजनीति की मूल पहचान बन चुके हैं। यही वजह है कि कई मतदाता जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर मतदान करते दिखाई दिए।

हालांकि यह भी ध्यान देने योग्य है कि एग्जिट पोल्स हमेशा अंतिम सच्चाई नहीं होते। 2020 के विधानसभा चुनावों में भी अधिकतर सर्वे एजेंसियों ने महागठबंधन को बढ़त दी थी, लेकिन अंतिम नतीजों में एनडीए ने सरकार बनाई। इसलिए 14 नवंबर को जब मतगणना होगी, तब ही असली तस्वीर साफ़होगी। फिर भी, वर्तमान परिदृश्य यह संकेत दे रहा है कि नीतीश कुमार और एनडीए गठबंधन ने अपनी पकड़ अभी भी मजबूत बनाए रखी है। राजनीतिक रूप से यह चुनाव कई शिक्षाएँ भी छोड़ जाएगा। पहली–बिहार में अब सिर्फ जातीय समीकरणों से सत्ता नहीं मिल सकती; जनहित की योजनाएँ और ठोस कामकाज ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। दूसरी–युवा और महिला मतदाता अब चुनावी गणित को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्यों इश्क करना

क्यों इश्क करना उसे महंगा पड़ा फिर निगाहों का कड़ा पहरा पड़ा यार मेरा हो गया जो बाबला जब शरारत की तभी डण्डा पड़ा वो समझता क्यों नहीं समझाने से इसलिए किस्मत पे अब ताला पड़ा प्यार मेरा जो हमेशा से रहा भूल अपना आज जो डूबा पड़ा मैं बना सजना लगा लूँगी गले क्योंकि पीछे आज ज्यादा पड़ा जब चढ़ा उसको इश्क का फिर ज्वर इसलिए फिर आज वो औंधा पड़ा साथ उसके ही रहूँगी आज मैं क्योंकि मेरे साथ ही पाला पड़ा।

- मधु त्रिवेदी

मुहब्बत की कोई

मुहब्बत की कोई मंज़िल नहीं है, अगर मजबूत तेरा दिल नहीं है। समंदर का हरम साहिल नहीं है, अगर मंझधार भी शामिल नहीं है। लड़ाई क़ौमों में होती रहेंगी, कहेगा कौन वे जाहिल नहीं हैं। करोगे काम कोई बिन डरे तो, सफलता का सफ़र मुश्किल नहीं है। हवाओं ने इशारों से कहा ये, चरागों का वतन बुजदिल नहीं है। वो आरक्षण के दम ऊंचा उठा है, वो वरना इतना भी क़ाबिल नहीं है। हसीनों की अदाएं देखने को, मुझे हासिल कोई महफ़िल नहीं है।

- डॉ संजय दानी

शाम अभी ढली नही सुबह अभी हुई नहीं

शाम अभी ढली नही सुबह अभी हुई नही आओ करें इंतजार गुनगुनी सी धूप में ठंडी-ठंडी बयार का ढलती हुई शाम का धुंधली सी सुबह का रूठी सी चांदनी में खोये से चाँद का फूलों के मौसम में झूमती बहार का... **- संध्या शर्मा**

किया नहीं था जानकर, हुआ मगर

किया नहीं था जानकर, हुआ मगर ये पाप। गलती पर यदि खास की,रहे आप चुपचाप।। ज्ञानी की उस बात पर, होता बहुत मलाल। मंदबुद्धि की भाँति जब,करता वही सवाल।। **- रमेश शर्मा**

नोटबन्दी और लॉक डाउन दो ऐसे

नोटबन्दी और लॉक डाउन दो ऐसे प्रयोग थे जिसके माध्यम से देशवासियों के धैर्य की परीक्षा ली गई जब दोनों ही मामलों में काफी दर्द और सब कुछ खोने के बाद भी लोगों का सब्र नही टूटा तो उसके सुखद परिणाम को देख अब सरकार को भरपूर ताकत मिल गई ऐसा मुझे लगता है। **- संत आर थवाइत**

आतंकवादियों को तो पकडेगी पुलिस



आतंकवादियों को तो पकडेगी पुलिस लेकिन ऐसे लोगों को भी पकड़ कर अच्छी तरह कूटे जो लोग दिल्ली ब्लास्ट के बाद लिख रहे हैं कि बिहार में चुनाव है इसलिए सरकार ने यह कराया है। इन बेशर्मों को बस मजे लेने हैं न इन्हें देश से मतलब न लोगों से।इन्हें बस बकवास करनी है। **- दिव्या राकेश शर्मा**

इश्क़ दोनो का मुक़म्मल कर दे,

इश्क़ दोनो का मुक़म्मल कर दे, हो जा पागल,मुझे पागल कर दे। खूवाब में भेज दे खुशबू अपनी, मेरी आंखों को तू संदल कर दे। दिल के दरिया में कोई कंकड़ फेंक, और उस पानी में हलचल कर दे। अपने ग़म की समेट कर स्याही, मेरी आँखों का तू काजल कर दे। खुद को तू रंग ले मेरे जैसा, अपने जैसा मुझे श्यामल कर दे। ये जो बदले की सियासत है 'कमल', सारी दुनिया को न मक़तल कर दे। **- रूबी झा 'कमल'**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आप की आशाओं के विपरीत रहने वाला है दिन के आरंभिक भाग को छोड़ के समय व्यथा भ्रमण आर्थिक कारणों से मानसिक क्लेश एवं प्रियजनों का विरोध देखना पड़ेगा ।

वृषः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदाई है आज दिन के पहले भाग में जिस मनोकामना को लेकर कार्य करेंगे मध्यान्ह बाद उसके पूर्ण होने पर उत्साह बढ़ेगा।

मिथुनः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा दिन का प्रथम भाग तो शांति से व्यतीत हो जाएगा लेकिन मध्यान्ह बाद से विभिन्न प्रकार की मानसिक बेचैनी बनेगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए आनन्द दायक रहेगा लेकिन आज स्वभाव से जिद को दूर रखना पड़ेगा अन्यथा आप जिस लाभ के अधिकारी हैं उस में कुछ ना कुछ कमी अवश्य आएगी ।

सिंहः आज के दिन की परिस्थितियां भी हानिकारक बनी हुई है आज आप जिस के कार्य को हाथ में लेगें अथवा जो भी नया कार्य आरंभ करने का मन बनाएंगे।

कन्याः आज का दिन आपको सुख एवं सम्मान की प्राप्ति कराएगा आज जिन कामों को करने से अन्य लोग संकोच करेंगे आपको उन्हीं कामों को करने में आनंद आएगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए मिला जुला फल देने वाला है दिन के पहले भाग मे पहले मिली असफलता अथवा किसी पुराने प्रसंग को लेकर दिमाग गरम रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आर्थिक विषयों को छोड़ अन्य सभी प्रकार से सभी कार्यों में आपकी आशा के अनुकूल रहेगा दिन का आरंभ परिजनों के साथ मौज मस्ती का वातावरण मिलने से मानसिक रूप से शांति भरा रहेगा।

धनुः आज दिन के आरंभ से मध्यान्ह तक मन में किसी न किसी कारण से भय बना रहेगा सुख की कमी आज हर क्षेत्र में अनुभव होगी।

मकरः आज के दिन आप यदि लक्ष्य बनाकर कार्य करेंगे तो सोची हुई योजनाएं अवश्य ही सफल होंगी आर्थिक लाभ पाने के लिए आज दिन के आरंभ से ही जोड़-तोड़ करना आरंभ करेंगे।

कुंभः आज के दिन वैसे तो आप प्रत्येक क्षेत्र में बुद्धि विवेक एवं धैर्य का परिचय देंगे लेकिन कुछेक घरेलू मामलों में धैर्य नहीं रख पाएंगे विशेषकर आज माता से किसी बात पर कहा सुनी हो सकती है सार्वजनिक क्षेत्र पर शक्ति में वृद्धि होगी ।

मीनः आज का दिन बीते कल की तुलना में आरामदायक रहेगा बुद्धि विवेक आने से पूर्व में की गई गलतियों का पश्चाताप करें लेकिन स्वभाव में थोड़ा अहम रहने के कारण जल्दी से गलती नहीं मानेंगे ।

QUIZ TIME

1) मध्यप्रदेश के किस जिले में विजय कुमार इंटरनेशनल ने डायमंड कटिंग एण्ड पॉलिशिंग प्लांट की स्थापना की है?

2) वन्यजीव संरक्षण के संबंध में दिए जाने वाले अमृता देवी राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत कब की गई थी?

3) इस्लाम धर्म अपनाने वाले भीलों को क्या नाम दिया गया है?

4) किस जनजाति के लोगों को औषधियों से संबंधित अच्छी जानकारी होती है?

5) फ्रांस के सबसे कम आयु के प्रधानमंत्री कौन है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) धार (2) 2013 (3) तड़वी (4) बैगा (5) गैब्रियल अटल

शब्द सागर

अनुशासित और समय के पाबंद होंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी : राज्यपाल डेका

राज्यपाल कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अनुशासित और समय के पाबंद होगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। जीवन में पूर्णविराम नहीं है, अपनी यात्रा सभी को पूरी करनी है, गिरकर हार नही मानें, उठें और आगे बढ़ें।

राज्यपाल श्री डेका आज नवा रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर, वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के विद्यार्थियों को उपाधि एवं पदक वितरित किए। इस अवसर पर 150 शोधार्थियों को पी.एच.डी उपाधि, 1500 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि एवं 2500 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधा भी लगाया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन की दूसरी पारी शुरू हो रही है। आगे का दिन उनका संघर्ष का होगा, अनेक बाधाएं आएंगी। बीते

राज्यपाल ने कहा कि

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका है। इसके लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच सतत् चर्चा होनी चाहिए। एन.ई.पी.के बारे में विद्यार्थियों को संपूर्ण जानकारी हो। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक और गुरू में अंतर होता है। गुरू शब्द का अर्थ विस्तृत है। आप गुरू बनिए शिक्षक नहीं । अपने अनुभव और ज्ञान से युवाओं का मार्गदर्शन करें।श्री डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय में सकारात्मक वातावरण रखें। नवाचार पर बहुत कार्य हो रहे है। सरकार भी इसके लिए मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि मानव, पशु और प्रकृति के बीच में संतुलन रखना बहुत आवश्यक है। तभी हमारा अस्तित्व कायम रहेगा। हमें सतत् विकास के लिए सोचना है और एक पेड़ मां के नाम लगाना है। श्री डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश के भविष्य हैं, आप के योगदान से भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनेगा।इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी होती है। विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता को बढ़ाएं और नवाचार के लिए इसका उपयोग करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए नीतिगत निर्णय लिए गए है परिणामस्वरूप उन्हें नए अवसर उपलब्ध होंगे।

नारी शक्ति के लिए प्रेरणादायी है अवंति बाई लोधी की जीवनी - अनुभा मुंजारे

■ सामाजिक एकजुटता में है बड़ी ताकत - विपिन वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर (छत्तीसगढ़) इकाई ने रजत जयंती समारोह के बहाने सामाजिक एकजुटता की ताकत दिखाई जब देश के विभिन्न प्रांतों से भी बिरादरी के लोग इसमें शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया है कि समाज की यह एकजुटता ही हमारी पहचान है और हम अवंति बाई लोधी के वशंज हैं, उनके बताये मार्ग पर चलते हुए सेवा व संस्कार के ऐसे आयोजनों के माध्यम से आगे बढ़ेगे। दीवाली मिलन, युवक - युवती परिचय सम्मेलन, स्मारिका विमोचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी ने मंच साझा किया।

यह आयोजन कुम्हारी टोल प्लाजा के पास निर्माणाधीन समाज के भवन लोधेश्वरधाम में हुआ। खारुन नदी के तट पर तेजी से निर्मित हो रहे सामाजिक भवन लोधेश्वर धाम को लेकर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक (एटा यूपी) विपिन वर्मा ने कहा कि मध्यभारत का पहला दर्शनीय धाम होगा लोधेश्वरधाम,जिस भव्यता के साथ यह बन रहा है यादगार पहचान स्थापित करेगी।

संक्षिप्त खबरें

जोन 3 क्षेत्र में 22 हजार रूपये जुर्माना वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर अभियान चलाकर नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता श्री नरेश साहू, उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में अभियान चलाकर नगर निगम जोन क्रमांक 3 क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय सम्पति पर अपना अवैध प्रचार विज्ञापन चस्पा कर शासकीय सम्पति का विरुपण किये जाने पर सम्बंधित भिन्न 4 संस्थानों समृद्धि अटलांटिस, नीलया आपन्टमेट, रेवोल्यूशन एंड डान्स एकेडमी, मीनल एस सेलून के सम्बंधित संचालकों से कुल 22000 रूपये का जुर्माना उन्हें नियमानुसार प्रकिया के अंतर्गत नोटिस जारी करते हुए भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूलने की कार्यवाही की गयी है।

नक्सली की मां से समर्पण की अपील का आग्रह सरकार की विवशता - कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। गृहमंत्री विजय शर्मा का नक्सल नेता हिडमा और देवा की मां से मिलकर उनको समर्पण करने के लिये अपील करने का आग्रह करना सरकार की विवशता को दर्शाता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यदि उन दोनो को अपनी मां या अभिवावको की बात का इतना ही मान होता तो नक्सलवादी क्यों बनते? कौन माता पिता चाहता है, उनका पुत्र, पुत्री गलत रास्ते पर जाये। गृहमंत्री का यह कदम राजनैतिक प्रोपोगंडा के अलावा कुछ भी नहीं है। सरकार के पास अपनी नीति पराक्रम पर भरोसा नही रह गया है, इसलिए वह अब अनुनय विनय पर उतर आई है। यह बताता है कि सरकार नक्सलवाद के मामले में बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।

मतदान और प्रतिभा का संगमरू श्री शंकराचार्य महाविद्यालय ने हुनर फेस्ट चुनावों से रचा नया इतिहास

रायपुर/नवप्रदेश। सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन कार्यक्रम के अंतर्गत, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई में बहुप्रतीक्षित हुनर फेस्ट 2025 हेतु विभिन्न विभागों के अध्यक्षों तथा ओवरऑल (पुरुष एवं महिला) अध्यक्षों के चयन के लिए एक अनोखी लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मतदान की जागरूकता, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदार नागरिकता के भाव को विकसित करना था।लगातार तीसरे वर्ष महाविद्यालय ने इस विशेष परंपरा को कायम रखते हुए विद्यार्थियों को स्वयं नामांकन दाखिल करने, प्रचार करने, नाम वापस लेने तथा मतदान करने का अवसर प्रदान किया जिससे उनमें लोकतंत्र और नेतृत्व के वास्तविक मूल्य समाहित हुए।इस वर्ष लगभग 800 से अधिक छात्रों ने मतदान में भाग लिया, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही कृ यह भागीदारी समावेशिता और सक्रिय सहभागिता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।उम्मीदवारों को प्रचार हेतु स्टैंडीज़ और पोस्टर स्पेस उपलब्ध कराए गए तथा एक विशेष सत्र में सभी अध्यक्षीय उम्मीदवारों ने अपने विज़न, योजना और प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पूर्व छात्र श्री सौरभ जायसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वस्थ, उत्साहपूर्ण और विवादमुक्त चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया।यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया अब क्षेत्र में सहभागितापूर्ण शिक्षा का आदर्श बन चुकी है, जो यह सिखाती है कि नेतृत्व सेवा और दृष्टिकोण से अर्जित किया जाता है।

चार आरोपियों को 15-15 साल की सजा, एक-एक लाख रुपए जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में नशे के कारोबार पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए चार आरोपियों को 15-15 साल के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) पंकज सिन्हा की अदालत ने यह फैसला मार्च 2021 में खमतराई थाना क्षेत्र में दर्ज निट्रा-10 प्रतिबंधित दवा की अवैध बिक्री के मामले में सुनाया। पुलिस ने बंजारी मंदिर के पीछे घेराबंदी कर आरोपियों अतुल शर्मा, विनीत शुक्ला, नरेंद्र शर्मा और पदुम कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था, जबकि एक आरोपी युवराज शर्मा अब भी फरार है। पुलिस ने उनके पास से 10 हजार निट्रा-10 टेबलेट बरामद की थीं। जांच के दौरान आरोपी बिक्री के वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके, जिसके आधार पर अदालत ने चारों को दोषी ठहराया।रायपुर नारकोटिक्स कोर्ट ने हाल के महीनों में नशे के मामलों में सख्त रुख अपनाया है।

एकता नगर में छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति की गूंज

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के स्टॉल का किया अवलोकन

रायपुर/नवप्रदेश। गुजरात के केवड़िया स्थित एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित भारत पर्व में छत्तीसगढ़ की झलक हर आगंतुक के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भारत पर्व का अवलोकन किया तथा छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन मंडल के अधिकारियों से रा'य के प्रमुख पर्यटक स्थलों और योजनाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, परंपराएं और लोककला पूरे भारत में अपनी अनोखी पहचान रखती हैं। छत्तीसगढ़ अब तेजी से भारत के उभरते हुए पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है।

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन खींच रहे हैं आगंतुकों का ध्यानः मुख्यमंत्री ने भी लिया छत्तीसगढ़िया व्यंजनों का स्वाद

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्टूडियो किचन में पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफहोटल मैनेजमेंट, रायपुर की छात्राओं द्वारा तैयार पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। अमारी का शरबत, करील के कबाब, चौसेला रोटी, बफौरी और फरा जैसे व्यंजनों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध पाक-कला और संस्कृति की झलक पेश की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आईएचएम रायपुर की छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ये छात्राएं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर की संवाहक हैं, जो अपनी प्रतिभा से रा'य का गौरव बढ़ा रही हैं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य एवं जीएम श्री वेदव्रत सिरमौर भी उपस्थित थे।

हस्तकला और लोकसंस्कृति पर गर्व

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर के बुनकरों द्वारा तैयार कोसा वस्त्रों की खरीदारी की और शिल्पियों से बातचीत की। उन्होंने भारत पर्व में प्रस्तुति देने आए छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक दल से भी मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, वेशभूषा और लोकनृत्य हमारी पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं। हमारा उद्देश्य है कि इन परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जाए।भारत पर्व में छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान और समृद्ध पर्यटन स्थलों की झलक देखने के लिए बड़ी संख्या में आगंतुक पहुंच रहे हैं और रा'य की सजीव संस्कृति से अभिभूत हो रहे हैं।

राजकुमार कॉलेज में अंतर्दलीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राजकुमार कॉलेज, शहर की प्राचीनतम शैक्षणिक संस्थाओं में से एक, प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली अंतर्दलीय पाक-कला प्रतियोगिता का साक्षी बना7 इस वर्ष आर्य, बिक्रम, राजपूत और राणा- चारों दलों की दो-दो टीमों सहित कुल आठ टीमों के चालीस विद्यार्थियों ने विभिन्न बंगाली नमकीन और मीठे व्यंजनों की प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया निर्णायक मंडल की सदस्याएँ श्रीमती चितवन सिंह, श्रीमती सीमा एफ सिद्दीकी और श्रीमती सुनीता वोरा ने सभी प्रतिभागियों के प्रयास और पाक-कौशल की सराहना की7विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री शिवेन्द्र नाथ शाह देव ने कहा कि सभी प्रतिभागियों की मेहनत इन स्वादिष्ट बंगाली व्यंजनों में साफ़ दिखाई दे रही है और सभी बधाई के पात्र हैं7विद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह ने विद्यार्थियों की पाक-कला, प्रस्तुति और मेज-सज्जा की प्रशंसा करते हुए विजेता राणा दल को ट्रॉफी देते हुए बधाई दी और विजेताओं को पुरस्कृत किया सर्वाधिक 453 अंक अर्जित कर राणा दल ने प्रतिष्ठितरानी साहिबा सौदामिनी मंजरी देवी ऑफ खांडपाड़ा ट्रॉफीजीती7 सर्वश्रेष्ठ टेबल पुरस्कार राणा दल की टीम-2-अद्रिजा कुमारी देवी, एंजेल गुप्ता, खनक मूंधड़ा, आएशा कोठारी और याशिका अग्रवालको प्रदान किया गया।

दलवार परिणामः

प्रथमः राणा दल -453 अंक
द्वितीयः राजपूत दल - 434 अंक
तृतीयः आर्य दल - 431 अंक
चतुर्थः बिक्रम दल -427 अंक

मनेंद्रगढ़ को एक और सौगातः खड़गंवा की बरदर जलाशय योजना के नहर जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ 52 लाख रूपए की मिली स्वीकृति

स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

सुरक्षा और सम्मान साथ-साथ—महासमुंद में जरूरतमंदों को मिल रहा नियमित पेंशन लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की सामाजिक सुरक्षा पहलों ने महासमुंद जिले में बुजुर्गों, विधवाओं, निराश्रितों और दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों को नियमित आर्थिक सहायता और जीवनयापन में सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

सितम्बर 2025 तक जिले में कुल 99,381 हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

इनमें—इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से 34,310,राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना से 9,997,राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत 973 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से 24,686,सुखद सहारा पेंशन योजना से 9,272 और मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 20,143 पात्र लाभार्थियों को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।इन योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक स्थिरता मिली है, जिससे वे गरिमा के साथ जीवनयापन कर सकें।

इसके अलावा, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत अब तक 54 जरूरतमंद परिवारों को आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

परियोजना एवं निर्माण क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सांचव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला रायपुर के जी.ई. रोड पर गुरू तेज बहादुर उद्यान से नेताजी सुभाष चौक/गुरूनानक चौक तक फ्लाई ओव्हर निर्माण कार्य, राजनांदगांव जिले में स्थित मोहरा एनीकट में पेयजल हेतु चौकी एनीकट से मोहरा एनीकट तक पाईप लाईन के माध्यम से जल प्रदाय योजना के निर्माण कार्य और जशपुर जिले के पत्थलगाव में बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्वहन सिचाई योजना का निर्माण कार्य पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी तरह से हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत वृहद परियोजना अगमेण्टेशन के अंतर्गत परसाही दाबयुक्त उद्वहन सिंचाई परियोजना कार्य और मड़वारानी बैराज निर्माण सह उद्वहन सिंचाई योजना के निर्माण कार्य के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग में मोहमेला सिरपुर बैराज निर्माण कार्य और चपरीद एनीकट निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

महिलाओं की केवाईसी तो बहाना है, महतारी वंदन योजना से असल में नाम काटना है

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना में 21 महीने बाद केवाईसी करने की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार अब महतारी वंदन योजना की किश्त की राशि सभी महिलाओं को देना नही चाहती है।योजना में हर माह 606 करोड़ रुपए देना पड़ रहा है इससे सरकार की वित्ति स्थिति खराब हो गई है। अब योजना कि राशि मे कटोती करने योजना से जुड़ी महिलाओं के लिए नियम शर्ते लागू की जा रही है ताकि हितग्रहियों का नाम काटा जा सके।अब सवाल ये उठता है कि अचानक 21 महीना बाद महतारी वंदन योजना से जुड़ी 69 लाख 26 हजार महिलाओं की केवाईसी की आवश्यकता क्यों पड़ रही है?जब योजना शुरू हुई तो पहली किश्त लगभग 69 लाख 26 हजार महिलाओं को दिया गया 21 वी किश्त करीब 64 लाख 94 हजार 768 महिलाओं को मिला।यानी पिछले महीना 5 लाख महिलाओं को महतारी वंदन का किश्त नहीं दिया गया?वादा तो योजना में सभी महतारियो को 1 हजार महीना देने का था।मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी से लेकर प्रदेश की अंतिम महतारी तक को?फिर अब नियम शर्त क्यों? वैसे भी इस योजना की शुरूवात से ही 40 प्रतिशत महतारी बाहर है?जिसे योजना से जोड़ने निकाय चुनाव में भाजपा ने वादा किया था।जिसका इंतजार महिलाएं कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा बड़े-बड़े वादे करती है और महिलाओं से लेकर हर वर्ग को आकर्षित करती है और सत्ता मिलने के बाद उनके साथ धोखा करती है महतारी वंदन योजना में प्रदेश की सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिलना भाजपा की धोखा है और अब षडयंत्र पूर्वक योजना से जुड़ी महिलाओं को बाहर किया जा रहा है क्योंकि सरकार इस योजना में पैसा देने में असमर्थ साबित हो रही है और डबल इंजन की सरकार में जो आर्थिक मदद का वादा था वह भी जुमला साबित हुआ है महतारी वंदन योजना से 1000 रू.महीना देकर बिजली बिल से 3000 रू. महिलाओं के घर से वसूला जा रहा है ।

दिल्ली ब्लास्ट मोदी सरकार की कमजोरी - कांग्रेस

■ ऐसी घटनाओं का मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिये - दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। दिल्ली ब्लास्ट मोदी सरकार की कमजोरी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ऐसी घटनाओं का मुहंतोड़ जवाब दिया जाना चाहिये। देश की राजधानी में इस प्रकार की घटना केन्द्र सरकार की अक्षमता है। देश में जब से मोदी सरकार बनी हैं। इस प्रकार की घटनाएं लगातार हुई है। पुलवामा, पठानकोट, पहलगाम जैसी घटनाओं के बाद सरकार की नाकामी और कमजोरी का परिणाम है कि आतंकी देश की राजधानी दिल्ली में विस्फोट करने का दुस्साहस कर बैठे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब विपक्ष में थे तब हर आतंकी घटना के बाद तत्कालीन केंद्र सरकारठ्ठ को दोषी ठहराते थे, अब जब वैसी ही घटनाएं हो रही है तो अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है।

न्यूज गैलरी

खड़गवां की बरदर जलाशय के नहर जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ 52 लाख की मिली स्वीकृति

एमसीबी/ नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर क्षेत्र को एक और सौगात मिली है। एमसीबी जिले के विकासखंड खड़गवां की बरदर जलाशय योजना के नहर

का जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग की तरफ से दी गयी है। यह स्वीकृति 3 करोड़ 52 लाख रुपये की है। इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से क्षेत्र की सिंचाई क्षमता बढ़कर 586 हेक्टेयर क्षेत्र तक पहुंच जाएगी। इससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। वहीं मनेंद्रगढ़ की स्थानीय जनता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक तथा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार जताया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद कहा है कि नहर जीर्णोद्धार के कार्य से सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र के किसानों को बेहतर फसलों के लिए एक नई दिशा मिलेगी।

खंड शिक्षा अधिकारी अंतागढ़ के द्वारा प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक की बैठक ली

अंतागढ़/नवप्रदेश। दिनांक 11/11/2025 विकासखंड के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयको का बैठक लेकर खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा कक्षा 10 वी एवं 12 वीं की वार्षिक परीक्षा की तैयारी करवाने एवं सभी स्कूलों में 50 प्रतिशत बच्चों को प्रथम श्रेणी में लाने का निर्देश दिया गया। सभी बच्चों के अपार आईडी बनाने एवं बायोमैट्रिक अपडेशन करवाने , केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं एवं आठवी के बच्चों को विशेष ध्यान देने, मध्यान भोजन गुणवत्ता सुनिश्चित करने अनुरोध कार्यक्रम के तहत शाला त्यागी बच्चों को विद्यालय में पुनः लाने , पीएम ई विद्या , स्कूलों में प्रतियोगिता परीक्षा नवोदय विद्यालय हस्रूस्थ, छ्श्वश्च , ह्श्वञ्ज की तैयारी करवाने एवं हमर लक्ष्य के तहत आवश्यक कार्यवाही करने एवं उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा अभियान 7 दिसंबर 2025 की आवश्यक तैयारी एवं साक्षरता केंद्रों को संचालित करने निर्देश दिया गया।**उक्त बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय ठाकुर खण्ड स्त्रोत समन्वय श्री कृष्ण कुमार नाग देवकुमार उईके गौतम सिंह प्राचार्य सेजस अंतागढ़ चंदन सिंह ठाकुर प्राचार्य शहीद राजेश पवार हायर सेकेण्डरी स्कूल अंतागढ़ विकासखंड के समस्त प्राचार्य एवं समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित थे

सूखे खेतों से हरियाली तक- अमृत सरोवर ने बदली ग्राम सिरौली की तकदीर

एमसीबी/ नवप्रदेश। कभी सूखते खेतों और बेरोजगारी से जूझता सिरौली गांव आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुका है। मनेंद्रगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरौली में निर्मित अमृत सरोवर तालाब ने पूरे समुदाय के जीवन में नई रोशनी भर दी है। लगभग 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्मित इस सरोवर से न केवल सिंचाई की सुविधा मिली है, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका के अनेक नए स्रोत भी खुल गए हैं।

अमृत सरोवर बना समृद्धि और खुशहाली का आधार-नरेगा के तहत तैयार इस अमृत सरोवर परियोजना की लागत 7.12 लाख रुपए रही, लेकिन इसका लाभ लाखों का सिद्ध हुआ। पहले जहां ग्रामीण केवल अकुशल मजदूरी पर निर्भर रहते थे, वहीं अब यह तालाब उनके खेतों की हरियाली और परिवारों की खुशहाली का आधार बन गया है। इस सरोवर से लगभग 10 हेक्टेयर भूमि में खरीफ और रबी दोनों सीजन की फसलों को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है। खेतों में लौटी हरियाली और बढ़ी किसानों की आय-तालाब के जल का उपयोग करते हुए ग्रामीणों ने न केवल धान की खेती को सशक्त किया, बल्कि रबी फसल के रूप में गेहूं, आलू, मटर, टमाटर, गोभी, बैंगन, मिर्ची और हरी सब्जियों की उन्नत खेती शुरू की। जहां पहले खेत बंजर थे, वहीं अब हर मौसम में फसलों की लहराती हरियाली देखने को मिलती है। इस परिवर्तन से गांव की अर्थव्यवस्था में नई गति आई है।

मत्स्य पालन से आत्मनिर्भरता और आजीविका संवर्धन की ओर बढ़ रहा कदम-सिरौली के स्व-सहायता समूहों ने इस तालाब को आजीविका संवर्धन का माध्यम बना लिया है। समूह की महिलाएं हर वर्ष मत्स्य बीज छोड़ती हैं और मत्स्य पालन से प्रति वर्ष लगभग 25,000 रुपए की आय अर्जित कर रही हैं। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है बल्कि गांव में स्वरोजगार का वातावरण भी विकसित हुआ है।

समुदाय का सामूहिक प्रयास बना प्रेरणा और प्रगति की पहचान-ह परियोजना केवल एक तालाब नहीं, बल्कि सामूहिक श्रम, विश्वास और सहभागिता की सजीव कहानी है। अमृत सरोवर के निर्माण से ग्रामवासियों ने जल संरक्षण का महत्व समझा और इसे आजीविका संवर्धन से जोड़ा। इससे किसानों को खेती योग्य भूमि का बेहतर उपयोग मिला और समुदाय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। अमृत सरोवर के निर्माण से पहले सिरौली के ग्रामीण सीमित वर्षा पर निर्भर रहते थे। फसलों की पैदावार कम थी और आर्थिक तंगी आम बात थी। लेकिन आज यही गांव आधुनिक कृषि तकनीक और जल-संरक्षण के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। खेती में विविधता आई है, ग्रामीणों की आमदनी बढ़ी है और स्वरोजगार के अवसर विकसित हुए हैं।

अमृत सरोवर की सिंचाई से फलीभूत हुई सब्जी की क्रांति-ग्राम पंचायत सिरौली के स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं बताती हैं कि पहले हम मनरेगा की मजदूरी पर ही निर्भर रहते थे, अब अपने खेतों में उन्नत किस्म की सब्जियों की खेती कर रहे हैं।

गोदावरी माइंस के क्षमता विस्तार जनसुनवाई को लेकर चक्का जाम

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। आरी डोंगरी गोदावरी माइंस के प्रस्तावित क्षमता विस्तार के लिए 13 नवंबर को कच्चे में आयोजित होने वाली जनसुनवाई को भानुप्रतापपुर में कराने और प्रभावित गाँवों की सूची उपलब्ध कराने की मांग को लेकर 11 नवंबर को प्रभावित गाँवों के सरपंचों, ग्रामीणों और आदिवासी समाज के सामाजिक प्रतिनिधियों ने भानुप्रतापपुर-कच्चे मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।

सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। 4 बजें तक भी प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं देने के बाद प्रदर्शनकारी कच्चे की तरफ बढ़ाने लगे जिसको रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा सड़क ब्लॉक किया गया था ग्रामीणों और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुआ। जनसुनवाई को स्थगित करने व 15 किलोमीटर के दायरे के प्रभावित गांवों का सूची जारी करने सहित 15 सालों में सीएसआर व डीएमएफ मद से कराए कार्यो का सूची प्रदान करने के मांग पर अड़े हुए हैं।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आदिवासी नेता कोमल हुपेंडी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, हरेश चक्रधारी, चंद्रमौली मिश्रा, सरपंच रमल कोर्राम ने गोदावरी माइंस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हुपेंडी ने कहा कि गोदावरी माइंस प्रबंधन लगातार आदिवासी भाइयों का शोषण कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि कंपनी की मनमानी पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शन में बैठे ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की है।

तानाशाही बर्दाश्त नहीं' - आदिवासी नेता ने गोदावरी माइंस के खिलाफबुलंद की आवाज

गोदावरी माइंस के विरोध में चल रहे चक्का जाम स्थल पर, आदिवासी नेता ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों की आवाज को मजबूती देते हुए कंपनी की तानाशाही पर तीखा प्रहार किया है। नेता ने साफशब्दों में कहा कि अब गोदावरी माइंस की मनमानी और तानाशाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आदिवासी नेता ने अपने संबोधन में कहा कि गोदावरी माइंस को खुले हुए 15 साल से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन आज तक कंपनी ने प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया है। प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों ग्रामीणों में जोश भरते हुए हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

विधायक ने दिवंगत छात्रों के परिजनों को सात लाख का चेक किया वितरित

केशकाल/नवप्रदेश। विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कारणों से दिवंगत हुए स्कूली छात्रों के परिजनों को विधायक केशकाल ने एक-एक लाख रुपए का चेक वितरित किया ,एवं सांत्वना देते हुए विधायक केशकाल ने छात्रों के परिजनों को सलाह दी कि इस पैसों का सदुपयोग जमीन खरीदने या ट्रैक्टर खरीदने आदि कार्यों में उपयोग में लाएं ताकि पैसों का सदुपयोग हो सके दिवंगत हो चुके बच्चों को तो वापस नहीं लाया जा सकता लेकिन बीमा राशि के सदुपयोग से उन्हें हमेशा जीवंत रखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के द्वारा बीमा राशि का यह चेक भेजा गया है इसलिए आप सभी विष्णु देव साय जी को धन्यवाद ज्ञापित करें, कार्यक्रम में विधायक के साथ वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण दत्त उपाध्याय ,केशकाल के बी ई ओ मांडवी, बीपीएम, बी आर सी केशकाल एवं अन्य अधिकारी व राजनेता उपस्थित रहे।

शिक्षकों के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 25 नवम्बर को

बीजापुर/नवप्रदेश। पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न विषयों के शिक्षकों की आवश्यकता है। सभी पद पूर्णतः अनुबंध के आधार पर भरे जाएंगे।इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज 23 नवम्बर 2025 शाम 5 बजे तक विद्यालय के ईमेल jnvbijapurv|@gmail.com पर भेज सकते हैं। साथ ही उम्मीदवारों को 25 नवम्बर 2025 दिन मंगलवार को ज्ञानगुड़ी में स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू में उपस्थित होना होगा।

अजजा आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी का स्वागत

केशकाल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में अध्यक्ष पद की नियुक्ति कर दी है।बस्तर के वरिष्ठ भाजपा नेता रूपसिंह मंडावी को आयोग का नया अध्यक्ष बनाया गया है। मंगलवार को केशकाल नगर में प्रथम आगमन पर पंचवटी में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थिति में भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम महामंत्री आकाश मेहता, शंकर मरकाम, योगेश पांडे समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।रूपसिंह मंडावी लंबे समय से बस्तर क्षेत्र में जनजातीय समुदाय से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद से उनके नाम की चर्चा इस पद के लिए चल रही थी। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का मुख्य कार्य आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा, शिकायतों का निवारण और नीतिगत सुझाव देना है। आयोग राज्य में अनुसूचित जनजातियों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी भी करता है।विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया कि बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल इलाके से आने वाले अनुभवी नेता रूपसिंह मंडावी की नियुक्ति से जनजातीय क्षेत्रों में विश्वास और विकास दोनों को मजबूती मिलेगी।

शिक्षा, स्वास्थ्य और जन कल्याण पर दिया विशेष जोर

कलेक्टर अजीत वसंत का ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण दौरा

गढ़ उपरोड़ा, कदमझेरिया और कोराई में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

कोरबा,/ नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अजीत वसंत आज कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गढ़ उपरोड़ा, आश्रित ग्राम कदमझेरिया तथा ग्राम कोराई पहुँचे। उन्होंने यहाँ स्कूल, आंगनबाड़ी और उपस्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यालयों में नाश्ता वितरण, गैस सिलेंडर के उपयोग, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया।

शिक्षा पर विशेष ध्यान - विद्यार्थियों को दी प्रेरणा-ग्राम गढ़ उपरोड़ा में कलेक्टर श्री वसंत ने प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि समय पर कोर्स पूरा करें और 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर परीक्षाफल प्राप्त करें।

कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करें। उन्होंने स्कूल में डीएमएफ से प्रदत्त न्यूज़ पेपर डेस्क के उपयोग की जानकारी ली और विद्यार्थियों से प्रतिदिन अखबार पढ़ने का आग्रह किया ताकि वे देश-दुनिया की जानकारी से अवगत रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन और नाश्ता वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। गढ़ उपरोड़ा के प्रायमरी एवं माध्यमिक स्कूल में गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं पाए जाने और छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संकुल समन्वयक मूल शाला में वापस भेजने और प्रायमरी स्कूल के प्रधानपाठक श्री केशव प्रसाद उरावं और मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक विक्टर लकड़ा को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, कोराई प्राथमिक शाला में गैस सिलेंडर के उपयोग और समय पर नाश्ता वितरण तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल की पुष्टि होने पर उन्होंने प्रधानपाठक और शिक्षकों की प्रशंसा की।कलेक्टर श्री वसंत ने उपस्वास्थ्य केंद्र गढ़ उपरोड़ा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रसव सुविधा, दवा वितरण, टीकाकरण, हीमोग्लोबिन जांच, मलेरिया किट की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की।

सूरज से समृद्धि की ओर - प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से जगमगाए श्रवण और सरफराज के सपनों के घर'

कोरबा,/ नवप्रदेशप। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने देशभर के लाखों परिवारों के जीवन में नई रोशनी भर दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से अब आम नागरिक न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्वयं पूरा कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने की इस पहल ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण का भी मार्ग प्रशस्त किया है। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी बस्तियों तक, यह योजना आज हर घर में आशा की नई किरण जगा रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर की छत पर सौर पैनल स्थापित कर नागरिकों को स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा लाभार्थियों को वित्तीय सहायता, तकनीकी सहयोग और सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे सौर पैनलों की स्थापना आमजन के लिए सरल और किफायती बनी है। ऊर्जा उपभोग में आत्मनिर्भरता की यह पहल नागरिकों को बिजली बिल से राहत देते हुए अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचने का अवसर भी दे रही है, जिससे परिवारों की आमदनी में वृद्धि हो रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य में भी प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन के समन्वित प्रयासों और प्रशासनिक तत्परता के परिणामस्वरूप यह योजना तीव्र गति से जन-जन तक पहुँच रही है।

पेज 1 का शेष

धान बेचने के लिए...

धान बिक्री में शामिल लोगों से कांग्रेस के संबंध हैं। कोचियागिरी करने वालों के भरोसे ही कांग्रेस चल रही है और जब कार्रवाई होती है तो कांग्रेस के नेता हल्ला मचाते हैं। मंत्री ने कहा, धान खरीदी को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

पहली बार सामने आया दिल्ली ...

चपेट में आने से कई वाहन जल गए।

श्रम मंत्री लखन लाल...

प्रधान आरक्षक आर. विनीत तिर्की और चालक के रूप में हुई है।

कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि हादसा बाइक सवारों को बचाने के दौरान हुआ और घायलों को मामूली चोटें आई हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है।

भूटान से लौटते ही दिल्ली विस्फोट ...

की जांच का काम मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेन्सी को सौंप दिया था। गृह मंत्री अमित शाह ने जांच एजेन्सियों के प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की थी। वह विस्फोट के तुरंत बाद घायलों से मिलने अस्पताल गये थे और उन्होंने घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा भी लिया था।

दिल्ली विस्फोट मामले ...

है। उन्होंने कहा, ÷ये दोनों हमारे यहां कार्यरत थे, लेकिन यूनिवर्सिटी का इनकी व्यक्तिगत गतिविधियों से कोई संबंध नहीं है। हमारे सभी काम कानूनी नियमों के तहत होते हैं।÷

यह बयान उस समय आया है, जब दिल्ली विस्फोट और फरीदाबाद में मिले करीब 2900 किलो विस्फोटक के मामले में एक समान कड़ी अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुडने की बात सामने आ रहीं थी। बताया जा रहा है कि यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर, मोहम्मद उमर नबी, अपनी कार में विस्फोट के दौरान मारा गया।

प्रो. आनंद ने कहा कि यूनिवर्सिटी में किसी भी प्रकार का विस्फोटक या रासायनिक पदार्थ नहीं रखा जाता। उन्होंने कहा, हमारी प्रयोगशालाएं केवल एमबीबीएस छात्रों की शिक्षा और ट्रेनिंग के लिए हैं। हाल की घटनाओं से हमें गहरा दुख है और हम इनकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अल-फलाह समूह 1997 से शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय है। 2014 में इसे यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त है। 2019 में यहां मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ और 2023 में कुछ विषयों में पीजी कोर्स (एमडी/एमएस) भी शुरू किये गये।

एनडीए को 43 और महागठबंधन...

को 41 फीसदी वोट शेयर मिलने का अनुमान लगाया है। सर्वे एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत किशोर की जनसुराज को चार प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। वहीं 12 फीसदी वोट अन्य के खातों में जा सकते हैं।

'यह सब सट्टा बाजार का खेल'

एग्जिट पोल और डिप्टी सीएम चेहरे को लेकर पप्पू यादव ने कही ये बात

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने एग्जिट पोल्स को सट्टा बाजार का खेल बताया। उन्होंने कहा कि मतदान खत्म होने के आधे घंटे में सरकार तय कर देना केवल दिखावा है. यादव ने दावा किया कि सीमांचल में बदलाव होगा और इंडिया गठबंधन को 19 से 23 सीटें मिलेंगी. दिल्ली ब्लास्ट पर उन्होंने इंटेलिजेंस फेलियर बताया और जिम्मेदारों के इस्तीफे की मांग की।

पूर्णिया के सांसद और जन अधिकार पार्टी के प्रमुख पप्पू यादव ने एग्जिट पोल के नतीजों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मतदान खत्म होने के आधे घंटे के भीतर सरकार बनने के अनुमान लगाना केवल एक दिखावा है। यादव ने कहा, यह सब सट्टा बाजार का खेल है, जनता के मूड से इनका कोई लेना-देना नहीं। उन्होंने दावा किया कि पिछली बार भी एग्जिट पोल्स गलत साबित हुए थे, चाहे हरियाणा हो या बिहार।

महावीर मंदिर पहुंचे नीतीश, की पूजा

बिहार चुनाव और एग्जिट पोल्स में फिर से नीतीशे सरकार के अनुमानों के बाद तेजस्वी यादव जहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये अनुमान खारिज कर रहे थे। वहीं, सीएम नीतीश कुमार पटना के महावीर मंदिर पहुंचे। सीएम नीतीश ने महावीर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। गौरतलब है कि बिहार के चुनाव दो चरणों में हुए. पहले चरण में 121 विधानसभा सीटों पर 6 नवंबर को वोट डाले गए थे. वहीं, दूसरे चरण में 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान हुआ। मतगणना 14 नवंबर को होनी है।

1995 से भी बड़ी जीत ...

बिहार चुनाव में विपक्षी महागठबंधन के सीएम फेस रहे तेजस्वी यादव ने एग्जिट पोल के अनुमानों पर तंज किया है।

तेजस्वी यादव ने बुधवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव में महागठबंधन की जीत का दावा किया और कहा कि 14 नवंबर को नतीजे आएंगे, 18 तारीख को हम मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्होंने एग्जिट पोल के अनुमान खारिज करते हुए कहा कि यह सच्चाई नहीं बताते. तेजस्वी यादव ने दावा किया कि जनता ने इस बार बिहार में बदलाव के लिए मतदान किया है. महागठबंधन को इस बार चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिलने जा रही है।

उन्होंने विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बिहारवासियों को बधाई दी और कहा कि हमने सभी उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया है. तेजस्वी यादव ने कहा कि हर तरफसे बहुत पॉजिटिव सूचना मिल रही है। बिहार में बदलाव होने जा रहा है.

एग्जिट पोल सही हों न...

से लेकर जवाहरलाल नेहरू की आधुनिक भारत की नींव रखने वाली दृष्टि तक, और इंदिरा गांधी की दृढ़ता से अटल बिहारी वाजपेयी की समावेशी राजनीति तक का दौर देखा है. इस बार के विधानसभा चुनाव परिणाम यह तय करेंगे कि देश के इन बड़े नामों के बीच नीतीश कुमार के नाम का एक नया अध्याय भी जोड़ा जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

एनएमडीसी ने किया जनजातीय युवाओं से नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा नवप्रदेश। कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु एनएमडीसी सीएसआर के अंतर्गत जनजातीय युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। एनएमडीसी, हैदराबाद स्थित केन्द्रीय पैट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के माध्यम से दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों के इच्छुक युवाओं को नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनएमडीसी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसार) पहल के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है।इस कार्यक्रम के तहत 6 माह की अवधि वाले विभिन्न तकनीकी कोर्स संचालित किए जाएंगे, जिनमें मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक एक्सट्रूजन, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग, सीएनसी लैथ एवं मिलिंग प्रोग्रामिंग, टूल रूम ऑपरेशन, एफआरपी ऑपरेटर, प्लास्टिक मोल्ड मैन्युफैक्चरिंग, मशीनरी मेंटेनेंस टेक्नीशियन, प्लास्टिक प्रोडक्ट एंड मोल्ड डिजाइनिंग तथा क्वालिटी कंट्रोल सुपरवाइजर जैसे प्रशिक्षण शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रवेश की प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक ऑडिटोरियम हॉल, बीआईओपी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी किरंदुल में आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी श्री सुखराम गावडे मोबाइल नंबर 8305547737 पर भी संपर्क कर जानकारी लिया जा सकता है।

जिले में रेत खदानों के आबंटन हेतु ई-नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ

दंतेवाड़ा नवप्रदेश। खनिज शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 जारी किया गया है। नए नियमों के अंतर्गत अब रेत खदानों के आबंटन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। इसी क्रम में जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में खनिज विभाग द्वारा द्वितीय चरण में कुल दो रेत खदानों बांगापाल (डी-8,2025) तहसील गीदम तथा गुमलनार (डी-9,2025) तहसील गीदम का आवेदन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। इन रेत खदानों के आवंटन के लिए ऑनलाइन निविदा 24 अक्टूबर 2025 को जारी की गई थी।

नरहर देव स्कूल सभागार में आज होगा युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार के जीवन पर नाट्य का मंचन ...

कांकेर/ नवप्रदेश। हम सभी कांकेर वासियों के लिये अत्यंत ही हर्ष का विषय हैं कि देश में चल रहें इस अमृत काल के अवसर पर कांकेर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस.) इस वर्ष अपने 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर का उत्सव मना रहे हैं।इसी अमृत काल में शताब्दी वर्ष पूर्ण होनें के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन और विचारों पर आधारित एक भव्य नाट्य मंचन का आयोजन कर रहा हैं। यह कार्यक्रम 13 नवम्बर 2025, शाम 5:30 बजे से कांकेर शहर के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर के सभागार डोम में आयोजित होगा।

कांकेर जिला नाट्य आयोजन समिति के संयोजक सोनसाय साहु,सह संयोजक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल सिंह तोमर-जिला संघ चालक ,पोखन सिन्हा-जिला कार्यवाहक,रामदयाल साहु- विभाग प्रचारक,विवेक वर्मा जिला प्रचारक,जीवन मीनपाल- जिला बौध्दिक प्रमुख,विष्णु दत्त पांडेय-जिला व्यवस्था प्रमुख,गोपाल प्रसाद पांडेय कार्यालय प्रमुख,राजेश यादव-शारीरिक प्रमुख,महेंद्र क्षत्रिय,शुभम सोनी ने बताया कि आरएसएस के शताब्दी वर्षगांठ को ऐतिहासिक रूप से यादगार बनाने के लिए यह नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जा रही है।यह नाटक डॉ. हेडगेवार के संघर्षपूर्ण जीवन संगठन निर्माण की यात्रा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा।कांकेर जिला नाट्य आयोजन समिति के संयोजक सोनसाय साहु,सह संयोजक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अध्यक्षता कांकेर सांसद भोजराज नाग विशिष्ट अतिथियों मे प्रमुख रुप से टोपलाल वर्मा, माननीय प्रांत संघ संचालक,कांकेर विधायक आशाराम नेताम विक्रम देव उसेंडी विधायक अंतागढ़,आसकरण ध्रुव जिला महासचिव ध्रुव गोड़ समाज अरुण कौशिक अध्यक्ष, कांकेर नगर पालिका परिषद शिशुपाल शोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय गोंडवाना गोड़ महासभा काशी प्रसाद तिवारी विभाग संघचालक उत्तर बस्तर विभाग महेश जैन जिला अध्यक्ष भाजपा कांकेर जिला हैं जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा द्य भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि युगप्रवर्तक डॉक्टर हेडगेवार जी नाट्य मंचन का मुख्य उद्देश्य डॉ. हेडगेवार के जीवन, राष्ट्र के प्रति समर्पण, संगठन निर्माण की यात्रा और उनके संघर्षों को दर्शकों के सामने जीवंत करना है। यह नाटक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के पीछे के कारणों, डॉ. हेडगेवार की प्रेरणादायक जीवनशैली और उनके बलिदान की कहानी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करके लोगों को प्रेरित करने का प्रयास करता है।

आयोजन को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारीयों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी गण भी लगे हुए जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन,जिला महामंत्री राजा पांडेय,भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश चैहान,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा देवनानी,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बृजमोहन तिवारी,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक के अलावा ज़िला एवं मंडल के समस्त पदाधिकारीगण,नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक उपाध्यक्ष उत्तम यादव सहित सभी पार्षद लगे हुए हैं।

सरपंच संघ ने दस सूत्रीय मांगों को लेकर पहुंचा एसडीएम कार्यालय, ज्ञापन सौंपा

■ फंड के अभाव में पंचायतों के कामकाज ठप, सरपंचों ने जताया आक्रोश

अंतागढ़।। ब्लॉक सरपंच संघ ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम अंतागढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा है वही एक माह के भीतर सभी मांगे पूर्ण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है ज्ञापन सौंपने वालो में सभी पंचायत के सरपंच उपस्थित रहे।

वही सरपंच संघ अध्यक्ष मानकू राम ने कहा कि डीएमएफ मद से आर्थिक समस्या उत्पन्न हो रही है। जिससे सरपंचों में रोष व्याप्त है, उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति डीएमएफ की राशि वितरण की व्यवस्था बनाये जाने की आवश्यकता है। जिससे सभी ग्राम पंचायतों को कार्य मिल सके। संघ की उपाध्यक्ष रूपेश्वरी कोर्राम ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है, जबकि गांवों में विकास में विकास कार्य ठप पड़े है जनप्रतिनिधि चुन कर आते है तो जनता यह उपेक्षा रखती है कि बेहतर विकास कार्य कराया जाएगा ग्राम पंचायतों को कार्य ही नहीं मिल रहा है जिससे लोगों की उम्मीदों पर वे खरा नहीं उतर पा रहे हैं

भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते नाराजगी जताई

अंतागढ़ ब्लॉक सरपंच संघ ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए नाराजगी जताई है सरपंच संघ का कहना है कि आठ माह होने के बाद भी फंड के अभाव में ग्राम पंचायतों में कामकाज ठप है काम नहीं मिलने से हम अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं जनता सवाल करती है जो वादे किए वह कहा है जब सरकार फंड नहीं देगी तो काम कहा से होगा सरकार को जल्द फंड हर ग्राम पंचायत को दे ।

इन मागों व समस्याओं को लेकर सौंपे ज्ञापन

ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं पर अमल किया जाये। त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों को समय पर बैठक भत्ता प्रदाय किया जाये। डीएमएफ से सभी ग्राम पंचायतों को कार्य दिया जाये। त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों को बैठक भत्ता के स्थान पर मासिक भत्ता 25 हजार रूपये तथा यात्रा भत्ता व पेंशन सुविधा प्रदाय किया जाये। मनरेगा योजना में समाज सेवी संस्थाओं को हटाकर संपूर्ण क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दिया जाये। 15वें वित् कार्ययोजना के तहत संचालित कार्यों की विभागीय जटिलताओं को सरलीकरण किया जाये। ग्राम पंचायत विकास निधि को पांच लाख रूपये वार्षिक किया जाये। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सीएसओआर दर को प्रत्येक वर्ष मार्केट दर के अनुरूप वृद्धि किया जाये। ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सचिवालय में समस्त विभागीय मैदानौ कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। खेती किसानी के कार्य के बाद मनरेगा के कार्य प्रारंभ किये जाये।

कलेक्टरेट सभाकक्ष में ई-ऑफिस क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और गति लाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आज ई-ऑफिस क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री प्रीतम साहू एवं श्री बुद्ध बिहारी तंबोली ने प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों को पूर्णतः पेपरलेस बनाया जा सकेगा, जिससे फाइलों की गति में तेजी आएगी और कार्यों के निस्तारण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षकों ने फाइल प्रबंधन, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण, ई-नोटिंग, अनुमोदन प्रक्रिया, ट्रैकिंग प्रणाली, डिजिटल हस्ताक्षर एवं डाटा सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑफिस न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इससे कागज की खपत में भारी कमी आएगी।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ई-ऑफिस के उपयोग से संबंधित अपने प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मास्टर ट्रेनर द्वारा व्यवहारिक उदाहरणों सहित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के अंत में यह संकल्प लिया गया कि आगामी समय में सभी विभाग अपने कार्यालयीन कार्यों को चरणबद्ध तरीके से ई-ऑफिस प्रणाली में परिवर्तित करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, समय की बचत करने तथा शासन की नीतियों के त्वरित क्रियान्वयन में एक सशक्त पहल साबित होगा।

किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रखे : आप जिला अध्यक्ष

■ गिरदावरी में गलती से अपात्र में सुधार कर किसानों की परेशानी दूर करे सरकार-आप जिला अध्यक्ष अविनाश ठाकुर

अंतागढ़ / नवप्रदेश।आमाबेडा आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश सगठन मंत्री राजू सलाम ने कहा है कि सरकार की लापरवाही से प्रदेश में किसान परेशान है। कोयलीबेडा ब्लॉक में एग्रोस्टेक पोर्टल में खराबी के कारण हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है जिस कारण किसान धान ना बिकने की समस्या से चिंतित हैं। लाखों किसानों का गिरदावरी में पंजीयन हुआ है लेकिन कुछ गड़बड़ी के कारण किसान धान बेचने से वंचित रह जायेंगे।अब तक सरकार द्वारा जो गिरदावरी में आवेदन लिया गया है उसमें किसान की भूमि, खसराङ्कखतौनी, फसल आदि का डेटा राजस्व अभिलेखों से मिलान नहीं हो रहा है,और कई जगह पुराना रिकॉर्ड है,नाम गलत हैं,

भूमि विवादित या बँटी हुई है। इससे पोर्टल पर दर्ज जानकारी सही मैच नहीं हो रही है इस कारण प्रदेश के लगभग 7 लाख किसान परेशान हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मंडावी का कहना है कि साथ ही धान खरीदी के बाद किसानों की खरीदी की राशि को-ऑपरेटिव बैंक में आती है जिससे वहां अनावश्यक भीड़ रहती है और अन्य कारणों से किसानों को बड़ी समस्या होती है।

आम आदमी पार्टी सरकार से मांग करती है कि जिले के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रहे। गिरदावरी में गलती से अपात्र किसानों को सुधार करने तथा धान खरीदी की राशि किसानों के अन्य व्यक्तिगत खातों में भेजने की व्यवस्था की जाये ताकि प्रदेश के किसानों को किसी भी तरह की असुविधा ना हो। साथ ही प्रदेश में जारी समिति प्रबंधको की हड़ताल से 15 नवम्बर से धान खरीदी नहीं हो पायेगी। सरकार को इस बारे में उचित व्यवस्था करनी चाहिए और इसका समाधान निकालना चाहिए उपस्थिति ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मंडावी ब्लॉक सचिव सुभाष गोटा ब्लॉक यूथ विंग सुरेंद्र आचला बजनाथ सलाम लखन तेता मनीष कावडे शैलेश कावडे उपस्थित थे।

सुखबती के खपरैलयुक्त कच्चे घर की जगह पक्के आवास ने ली

पीएम आवास योजना से सुखबती को मिली राहत

कांकेर/ नवप्रदेश। नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर में शासन की विभिन्न योजनाएं अपने पैर पसारने लगी हैं। कभी संवेदनशील माने जाने वाले इस गांव में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इसी ग्राम की श्रीमती सुखबती, जो कभी कच्चे खपरैलयुक्त सीलन भरे घर में जीवन गुजारने विवश थी, आज पक्के आवास का सपना अब मूर्तरूप ले चुका है।

माओवाद प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के लाभ दिलाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। इस योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के आवास स्वीकृत कर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर की रहने वाले श्रीमती सुखबती, पति श्री कुंवरसिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 01 लाख 20 हजार रूपए की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई, जिसके बाद अपना आवास निर्माण का कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि उक्त ग्राम संवेदनशील एवं माओवाद प्रभावित होने के कारण शुरूआत में निर्माण सामग्री इकट्ठा करने अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा। 20 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत मुख्यालय जाकर हर जरूरत की सामग्री जुटाने में दिक्कते होती थी, वहीं मजदूर भी आसानी से उपलब्ध नहीं होते थे। ऐसे में नियद नेल्लानार योजना की सहायता से पंचायत एवं सरकार का बड़ा सहयोग मिला। श्रीमती सुखबती ने बताया कि भावसार फाउण्डेशन के जरिए स्थानीय युवकों को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे निर्माण कार्य आसान हो गया, वहीं तकनीकी समस्याओं का समाधान भी हुआ। 01 लाख 20 हजार रूपए की राशि के अलावा खुद के आवास निर्माण में मनरेगा से 90 दिनों की मजदूरी भी मिली।

इसके अलावा 45 हजार रूपए की व्यक्तिगत राशि लगाकर उक्त आवास को बेहतर ढंग से बनवाया। श्रीमती सुखबती ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शासन की इस योजना से उनकी तकदीर और घर की तस्वीर बदल गई है। कच्चे खपरैलयुक्त घर की जगह आज पक्के आवास ने जगह ले ली है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के चलते उनका सपना अब मूर्तरूप ले चुका है।

गौधाम योजना की प्रथम समीक्षा बैठक सम्पन्न, जैविक कृषि को मिलेगी नई दिशा

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश।। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की अध्यक्षता में गौधाम योजनान्तर्गत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय नामित अध्यक्ष एवं सदस्यों की प्रथम समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दंतेवाड़ा जिला पहले से ही जैविक जिला घोषित है, और गौधाम योजना के प्रभावी संचालन से जिले में जैविक कृषि को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से कृषक एवं पशुपालक दोनों वर्ग लाभान्वित होंगे। यह योजना न केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम बनेगी

बल्कि जैविक उत्पादों के विस्तार से आमजन के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। श्री मुड़ामी ने कहा कि इस योजना को सफल बनाने हेतु व्यक्तिगत स्तर पर विशेष पहल और जिम्मेदारी की आवश्यकता है।

बैठक में गौधाम योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित सदस्यों से मिले सुझावों को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया। सभी अध्यक्षों एवं सदस्यों ने जिले में गौठानों की संख्या बढ़ाने, विशेष रूप से कुआकोंडा एवं कटेकल्याण विकासखण्डों में, पर बल दिया। साथ ही, योजना को टिकाऊ बनाये रखने के लिए आजीविका से जोड़ने के विविध पहलुओं पर भी गहन चर्चा की गई।

चूंकि दंतेवाड़ा जिला एक जैविक कृषि क्षेत्र के रूप में पहचान बना चुका है, अतः गौधामों के माध्यम से जैविक खेती के प्रचार-प्रसार में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिकतम पशुपालकों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष पहल करने पर सहमति जताई। बैठक के अंत में जिला एवं सभी विकासखण्ड अध्यक्षों ने इस योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने हेतु हर संभव सहयोग और समन्वय स्थापित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीएम श्री लोकांश एल्मा, पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक श्री श्यामा मालवीय, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोटपा एक्ट के तहत तंबाकू विक्रय पर कार्रवाई - 7 दुकानों पर जुर्माना

एमसीबी/ नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में कोटपा एक्ट 2003 (ष्टह्रञ्जक्क ष्ह्ल 2003) के तहत व्यापक जांच अभियान चलाया गया। जांच दल ने जे.के.डी. रोड स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, ब्लॉसम स्कूल, एसपीएम मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज एवं सेंट जोसेफस्कूल झगराखंड परिक्षेत्र में संचालित 16 पान ठेला, गुमटी, किराना दुकान, होटल एवं रेस्टोरेंट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोटपा एक्ट की धारा 4/6 का उल्लंघन पाए जाने पर 7 दुकानों से कुल ?1100 का जुर्माना वसूला गया।

दल द्वारा दुकानदारों को धूम्रपान निषेध क्षेत्र - यहाँ धूम्रपान करना अपराध है तथा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है संबंधी सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए

भगवान जानकीरमण को ठंड से बचाने भक्तों ने ओढ़ाया साल

कवर्धा/नवप्रदेश। बढ़ती ठंड के इस मौसम में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा उदाहरण कवर्धा के कचहरी पारा स्थित जानकीरमण प्रभु देवालय में देखने को मिला। यहां भक्तों ने भगवान जानकीरमण प्रभु जी को ठंड से बचाने के लिए गरम वस्त्र उढ़ाया। सर्द हवाओं के बीच यह दृश्य भक्ति और प्रेम से ओतप्रोत था। भक्तों ने बताया कि प्रभु को सर्दी से बचाने का यह कार्य मात्र एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा और स्नेह की अभिव्यक्ति है। जिस प्रकार हम अपने परिवार के सदस्यों का ख्याल रखते हैं, उसी प्रकार प्रभु की सेवा में भी ऋतु के अनुसार परिवर्तन किए जाते हैं। यही भाव वास्तविक भक्ति का प्रतीक है।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना, भजन और आरती का आयोजन किया। पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' और 'जानकीरमण प्रभु की जय' के जयघोष से गूंज उठा।

मनखे-मनखे एक समान को चरितार्थ करता है मारवाड़ी युवा मंचः संपत अग्रवाल

■ मारवाड़ी युवा मंच का हुआ प्रांतीय स्तरीय दीपावली मिलन का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। "एकता में उत्सव" की तर्ज पर बसना शाखा के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ एवम ओडिसा प्रांत के मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यो का भव्य दीपावली मिलन एवं पिकनिक समारोह रविवार के आलोहा रिसोर्ट सिरपुर में संपन्न हुआ।

ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच के इस ऐतिहासिक संयुक्त आयोजन में दोनो प्रांत अंबिकापुर, मनेंद्रगढ़, रायगढ़, जांजगीर, नैला, चांपा, कोरबा, दर्री जमनीपाली, रायपुर, बिलासपुर, सरसीवा, सरायपाली, भंवरपुर, बसना, पिथोरा, झलप, शिवरीनारायण, चंद्रपुर, बरमकेला, राऊरकेला, बारगढ़, पदमपुर, बालंगीर, कांटाबांजी, खरियार रोड़ आदि विभिन्न शहरों से सपरिवार आए

मंच साथियों ने कार्यक्रम को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने एकता में उत्सव के इस आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ एवम ओड़ीसा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच को तथा आयोजक शाखा बसना को बधाई एवम शुभकामनाएं दी, साथ ही भविष्य में ऐसे आयोजन पर जोर दिया जिसमे सभी समाज को एकता के सूत्र में पिरोया जाए और बाबा गुरु घासीदास जी के "मनखे - मनखे एक समान" के संदेश को चरितार्थ किया जाए।

डॉ. सम्पत अग्रवाल ने कहा की मारवाड़ी युवा मंच एक ऐसी संस्था है जो हमेशा सभी समाज सभी वर्ग के हित के लिए कार्य करती है। और उन्होंने आगे भी जनसेवा के कार्यों में लगे रहने की शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच निःशुल्क कैलिपर्स शिविर, कैंसर जांच शिविर, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, अमृतधारा, गौसेवा, जीवदया, वृक्षारोपण जैसे बहुत से ऐसे कार्य करती है जिससे प्राणी मात्र का कल्याण हो। युवा मंच मेरा परिवार है और मेरा सहयोग युवा मंच को सदैव प्राप्त होता रहेगा

> कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच छ. ग. प्रांत की कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमति रीना केडिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री रोहित काबरा, निवृत्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय राजकुमार अग्रवाल इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (क्षेत्र-4) युवा अमर सुल्तानिया ने इस आयोजन को ऐतिहासिक कदम बताया। इस दौरान सुल्तानिया में नवीन गठित शाखा बरमकेला जागृति को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई। छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष युवा प्रशांत गांधी ने कहा जो समाज के साथ में हँसना और खेलना जानता है, वही समाज सेवा में भी सबसे आगे रहता है।"

श्री गांधी ने इस अवसर पर मंडल-3 में नई शाखा 'रायगढ़ संस्कृति' के गठन की घोषणा भी की। प्रान्तीय अध्यक्ष ने बताया कि यह पहला अवसर है जब प्रान्त में किसी मंच कार्यक्रम में लगभग 1000 मंच साथियों की सपरिवार उपस्तिथि हुई है। ओड़िशा प्रांत के अध्यक्ष अजय शर्मा ने इस आयोजन को दोनों प्रांतों के बीच सद्भावना और सहयोग की नई शुरुआत बताया।

न्यूज गैलरी

देवांगन समाज द्वारा संगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर मे देवांगन समाज द्वारा संगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ (माता परमेश्वरी पुराण) का आयोजन किया जा रहा है यह माता परमेश्वरी पुराण 10 नवंबर से 16 नवंबर तक चलेगा जिसमें देवांगन समाज के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकला गया कि कलश यात्रा के दौरान देवेश शर्मा रोड़ शो (छत्तीसगढ़ी माता जसगीत गायक) द्वारा माता की जस गीत कलश यात्रा के दौरान चलता रहा आपको बता दे की माता परमेश्वरी देवी देवांगन समाज की अग्रणी देवी कुलदेवी के रूप में पूजी जाती है।माता परमेश्वरी पुराण में संपूर्ण पूजा विधि? विधान का वर्णन आता है माता की महिमा का गुणगान कथा है। इस संगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ के कथा यजमान - श्रीमती किरण, गुलाबचंद देवांगन, कथा वाचक- भूपेंद्र देवांगन (माता नगरी चंद्रपुर) कथा स्थल - देवांगन धर्मशाला भटगांव, कथा का समय 3 बजे से 7 बजे तक चलेगा इस कार्यक्रम में समस्त देवांगन समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कलश यात्रा के दौरान हर्षोउल्लास के साथ सभी लोग नाचते हुए आनंद उठाते हुए नगर भाई क्या होगा भ्रमणकर कथा स्थल पहुंचे।

जन चौपाल में लोगों ने बताई समस्यां

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में अलग-अलग स्थानों से पहुंचे 70 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं आवेदन के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए। कलेक्टर ने समस्या से जुड़े विभागीय अफसरों को मिले आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

बाल विवाह मुक्त जिला बनाने ली शपथ

■ बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए हम सब एकजुट हो : राठी

महासमुंद/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में महासमुंद जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्थानीय आत्मानंद विद्यालय सभाकक्ष में आज बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत नए प्रतिषेध अधिकारियों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिषेध अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम के कानूनी प्रावधानों, रिपोर्टिंग तंत्र और सामुदायिक भागीदारी पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, केंद्र सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की उपलब्धियों और रणनीतियों और बाल संरक्षण अधिनियम पर भी प्रकाश डाला गया, जो बालिकाओं के

सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री देवीचंद राठी ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह के मामले छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत कम है लेकिन फिर भी जो कुछ चुनिंदा मामले हैं उन पर त्वरित कार्यवाही विभाग द्वारा किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य 2028-29 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त घोषित करना है, और इसके लिए हर स्तर पर सजगता आवश्यक है। हम सबको एक जुट होकर जिले को बाल विवाह मुक्त जिला घोषित करना है। इस अवसर पर पार्षद पीयूष साहू, कल्पना सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद राजू चंद्राकर, डीएसपी चुन्नू तिग्गा, नईम खान, शरद मराठा, गौरव राठी, बाल संरक्षण अधिकारी खेमचंद चौधरी, ग्राम पंचायत के सचिव एवं महिला बाल विभाग के परियोजना अधिकारी श्रीमती शैल नाविक, अपर्णा श्रीवास्तव, मनीषा साहू एवं पर्यवेक्षक शीला प्रधान सहित सभी पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यशाला में परियोजना अधिकारी श्रीमती मनीषा साहू ने सभी के समक्ष बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष है। अधिनियम के तहत विवाह कराने वालों को दो वर्ष तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महासमुंद में पिछले दो वर्षों में बालिकाओं की एनीमिया दर में 15 प्रतिशत की कमी आई है और स्कूल ड्रॉपआउट दर घटी है। उन्होंने कहा, बेटी को बचाना और पढ़ाना ही बाल विवाह रोकने का मूल मंत्र है। अभियान के अंतर्गत 500 से अधिक बालिकाओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। इसके अलावा, साइबर जागरूकता अभियान अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत प्रभावित बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास पर पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई। कार्यशाला में समापन सत्र में बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई।

प्रोत्साहन राशि के लिए मितानिनों ने लगाई कलेक्टर से गुहार

महासमुंद। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों ने अपनी लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर मंगलवार को कलेक्टर से गुहार लगाई। मितानिनों ने ज्ञापन सौंपकर फरवरी माह के साथ-साथ जून और जुलाई एवं अब तक की प्रोत्साहन राशि का भुगतान तुरंत कराने का निवेदन किया। सुनीता साहू, निशा प्रजापति, सरस्वती यदु, वसुंधरा बाघ, रेखा साहू व मितानिनों ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु देखभाल और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की थी। बावजूद, उन्हें पिछले कई माह से उन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। मितानिनों ने कहा है कि हम हर घर में जाकर लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं।

कैंसर पीड़ित पत्नी के इलाज के लिए तीन साल से संघर्षरत समलू

कवर्धा/नवप्रदेश। कैंसर पीड़ित पत्नी के इलाज के लिए तीन साल से संघर्षरत समलू, बाइक पर पटिया लगाकर उपचार कराने ले जाने मजबूर। ग्राम नगवाही निवासी 65 वर्षीय समलू सिंह मरकाम। बीते तीन वर्षों से वे अपनी पत्नी कपूरा मरकाम का थायराइड कैंसर का इलाज कराने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। आर्थिक तंगी के चलते उनके पास एम्बुलेंस या चारपहिया वाहन की व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में समलू सिंह अपनी पत्नी को बाइक पर पटिया लगाकर लिटाते हैं और अस्पतालों के चक्कर लगाते हैं। समलू सिंह ने बताया कि अब तक उन्होंने पत्नी के इलाज के लिए दुर्ग, रायपुर और मुंबई तक का सफर तय किया है। इलाज के दौरान घर के जेवर, बर्तन, यहां तक कि अनाज तक बेच दिए। रिश्तेदारों से उधार लेकर करीब 5 से 6 लाख रुपए खर्च कर चुके हैं, लेकिन फिर भी पत्नी का पूरा इलाज संभव नहीं हो पाया।

कुछ दिन पहले समलू सिंह ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से मुलाकात की थी। उपमुख्यमंत्री ने उन्हें 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत शहर के विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु मंगलवार को लगभग ?16.69 लाख की लागत से बनने वाले 2 स्थानों की सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

उक्त निर्माण कार्य पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. बसंत भृगु के घर से रेलवे पुल तक ?5.77 लाख की लागत से, तथा दीपक दुबे के घर से बजरंग चौक तिराहा तक ?10.92 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। उक्त वार्ड के रहवासियों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी,जिसे पालिका द्वारा आज भूमिपूजन किया गया,इस सड़क निर्माण से जहां आवागमन में सुविधा होगी वहीं वार्ड के समग्र विकास में नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस दौरान

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर

में विकास की गति निरंतर बढ़ रही है। प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है।

यह सड़क निर्माण कार्य जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। यह निर्माण कार्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा देगा और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में भी योगदान करेगा।इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल मनीष मिश्रा,सतीश तलरेजा,कुंजराम कोशले पूर्व जिलामहामंत्री राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु,पार्षदगण उमाशंकर वर्मा, नंद किशोर वैष्णव,सतीश साहू,,बब्बू मंधान,गोवर्धन डहरिया, बंटी टंडन,भुवन सिंह ठाकुर, श्रेणिक गोलछा, देवेंद्र साहू,प्रकाश ठाकुर,शुभम राजपूत,मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, व्यास यदु,शिव वर्मा,देवेश बिश्नोई, गरीबा केशरवानी,अमर छाबड़िया, भरत निर्मलकर,धनेश माधवानी,हरीश गुप्ता,राजा केशरवानी,संजय शुक्ला,बल्ली शुक्ला, लय छाबड़िया, आशीष टोडर, रजत केशरवानी, अजीत निषाद, मन्नी महाराज,रजत केशरवानी, राजेन्द्र चौहान,डॉ बी बी गुप्ता, रत्नेश माहेश्वरी, डॉ संतोष वर्मा,मोनू दुबे,गिरवर साहू,संतोष केशरवानी सुदामा केशरवानी मंत राम आनंद,सोनू दुबे उपस्थित थे।

तेज धूप-बारिश में तिरपाल डालकर व्यापार करने को मजबूर व्यापारी

■ 3 सालों से ठप पड़ा निर्माण कार्य, लगे सरियों में जंग ग्रामीणों ने शीघ्र पूरा कराने की मांग की

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत घुरावड में साप्ताहिक बाजार स्थल पर बनाया जा रहा बाजार शेड पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। आसपास के कई गांवों के व्यापारी यहां आकर व्यापार करते हैं, लेकिन अधूरे निर्माण के कारण उन्हें खुले आसमान के नीचे तेज धूप, बारिश और ठंड में तिरपाल

डालकर दुकानें लगानी पड़ रही हैं। स्थानीय व्यापारी रामप्रसाद नेताम, धरमलाल मरकाम, शिवकुमार, दयाबत्ती नेताम और दुलारी बाई ने बताया कि अधूरे निर्माण के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। वहीं अधूरे शेड में लगे सरिए जंग खा रहे हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्राम सरपंच महेश नेताम ने बताया कि बाजार में कुल 101 शेड बनाए जाने का प्रस्ताव था, परंतु शासन परिवर्तन के बाद अनुदान राशि जारी नहीं हो पाई, जिसके चलते कार्य अधूरा रह गया। सरपंच ने बताया कि यह योजना पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी। जिला पंचायत से 62 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके अंतर्गत 12 शेड बनाए जाने थे। इनमें से 3 शेड पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 9 शेडों का कार्य अभी अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बाजार शेड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि व्यापारियों को सुविधाजनक वातावरण मिल सके और बाजार क्षेत्र का विकास हो सके।

गगोरी स्कूल के शिक्षक लापरवाह-समय से लेट पहुंचे स्कूल

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। शिक्षा को लेकर शासन-प्रशासन जहाँ एक ओर गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था की बात करता है, वहीं दूसरी ओर कई सरकारी शिक्षक अपनी मनमानी और लापरवाही से इस व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत गगोरी के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल से सामने आया है। क्षेत्रीय

भ्रमण के दौरान पाया गया कि सुबह 10 बजे तक भी अधिकांश शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे थे। प्राथमिक विद्यालय में 5 और मिडिल स्कूल में 3 शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से एक-एक शिक्षक की ड्यूटी SIR में लगी हुई थी। इसके बावजूद, प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक लगभग 10:30 बजे स्कूल पहुँचे, जबकि मिडिल स्कूल के शिक्षक 10:20 बजे के बाद पहुँचे। सबसे हैरानी की बात यह रही कि मिडिल स्कूल के बच्चे बिना किसी शिक्षक के स्वयं प्रार्थना करते हुए नजर आए। और प्राइमरी स्कूल के बच्चे लगभग 10:50 बजे तक क्लास में पढ़ाई करने की बजाय स्कूल परिसर में इधर-उधर घूमते दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों की इस तरह की लापरवाही और अनुशासनहीनता से सरकारी स्कूलों की छवि लगातार गिर रही है, जिसके कारण पालक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजने को मजबूर हो रहे हैं।

समीक्षा बैठक ...

व्यापक गृह संपर्क अभियान के माध्यम से घर-घर सर्वे करें

कलेक्टर ने मितानिन बहनों से कहा गर्भवती माताओं का विशेष ध्यान रखें

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के हर महतारी, हमन सब्बो के जिम्मेदारी, योजना के तहत राजनांदगांव जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव एवं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में सेक्टर लाल बहादुर नगर के सभी 73 मितानिन बहनों के साथ बृहद बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हाई रिस्क गर्भवती माता के बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए,सीएमएचओ डॉक्टर नेतराम नवरतन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 13 से 14 नवंबर तक हाई रिस्क गर्भवती

माता एवं टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मितानिन बहनों द्वारा व्यापक गृह संपर्क अभियान के माध्यम से घर-घर सर्वे करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत डीपीएम संदीप ताम्रकार, सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव मितानिन कार्यक्रम एवं सेक्टर प्रभारी ग्रामीण चिकित्सा सहायक नितिन साहू, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशा कन्नौजे को इस दिशा में व्यापक योजना बनाकर क्रियान्वन हेतु,सेक्टर मितानीन बैठक में निर्देश जारी किया गया, इस तारतम्य के तहत मितानिन प्रशिक्षकों जिसमें प्रमुख रूप से प्रभा सिंहा, श्रीमती आरती साहू, शोभना साहू रेखा देवांगन एवं दुर्गा इनवाती को प्रशिक्षण के माध्यम से सभी मितानिन बहनों को अपने - अपने कार्य क्षेत्र में घर घर जाकर छूटे हुए गर्भवती माता, टीकाकरण से वंचित बच्चों तथा इस माह के प्रसव हुई महतारी की पूरी जानकारी हम सबकी जिम्मेदारी के भाव से यह सर्वे गृह संपर्क अभियान के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया गया, यह गृह संपर्क अभियान कार्य एम. टी एवं मितानिन बहनों के माध्यम से डोंगरगढ़ ब्लॉक के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में करने का निर्णय लिया गया,ताकि मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को पूर्ण तरह से रोका जा सके, सभी मितानिन बहनों से आग्रह करते हुए सहायक नोडल अनिल जी ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्भावस्था के दौरान पोषक तत्वों की कमी एवं अन्य महत्वपूर्ण परामर्श द्वारा पालक चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों के पोषण एवं जीवनशैली बदली है, अतः सभी बहने अपने-अपने हितग्राहियों को पालक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को फोलिक एसिड, आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम एवं हितग्राहियों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव तथा तिरंगा भोजन इत्यादि के संदर्भ में बृहद चर्चा पालक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों के मध्य स्वास्थ्य चर्चा एवं उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए कहा है, इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी नितिन साहू ने बीएमओ डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव के आदेशानुसार सभी सीएचओ, एएनएम को समय निकालकर पालक चौपाल में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु स्वयं का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

साहू संघ ने एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 10 नवंबर को ग्राम मारगांव निवासी और मारगांव ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष अगेश्वर साहू की निर्मम हत्या कर कुएं में शव को डाल देने से तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा हत्या करने वाले आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी और कड़ी कार्यवाही को लेकर डोंगरगांव एसडीएम और थाना प्रभारी को लिखित ज्ञापन एसडीओपी दिलीप कुमार सिसोदिया को सौंपा गया है साहू समाज के पदाधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कठोर और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले में तहसील साहू संघ अध्यक्ष शिवराम साहू, मदन साहू, कोमल साहू, रामप्रकाश साहू,राधेश्याम साहू, पुरुषोत्तम साहू, खेलन साहू, मूलचंद साहू, देवेन्द्र साहू, महेश साहू, चित्ररेखा साहू, सहित साहू समाज के कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

न्यूज गैलरी

फरार सट्टा खाईवाल योगेन्द्र की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिले में सट्टा खाईवालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। थाना फास्टरपुर क्षेत्र के कुख्यात सट्टा खाईवाल आरोपी योगेन्द्र शर्मा उर्फ भर्रा उर्फ लाला महराज, निवासी ग्राम खैरा (सेतगंगा) की गिरफ्तारी हेतु ईश्तहार जारी किया गया है। आरोपी 7 अक्टूबर से फरार है और उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 06 के तहत अपराध दर्ज है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आरोपी की पतासाजी में सहयोग करने या गिरफ्तारी की सूचना देने वाले व्यक्ति को 1000 रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना प्रभारी फास्टरपुर-सेतगंगा द्वारा आरोपी की तलाश में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि आरोपी के ठिकाने की जानकारी मिलने पर तुरंत सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का अभियान सट्टा जैसे असामाजिक कार्यों पर रोक लगाने के लिए जारी रहेगा।

ग्राम सेमरचुवा में महुआ लाहन जब्त, आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। आबकारी विभाग ने जिले के ग्राम सेमरचुवा खार झोपड़ीनुमा ट्यूबवेल के पास 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और 360 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने जिले के ग्राम सेमरचुवा खार झोपड़ीनुमा ट्यूबवेल के पास 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और 360 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी दुर्गेश पटेल के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में आबकारी वृत्त मुंगेली के प्रभारी जयसिंह मरकाम सहित स्टॉफ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

निधन
शारदामणि क्षत्रिय

मुंगेली/नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौशल सिंह क्षत्रिय की धर्मपत्नी शारदामणि क्षत्रिय का 11 नवम्बर मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 12 नवंबर को प्रातः 10 बजे दाऊपारा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

धान खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाली पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। किसानों को धान विक्रय एवं भुगतान में किसी प्रकार की समस्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने किसानों की समस्या के समाधान के लिए नंबर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खसरों का भौतिक सत्यापन करने, उपार्जन केंद्र के लिए बफर लिमिट का निर्धारण, ट्रायल रन, बारदाना एवं ऑपरेटर की व्यवस्था आदि तैयारियों की जानकारी ली और समय पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों पर विशेष निगरानी करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए आवश्यक उपाय करें। किसानों को ज्यादा से ज्यादा एटीएम कार्ड उपलब्ध करवाएं, ताकि भुगतान में कोई दिक्कत ना हो। गांव, गरीब और आम किसानों को भुगतान में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम

पटेल ने धान खरीदी से जुड़े भ्रामक खबर पर प्रभावी रोकथाम, साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने, केंद्र में उचित पार्किंग व्यवस्था आदि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी 13 नवंबर को यूनिटी मार्च और 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च का आयोजन नगर पालिका लोरमी में दोपहर 12 से 02 बजे और मुंगेली में शाम 03 से 05 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का सशक्त संदेश दिया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस पर जिला, ब्लॉक एवं आदि सेवा केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

कलेक्टर ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान आमजनों ने पेयजल, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, महतारी वंदन योजना आदि का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन में 112 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें ग्राम केशलीकला के रूपचंद जांगड़े ने अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम भटगांव के जगदीश साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम छिरहुट्टी के दीपक चंद्राकर ने 11 केव्ही विद्युत तार को अन्यत्र स्थानांतरित कराने, ग्राम सुकली की सुरजा जायसवाल ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने, ग्राम गोविंदपुर के डेरहाप्रसाद ने नलकूप खनन कराने, ग्राम विचारपुर के धनकू पाटले ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने नल जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल दिलाने, ग्राम पेण्ड्रीतालाब के संजय जांगड़े ने अपने खेत के रकबा में संशोधन कराने, ग्राम घोरपुरा के रोहित श्रीवास ने आधार कार्ड में नाम सुधार कराने सहित अन्य आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए।

जिला गठन से अब तक सिंचाई क्षेत्र में हुआ व्यापक विस्तार

प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना से जिले के किसान हो रहे समृद्ध

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में प्रधानमंत्री सुक्ष्म कृषि सिंचाई योजना के तहत व्यापक रूप से किसानों द्वारा खेती की जा रही है। जिले के गठन के समय जहां ड्रीप एवं स्प्रींकलर विधि का उपयोग लगभग 05 हेक्टेयर था। लेकिन शासन के सतत प्रयासों और प्रधानमंत्री सुक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रीप सिंचाई का क्षेत्रफल बढ़कर 325 हेक्टेयर हो गया है। जिले में सूक्ष्म सिंचाई कृषि योजना के तहत 419 किसान लाभान्वित हुए हैं। विकासखंड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत शारदापुर निवासी श्री दीपक पटवा भी प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रीप एवं स्प्रिंकलर विधि से खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले वे वर्षा ऋतु में ही धान की खेती करते थे, जिससे उन्हें सिर्फ धान की फसल का ही लाभ मिल पाता था और आमदनी भी एक ही सीजन की होती थी। परन्तु उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुक्ष्म

सिंचाई योजना के बारे में पता चलने पर उन्होंने विभाग सें संपर्क किया। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के सहयोग से उनके खेतों में 55 प्रतिशत सब्सिडी से ड्रीप लगा। आगे श्री दीपक पटवा बताते हैं कि ड्रीप विधि से खेती करने पर पैदावार में वृद्धि होने के साथ-साथ आमदनी में भी बढ़ोतरी हुई। उन्होंने बताया कि ड्रीप विधि से खेती करने में लागत कम लगता है और पैदावार अधिक होती है। साथ ही पौधों को खाद देने के लिए अलग से मजदूर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। खाद को पानी में ही घोलकर ड्रीप की सहायता से पौधों तक पहुंचाया जाता है। श्री पटवा ने बताया कि उन्होंने 02 एकड़ खेत में उद्यान विभाग के मार्गदर्शन में ड्रीप लगवाया है। वे बताते हैं कि 01 एकड़ खेत में ड्रीप लगाने का खर्च लगभग 66 हजार रुपये का खर्च आता है, जिसमें उद्यान विभाग द्वारा 55 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि ड्रीप के माध्यम से खेती करने के लिए तैयार किये गए खेत में तीन फसल लिया जा सकता है। वे भी तीन फसल का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें हर साल लगभग प्रति एकड़ 03 लाख रुपये की आमदनी हो रही है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, जिसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लागू किया गया है, का उद्देश्य ड्रीप और स्प्रिंकलर जैसी तकनीकों को बढ़ावा देकर कृषि में जल उपयोग दक्षता में सुधार करना है।

यह योजना किसानों को पानी और उर्वरक की बचत करने, फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करती है, और इसके लिए सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुक्ष्म कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रीप स्प्रींकलर विधि खेती में किसानों के लिए पानी की समस्या का एक ऐसा समाधान है जो पानी की बचत करने के साथ-साथ पौधों की वृद्धि में भी मदद करता है।

ग्राम सिपाही में शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों का हल्ला बोल

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सिपाही-सेतगंगा पहुंच मार्ग पर प्रस्तावित सरकारी शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। गांव के पुरुषों और महिलाओं के साथ स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे भी हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मार्ग पर शराब दुकान खुलता है तो महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक वातावरण तथा शांति व्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने शिकायत में कहा है कि ग्राम सिपाही से सेतगंगा को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग रोज 200 से अधिक बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों के आवागमन का जरिया है। ऐसे में इसी मार्ग पर शराब दुकान खोले जाने के प्रस्ताव ने ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान खुलने से महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों की मानसिक स्थिति और गांव की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। स्कूली बच्चों का शांतिपूर्ण विरोध। स्कूली बच्चों ने हाथों में ÷हमें शराब नहीं, शिक्षा दो, हमारे भविष्य को सुरक्षित करने का भिक्षा दो÷ जैसी तख्तियां लेकर विरोध जताया। बच्चों ने कहा कि शराब दुकान खुलने पर उन्हें रोज स्कूल आते-जाते वक्त असुरक्षा महसूस होगी। छात्राओं का यह भी कहना है कि हम रोज इसी रास्ते से स्कूल जाते हैं, अगर यहां शराब दुकान खुलेगी तो हमें डर लगेगा। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि शराब दुकान को इस क्षेत्र से दूर किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उचित निर्णय नहीं लिया तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन करने बाध्य होंगे। इस क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार भी फलने-फूलने की शिकायत है।

पति की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की थी आत्महत्या, आरोपी गिरफ्तार

घरघोड़ा/नवप्रदेश। पति की प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला थाना घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम कोटरीमाल का है, जहां बसंतपुर धरमजयगढ़ निवासी 28 वर्षीय श्रीमती आसंमोती उर्फ दिला बिरहोर ने 9 नवंबर 2025 की दोपहर आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच में पाया कि मृतिका को उसका पति सुंता बिरहोर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। साक्ष्य मिलने पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2019 में सुंता बिरहोर और मृतिका दिला बिरहोर के बीच प्रेम संबंध के बाद विवाह हुआ था। विवाह के बाद दोनों कुछ वर्ष तक बसंतपुर में साथ रहे, इस दौरान उनके एक पुत्र का जन्म हुआ। पुत्र के जन्म के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ा और सुंता बिरहोर अपनी पत्नी और बच्चे को छोड़कर अपने गांव कोटरीमाल लौट गया तथा लगभग चार वर्षों तक पत्नी से अलग रहा। अक्टूबर 2025 में दीपावली के पहले वह पत्नी को वापस अपने साथ ले गया, परंतु घरेलू कलह और मारपीट की प्रवृत्ति में कोई बदलाव नहीं आया। घटना वाले दिन सुबह भी सुंता बिरहोर ने अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर मारपीट की थी। उसी दिन दोपहर में दिला बिरहोर ने मेन सिंह राठिया के काजूबाड़ी स्थित आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं एफएसएल टीम रायगढ़ की मौजूदगी में मर्ग जांच, पंचनामा और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। परिजनों के बयान एवं पीएम रिपोर्ट से यह पुष्टि हुई कि मृतिका ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की है।

महतारी सदन निर्माण कार्य का सीईओ ने किया निरीक्षण

सक्ती/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सक्ती वासु जैन ने आज विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम सकरेली कला में निर्माणाधीन 'महतारी सदन' भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग, कार्य की प्रगति तथा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि भवन का उपयोग लंबे समय तक सुचारू रूप से किया जा सके। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच ने महतारी सदन परिसर हेतु शौचालय निर्माण की मांग रखी, जिस पर श्री जैन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने कहा कि 'महतारी सदन' महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थल होगा।

---

13 नवंबर को जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 13 नवंबर को जिले में 'यूनिटी मार्च' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नगर पालिका लोरमी में दोपहर 12 से 2 बजे तक तथा मुंगेली में शाम 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा। यूनिटी मार्च का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देना है। इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, स्कूल और कॉलेजों के हजारों छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भोपाल से नाबालिग बालिका बरामद, दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग गुमशुदा बालिका को भोपाल (मध्यप्रदेश) से बरामद कर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 137(2), 87, 64(1), 64(2)(ड) बीएनएस एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है।पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में गुम हुए बालक-बालिकाओं की बरामदगी और महिला संबंधी अपराधों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत छाबड़ा और एसडीओपी मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में टीम ने कार्रवाई की। 29 अक्टूबर को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 अक्टूबर को उसकी 16 वर्षीय पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सायबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर की मदद से आरोपी की खोज शुरू की।8 नवंबर को पुलिस टीम ने भोपाल के अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित रायल क्रिस्टल कॉलोनी में दबिश देकर नाबालिग बालिका को आरोपी उमेश उर्फ विक्की राय (19 वर्ष), निवासी नवागांव घुठेरा, थाना सिटी कोतवाली के कब्जे से बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने शादी का झांसा देकर बालिका को भगाकर ले जाने और शारीरिक शोषण करने की बात स्वीकार की। आरोपी को गिरफ्तार कर 10 नवंबर को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े सहित पुलिस टीम के जवानों का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक की पहल व प्रेरणा से 80 हजार बच्चे हुए जागरूक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला के समस्त पुलिस अधिकारियों पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की प्रेरणा एवं पहल टीम एवं पुलिस बालमित्र रोशना डेविड उड़ान जी एस सोसायटी महासमुंद द्वारा ग्रामीण एवं शहरीय अंचलों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 80 हजार से भी अधिक बच्चो के लिए पहल कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में बच्चो को ऑन लाइन धोखाधडी एवं उससे होने वाले विभिन्न अपराधों की जानकारी दी गई।नशा के दुष्परिणाम एवं सुरक्षित यातायात नियमो

की जानकारी दी गई साथ ही अपराधो से दूर रहने को प्रेरित किया साथ ही पॉक्सो एक्ट,महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाले अपराध एवं कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई, एस पी भोजराम पटेल ने स्वयं बच्चो से रूबरू होकर जीवन की 3 मूलभूत सिद्धांतों दैहिक,दैविक एवं भौतिक शब्दों के माध्यम से शरीर की सुरक्षा, मन की एकाग्रता और उपलब्ध संसाधनों से संतुष्ट होकर लक्ष्य प्राप्त करने की शिक्षा दिए,पुलिस बालमित्र रोशना डेविड द्वारा कार्यक्रम में बच्चो को सफलता के महत्वपूर्ण बिंदुओ अनुशासन,पूर्ण शिक्षा,लक्ष्य प्राप्ति ,सुविचार, अच्छे संस्कार को जीवन में पूर्ण रूप से अपनाने जागरूक किया। पहल कार्यक्र म से बच्चो को विशेष रूप से जोड़ने के लिए पहल कार्यशाला के साथ साथ पहल स्पर्धा, नुक्कड़-नाटक, गीत-संगीत, रंगोली,ड्राइंग, मेंहदी, निबंध, श्लोगन, खेलकूद का आयोजन किया,सायकल रैली पहल श्रृंखला , वृक्षारोपण एवं रैली का आयोजन कर बच्चो को पुरस्कृत किया।

शिविर कलेक्टर के निर्देशन में पेंशनरों को सहज और सरल तरीके से उपलब्ध कराई जा रही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा

सियान सदन सक्ती में पेंशनरों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला कोषालय अधिकारी उपेंद्र पटेल, भारतीय स्टेट बैंक सक्ती तथा पोस्ट ऑफिस के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के तहत विगत दिवस छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर प्रकोष्ठ जिला सक्ती की उपस्थिति में सियान सदन सक्ती में पेंशनरों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में सैकड़ों पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए। पेंशनरों ने इस पहल पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशन में जिला कोषालय अधिकारी द्वारा पेंशनर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से संपर्क कर जिले के पेंशनरों के लिए ज्यादा से ज्यादा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाने के सकारात्मक पहल के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सहायक कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन के उपस्थिति में बड़ी संख्या में पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाया गया। इसके साथ ही जिले के वयोवृद्ध पेंशनर श्री चिंताराम जांगडे सहित अन्य कई पेंशनरों के घर पहुंचकर भी डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया गया। पेंशनरों के लिए आवश्यकता पड़ने पर इसी

प्रकार से और भी शिविर का आयोजन पेंशनर प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के तहत आयोजित शिविर में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर प्रकोष्ठ जिला सक्ती के प्रमुख संरक्षक श्री रमेश तिवारी और जिला संयोजक श्री राधेलाल भारद्वाज का सराहनीय सहयोग रहा।

बता दे कि पेंशनरो के जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल पारदर्शी तथा डिजिटल बनाने के उ?द्देश्य से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 संस्करण जारी किया गया है। यह संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है। जिसके माध्यम से पेंशनर बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाइल फोन अथवा कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 की सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पेंशनरों के लिये बड़ी सौगात है, जिससे अब पेंशनर घर बैठे अपना जीवन प्रमाण पत्र बना सकते है। केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त सहयोग से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 की शुरुआत हो गई है।

घने कोहरे और सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी

लखनपुर/नवप्रदेश। रिकार्ड बारिश के बाद अब सरगुजा संभाग में मौसम साफ होते ही कड़ाके की ठंड पड़ने लगी। रात की तापमान में गिरावट आने लगी है। वहीं दिन के उजाले में भी सर्द हवाओं के बहने से ठंडक का एहसास होने लगा है।

सुबह घने कोहरे के साथ गुलाबी ठंड का मिला-जुला असर जनजीवन पर दिखाई देने लगा है। स्वेटर साल उनी गर्म कपड़ों की खरीदारी बाजार में बढ़ने लगी है। क्षेत्र में लोग शाम ढलने के बाद तथा सबेरे आग अलाव का सहारा

लेने लगे हैं। बढ़ते ठंड को देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। कुछ पुराने ख्यालात के लोगों का मानना है कि जिस वर्ष जितनी अधिक बारिश होती है उतना अधिक ठंड पड़ता है। फिलहाल रजाई गद्दे तथा इलेक्ट्रॉनिक हिटर की खरीद फरोख्त करते नजर आने लगे हैं।

गेवरा-बिलासपुर मेमू हादसे की एक और छात्रा परवीन की इलाज के दौरान मौत

मरने वालों की संख्या 13 हुई, पढ़ाई के सपनों के साथ बिलासपुर आई इस छात्रा की जिंदगी एक दुर्घटना की बेरहमी में थम गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। गेवरा-बिलासपुर मेमू ट्रेन हादसा अब और भयावह हो गया है। हादसे में गंभीर रूप से घायल डीपी विप्र कॉलेज की छात्रा महविश परवीन 19 वर्ष ने मंगलवार रात अपोलो अस्पताल में दम तोड़ दिया। पढ़ाई के सपनों के साथ बिलासपुर आई इस छात्रा की जिंदगी एक दुर्घटना की बेरहमी में थम गई। इस हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

4 नवंबर को लालखदान के पास हुई कोरबा-बिलासपुर मेमू और मालगाड़ी की भिड़ंत अब 12वीं जान ले चुकी है। मंगलवार देर रात लगभग 10 बजे डीपी विप्र कॉलेज की छात्रा महविश परवीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह हादसे के समय ट्रेन के महिला कोच में सवार थी। तेज़ टक्कर के झटके से कोच में मौजूद लोहे के एंगल ने उसके दोनों पैरों को बुरी तरह दबा दिया था। महविश के पैरों में मल्टीपल फ्रैक्चर, पसलियों की

चार हड्डियां टूटीं और कॉलर बोन क्षतिग्रस्त हुई थी। उसे पहले सिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां हालत गंभीर होने पर अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने लगातार एक सप्ताह तक इलाज किया, लेकिन मंगलवार रात वह जिंदगी की जंग हार गई। महविश के चाचा मोहम्मद रहमान ने बताया कि बचपन में उसे दिल की बीमारी थी, जिसके लिए रायपुर एस्कॉर्ट अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। वह पूरी तरह स्वस्थ होकर आगे बढ़ी, पढ़ाई में उत्कृष्ट रही और परिवार का गर्व बनी। 12वीं पास करने के बाद उसने डीपी विप्र कॉलेज, बिलासपुर में बीएससी गणित में दाखिला लिया था। महविश अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने घर गई थी और 4 नवंबर को बिलासपुर लौटते वक्त ही यह हादसा हुआ। मेमू ट्रेन हादसे में अब तक 12 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जबकि कई घायल अब भी विभिन्न अस्पतालों में जीवन-मौत से जूझ रहे हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार, हादसा सिग्नलिंग सिस्टम की तकनीकी त्रुटि और मानवीय गलती के मेल से हुआ

गेवरा-बिलासपुर मेमू ट्रेन हादसा : अब तक की टाइमलाइन

दोपहर करीब 3:30 बजे लालखदान स्टेशन के पास कोरबा-बिलासपुर मेमू और मालगाड़ी की भीषण टक्कर। हादसे के वक्त मेमू ट्रेन के महिला कोच और दूसरे डिब्बे को सबसे ज्यादा नुकसान। मौके पर ही 9 यात्रियों की मौत, दर्जनों घायल। 5-6 नवंबर को घायलों को सिम्स, अपोलो, और सीएचसी जयरामनगर में भर्ती किया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को रायपुर एम्स रेफर किया गया। रेलवे बोर्ड की उच्च स्तरीय जांच टीम बिलासपुर पहुंची। 7 नवंबर को रेलवे ने प्रारंभिक रिपोर्ट में 'सिग्नलिंग सिस्टम फेल्योर और मानवीय भूल' को कारण माना। पीड़ित परिवारों को 10 लाख तक मुआवजा देने की घोषणा। 9 नवंबर को एक और यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ा, मृतकों की संख्या 10 पहुंची। स्थानीय संगठनों ने रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। 10 नवंबर को रेल मंत्रालय ने सीबीआई तकनीकी सेल को भी जांच सौंपी। हादसे के लिए जिम्मेदार दो रेलकर्मियों को निलंबित किया गया।

परिवार और दोस्तों में शोक

युवा उम्र में हुई इस मौत ने परिवार और कॉलेज दोनों में शोक की लहर दौड़ा दी है। डीपी विप्र कॉलेज प्रशासन ने छात्रा की याद में दो मिनट का मौन रखा। सहपाठियों ने कहा कि महविश हमेशा मुस्कुराकर कठिनाइयों से लड़ने वाली छात्रा थी उसे पढ़ाई से प्यार था, वह कभी शिकायत नहीं करती थी, अब वही हौसला हार गया।

■ न्यूज गैलरी

आधारशिला सैनिक स्कूल में ओपन राउंड प्रवेश शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला सैनिक स्कूल के लिए 'ओपन ऑफलाइन एडमिशन राउंड' के लिए एक विशेष अभियान 04 से 19 नवंबर 2025 तक खुला है। केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने एआईएसएसईई 2025 के लिए अर्हता प्राप्त की है, और जो किसी भी सैनिक स्कूल/नए सैनिक स्कूल में भर्ती नहीं हुए हैं, वे स्कूल के अंतिम अनुमानित स्पॉट राउंड शेष रिक्तियों के अनुसार आधारशिला सैनिक स्कूल में सीधे आवेदन कर सकते हैं आधारशिला सैनिक स्कूल भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन सैनिक स्कूल सोसिएट 4 से संबद्ध एक प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय है। यह विद्यालय विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रप्रेम और चरित्र निर्माण के मूल्यों का विकास करता है। विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ-साथ सैनिक प्रशिक्षण एवं समग्र व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाता

पानी से भरे गड्ढों में हाथियों की मौत पर सुनवाई

हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, सरकार से शपथ पत्र के साथ मांगा स्पष्टीकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। पानी भरे गड्ढे में गिरने के बाद कीचड़ में फंसकर हाथियों की मौत के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट सुनवाई हुई। शासन ने अपने प्रस्तुत जवाब में बताया कि प्रदेश के वन क्षेत्र में 20 हजार खुले गड्ढे और कुएं हैं। कोर्ट ने इनसे वन्य प्राणियों को बचाने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी शपथपत्र में देने के निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने डिवीजन बेंच को बताया कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले के बार नवापारा अभयारण्य के ग्राम हरदी में भी तीन हाथी और उनका शावक सूखे कुएं में गिर गए थे, जिन्हें जेसीबी के मदद से निकाला गया था। हाईकोर्ट ने पूछा कि ऐसे सूखे कुओं और गड्ढों की कवरिंग के लिए क्या कर रहे हैं? 15 दिसम्बर की सुनवाई में शासन को नए शपथपत्र

में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। रायगढ़ वन क्षेत्र के पानी भरे गड्ढे में हाथी शावक की डूबकर मौत हो गई थी। हाईकोर्ट ने पिछले माह संज्ञान लेकर कहा कि सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने चाहिए। इसके लिए निरीक्षण, निगरानी और त्वरित उपचारात्मक कदम उठाने होंगे। कोर्ट के नोटिस के बाद राज्य सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में कहा गया था कि भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

वन विभाग के पास जोखिम- मानचित्रण तंत्र का अभाव

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई कि वन विभाग के पास ऐसे जल निकायों की व्यवस्थित निगरानी और जोखिम-मानचित्रण तंत्र का अभाव है। क्षेत्रीय कर्मचारी, विशेष रूप से बीट और रेंज स्तर पर, अक्सर अपर्याप्त संसाधनों के साथ ऐसी आपात स्थितियों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में असमर्थ होते हैं। हाथियों के बच्चों की बार-बार होने वाली मौतें वन्यजीव संरक्षण प्रयासों में एक दुखद कमी को उजागर करती है।

कांग्रेस नेता प्रमोद नायक हुए ई-चालान ठगी का शिकार

■ **फर्जी लिंक क्लिक करते ही मोबाइल हैक**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में साइबर ठगी का एक और बड़ा मामला सामने आया है। इस बार साइबर अपराधियों ने कांग्रेस नेता प्रमोद नायक को निशाना बनाया है। धोखेबाजों ने फर्जी आरटीओ ऑफिस के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और नायक को उसमें जोड़ दिया। ग्रुप में भेजे गए संभावित ई-चालान लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल पूरी तरह से हैक हो गया। मोबाइल हैक होते ही, हैकर्स ने प्रमोद नायक के मोबाइल से उनके सभी संपर्कों (कॉन्टैक्ट्स) और व्हाट्सएप ग्रुप्स में वही फर्जी ई-चालान लिंक भेजना शुरू कर दिया। हैकर्स कांग्रेस नेता के नाम का इस्तेमाल करते हुए आरटीओ ऑफिस के नाम पर यह फर्जी चालान संदेश फैला रहे थे। इस घटना से न केवल नायक का निजी डेटा खतरे में आया, बल्कि उनके संपर्क में मौजूद अन्य लोगों के मोबाइल और बैंक अकाउंट पर भी जोखिम पैदा हो गया। कांग्रेस नेता प्रमोद नायक ने इस घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। नायक ने बताया 'कल रात मेरे मोबाइल पर आरटीओ ऑफिस के नाम से एक ग्रुप बना था। मैंने सोचा कि यह चालान संबंधी होगा, इसलिए खोल लिया। उसे खोलते ही वह अपने आप डाउनलोड हो गया।

समय पर चालान जमा नहीं करने व नियमों का उल्लंघन करने वालों का प्रकरण अब नियमित कोर्ट में

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर आई टी एम एस के माध्यम से ऑनलाइन चालानी कार्यवाही नियमित रूप से की जा रही है तथा निर्धारित समय अवधि पर चालान शुल्क जमा नहीं किए जाने वाले वाहन चालकों/स्वामियों के चालान ऑनलाइन माध्यम से 'ट्रांसफर टू रेगुलर कोर्ट' मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिलासपुर स्वमेव स्थानांतरित हो जा रही है। सर्वप्रथम वर्चुअल माध्यम से चालान जमा करने का अवसर प्रदान किया जाता है तत्पश्चाप रेगुलर कोर्ट के माध्यम से प्रकरण की सुनवाई की जाती है ऐसे ही बिलासपुर जिले के यातायात थाना में (वर्चुअल कोर्ट वाले प्रकरण) अगस्त 2025 के पूर्व के प्रकरणों जिनके वाहन स्वामी/चालक के द्वारा ऑनलाइन फाइन जमा नहीं किया गया है उनके ऑनलाइन चालान को माननीय न्यायालय 'ट्रांसफर टू रेगुलर कोर्ट' हुआ है जिसमें भी वाहन स्वामी/चालक को नोटिस जारी की जा रही है परंतु वाहन चालकों द्वारा इस संबंध में रुचि लेकर माननीय न्यायालय में चालान जमा नहीं किया जा रहा है और उनके पते कई बार परिवर्तन हो जाने के कारण उन्हें नोटिस की तामिल में कठिनाइयां हो रही है। अतः ऐसे वाहन स्वामी/ वाहन चालक जिनका ऑनलाइन चालान (वर्चुअल कोर्ट वाले) मोटर यान अधिनियम में फाइन किया गया है।

न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर रजिस्ट्रेशन होगा निलंबित

प्रकरणों के निराकरण हेतु उपस्थित नहीं होने वाले वाहन चालकों/वाहन स्वामी न्यायालय उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रकरण में गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर निलंबन की प्रक्रिया की जाएगी। तत्पश्चात गाड़ी नियमानुसार जप्त की जाएगी। समस्त वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से यातायात पुलिस बिलासपुर की विशेष अपील है कि यातायात नियमों का समुचित पालन करते हुए ही वाहनों का चालन करें ताकि सड़कों पर सरल, सुगम, सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा की स्थिति निर्मित ना हो।

1.5 क्विंटल कबाड़ व वाहन जब्त, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कबाड़ ले जा रहे सफेद रंग के छोटा हाथी वाहन को पकड़ा। वाहन से लगभग 1.5 क्विंटल पुराने स्टील बर्तन और अन्य कबाड़ सामग्री कीमत 51,000 जब्त की गई। चालक भरत वैष्णव निवासी खुरदुर को गिरफ्तार कर वाहन समेत कुल 81,000 का माल ज़ब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

कोटा विधानसभा में 24 लोंगो ने ली आजाद युवा संगठन की सदस्यता

बिलासपुर /नवप्रदेश। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आज़ाद युवा संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत ग्राम पंचायत उमरिया (कुरदर) में अभियान चलाते हुए 24 लोंगो को संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाई गई द्य इस अभियान में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी चंद्रपाल बैगा कोटा ब्लाक उपध्यक्ष एवं सनोहर पैकरा प्रचार मंत्री कोटा ब्लाक के अलावा मिलाप सिंह बैगा, पूनऊ राम बैगा, रवि कुमार बैगा, शिव कुमार बैगा, बलिराम बैगा, सत्यनारायण बैगा, मेला राम बैगा, माधव सिंह बैगा, गंगा राम बैगा, रवि कुमार बैगा, कुमार बैगा, श्याम कली बैगा, चम्पा बाई बैगा, शिवकुमारी बैगा, धन कुंवर बाई बैगा, रामप्यारी बैगा, रामकुमार बैगा, गुलाब सिंह बैगा,जनक राम बैगा, तीज कुंवर बैगा, मान कुंवर बाई बैगा, शांति बाई बैगा, बैसखिया बाई बैगा आदि लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

खेल, विज्ञान मेला और शोध से जुड़ी गतिविधियों से निखरेगी विद्यार्थियों की प्रतिभा

डीपी विप्र कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। डीपी विप्र कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय राम नारायण शुक्ल स्मृति खेल दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम का उद्घाटन एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ. अरुण पटनायक द्वारा किया गया, जबकि समापन समारोह में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के रजिस्ट्रार डॉ. गौतम मुख्य अतिथि होंगे। खेलकूद प्रतियोगिता में

कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों के साथ कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारी और अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। पूरे महाविद्यालय परिसर में उत्साह और खेल भावना का माहौल देखने को मिल रहा है।प्राचार्य ने आगे बताया कि आगामी 17, 18 और 19 नवंबर को महाविद्यालय में साइंस म्यूजियम 'विज्ञान मेला' का भी आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्ष इस मेले में 13 वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए गए थे और करीब 3300 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया था। इस वर्ष भी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक अपने मॉडल प्रस्तुत करेंगे।महाविद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए नियमित रूप से निबंध, वाद-विवाद और शोध से संबंधित सेमिनार आयोजित किए जाते हैं।

डाक जीवन बीमा से बीमित परिवार को मिला आर्थिक संबल

बिलासपुर/नवप्रदेश। डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत बीमाधारक मुनेश्वर प्रसाद द्वारा प्रतिमाह 2456 रुपए का प्रीमियम 10 माह तक नियमित रूप से जमा किया गया था। दुर्भाग्यवश उनकी आकस्मिक मृत्यु होने पर, उनके नॉमिनी सुखमनी एवं लक्ष्मी प्रसाद को विभाग द्वारा 10,51,974 रुपए (पूरे बीमाधन सहित बोनस) की राशि चेक के माध्यम से प्रधान डाकघर जांजगीर में प्रदान की गई। यह चेक अधीक्षक डाकघर बिलासपुर संभाग, विनय कुमार प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक (दौरा), बिलासपुर अरुण तिवारी, उपसंभागीय निरीक्षक जांजगीर उपसंभाग निखिल गोपाल, पोस्टमास्टर जांजगीर राजेश कुमार स्वर्णकार, धीरेंद्र राठौर, अमित कौशिक, जोगिंदर धृतलहरे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। इस भुगतान ने डाक जीवन बीमा योजना की विश्वसनीयता और पारदर्शिता को फिर एक बार साबित किया। डाक जीवन बीमा – हर कदम पर सुरक्षा का भरोसा।

निरीक्षण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने बिलासपुर-रायगढ़ रेल खंड का किया निरीक्षण

जीएम ने अधिकारियों को बेहतर समन्वय, जिम्मेदारी व संरक्षा नियमों का पालन के साथ कार्य करने किया प्रेरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने आज बिलासपुर-रायगढ़ रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलखंड पर ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग सिस्टम, कर्व, ब्रिज, समपार फाटक एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स आदि की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गति प्रतिबंधों, संरक्षा मानकों एवं परिचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई।

महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, रायगढ़ के रेलवे इंस्टिट्यूट में स्पैड से बचाव विषय पर आयोजित संरक्षा सेमिनार में विशेष रूप से उपस्थिति हुए। इस

अवसर पर महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी विभागों को बेहतर समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सेमिनार में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, गार्ड तथा संरक्षा से जुड़े रेल पथ, सिग्नल आदि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा मानकों का पालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को नवीन तकनीकों का उपयोग कर दक्षता बढ़ाने तथा दुर्घटनारहित संचालन सुनिश्चित करने की भी सलाह दी। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट तथा गार्ड के परिवार के सदस्यों से वार्तालाप उनके परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने सेमिनार में उपस्थित सभी लोको पायलट, सहायक लोको पायलट को ड्यूटि के दौरान सिग्नल को दूर से अनुमान लगाने की कोशिश ना करने एवं सिग्नल की दृश्यता को ध्यान में रखते हुए मानक नियमों के अनुरूप कार्य करने की महत्वपूर्ण सलाह दिए।

चक्रधर नगर में हट केबिन का किया निरीक्षण

महाप्रबंधक ने चक्रधर नगर में ट्रेनों के बेहतर संचालन के लिए बनाए जा रहे निर्माणाधीन हट केबिन (ब्लॉक केबिन) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, बिलासपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मजबूत वैश्विक संकेतों से हरे निशान में खुला शेयर बाजार

मुंबई। मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला। सुबह 9ः22 पर सेंसेक्स 455 अंक या 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,321 और निफ्टी 131 अंक या 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,826 पर था। शुरुआती सत्र में बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयर कर रहे थे। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.28 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.69 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.59 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 0.66 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 0.57 प्रतिशत, निफ्टी इन्फ्रा 0.60 और निफ्टी कमोडिटीज 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 342 अंक या 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,769 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 116 अंक या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,200 पर था। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, इटरनल (जोमैटो), भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड गेनर्स थे। बीईएल, एचयूएल, ट्रेंट, मारुति सुजुकी, आईटीसी और सनफार्मा लूजर्स थे।

च्यवनप्राश वॉर : डाबर की शिकायत पर पतंजलि के विज्ञापन पर लगी रोक, 3 दिन में हटाने का आदेश

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि च्यवनप्राश के उस विवादास्पद विज्ञापन को तीन दिनों के भीतर बंद करने का आदेश दिया है, जिसमें अन्य सभी च्यवनप्राश ब्रांडों को 'धोखा' (धोखाधड़ी या छल) बताया गया था। यह आदेश प्रतिद्वंद्वी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा दायर एक याचिका पर आया है। जस्टिस तेजस करिया ने डाबर इंडिया लिमिटेड बनाम पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों, ओवर द टॉप (ह्लञ्जञ्ज) प्लेटफॉर्म और अन्य प्रसारकों को तीन दिनों के अंदर इस विज्ञापन को हटाने, ब्लॉक करने या निष्क्रिय करने का सख्त निर्देश दिया। जस्टिस करिया ने अपने फैसले में कहा, प्रतिवादी (पतंजलि) राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों, ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्रिंट माध्यमों और वर्ल्ड वाइड वेब/इंटरनेट पर प्लेटफॉर्म, समाचार पत्रों और अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से विवादित विज्ञापन को तीन दिनों के अंदर हटाएं, ब्लॉक करें या उसे निष्क्रिय कर दें। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने यह आदेश डाबर इंडिया की उस याचिका पर दिया, जिसमें पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश के हालिया टीवी विज्ञापन को 'अपमानजनक और अनुचित' बताया गया था। डाबर की याचिका के अनुसार, इस विज्ञापन में बाबा रामदेव उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए दिखाई दे रहे थे कि च्यवनप्राश के नाम पर ज़्यादातर लोगों को ठगा जा रहा है।

यूआईडीएआई की नेतृत्व टीम के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए

यूआईडीएआई ने बच्चों में आधार अपडेट को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च कंसल्टेंसी बीआईटी के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, यूआईडीएआई ने रिसर्च कंसल्टेंसी बिहेवियरल इनसाइट्स लिमिटेड (बीआईटी) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को उनके आधार कार्ड में समय पर किए जाने वाले बायोमेट्रिक अपडेट के साथ महत्वपूर्ण सेवाओं तक पहुंच में मदद करना है।

इस समझौता ज्ञापन पर यूआईडीएआई की डीडीजी तनुश्री देब बर्मा और बीआईटी के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि गुरुमूर्ति ने यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार और यूआईडीएआई की नेतृत्व टीम के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, समझौता ज्ञापन का उद्देश्य 5 वर्ष और 15 वर्ष के बच्चों के लिए आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को बढ़ावा देना और समय पर अपडेट सुनिश्चित करने के लिए व्यवहारिक, तार्किक और जागरूकता संबंधी बाधाओं को दूर करना है। साथ ही, आधार से जुड़ी सेवाओं और लाभों तक निर्बाध पहुंच को सक्षम बनाना है।मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि आधार एमबीयू अपडेट को बढ़ावा देने के लिए अनुकूलित व्यवहारिक हस्तक्षेपों को डिजाइन, टेस्ट और कार्यान्वित किया जाएगा।इस अवसर पर यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने कहा, जब टेक्नोलॉजी को मानवीय व्यवहार के साथ जोड़ा जाता है तो डिजिटल पहचान एक तकनीकी प्रक्रिया से बढ़कर एक अधिक सहज, विश्वसनीय और सशक्त अनुभव में बदल जाती है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, हम इस प्रभाव को प्राप्त करने की आशा करते हैं।

बीआईटी की सीईओ रेचल कोयल ने कहा कि मानव व्यवहार की नई साक्ष्य-आधारित समझ से आधार के अपडेट को बढ़ावा मिल सकता है और आधार संख्या धारकों को महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। आधार कार्ड धारक के रूप में एक बच्चे को 5 वर्ष की आयु और इसके बाद दोबारा 15 वर्ष की उम्र में आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट जैसे फिंगरप्रिंट और फोटो अपडेट करवाने की जरूरत होती है। यूआईडीएआई की ओर से 7-15 आयु वर्ग के लिए एमबीयू के सभी शुल्क माफ कर दिए हैं, जिससे लगभग 6 करोड़ बच्चों को लाभ होने की उम्मीद है।

एफटीए के क्रियान्वयन से द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय प्रवासी देख रहे हैं भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक संबंधों में अपार संभावनाएं

बिजनेस डेस्क। ऑकलैंड के भारतीय प्रवासी समुदाय का यह कहना है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए पर्यटन, शिक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हाल की ऑकलैंड और रोटोरुआ यात्रा से व्यापार वार्ता को काफी प्रोत्साहन मिला है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए पर्यटन, शिक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं। ऑकलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय का यह कहना है। भारत न्यूजीलैंड में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को भारी

बढ़ावा मिलेगा। यह वर्तमान में लगभग 1.4 अरब डॉलर है। बता दें कि दोनों देश व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिए व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हाल की ऑकलैंड और रोटोरुआ यात्रा से व्यापार वार्ता को काफी प्रोत्साहन मिला है। ऑकलैंड स्थित कंप्यूटर इंजीनियर रानी सिंह ने कहा कि मैं दोनों देशों के बीच मिलकर काम करने के लिए अपार अवसर देखती हूं, न केवल व्यापार में, बल्कि शिक्षा, पर्यटन और प्रीमियम पेय पदार्थ व प्रौद्योगिकी जैसे नवाचार-संचालित उद्योगों जैसे दीर्घकालिक संबंध बनाने वाले क्षेत्रों में भी। उन्होंने कहा कि दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, एआई और साइबर सुरक्षा में सहयोग से भी लाभ उठा सकते हैं। सिंह ने कहा कि इन क्षेत्रों में जहां भारत के पास व्यापकता और प्रतिभा है। वहीं न्यूजीलैंड नवाचार और मजबूत अनुसंधान वातावरण प्रदान करता है।

उन्होंने आगे कहा कि हमें विश्वविद्यालयों और तकनीकी कंपनियों के बीच संयुक्त तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों और छात्र आदान-प्रदान के अवसरों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस तरह के सहयोग दोनों देशों के छात्रों को वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना करने के लिए तैयार करेंगे। इसी तरह के विचार साझा करते हुए प्रबंधन पेशेवर अजितेश शेखर ने कहा कि एयर सर्विसेज एग्रीमेंट के अपडेट और न्यूजीलैंड आने वाले भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने पर्यटन क्षेत्र में गहरे सहयोग के नए रास्ते खोले हैं।

उन्होंने कहा कि सीधी हवाई कनेक्टिविटी, सुगम वीजा प्रक्रिया और साझा ब्रांडिंग से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय पर्यटन को मजबूती मिल सकती है। शेखर ने यह भी जोड़ा कि मादक पेय पदार्थ क्षेत्र, भले ही सीमित दायरे का हो, लेकिन दोनों देशों के बीच उच्च मूल्य का सहयोग प्रदान करता है।

डीमर्जर के बाद टाटा मोटर्स कमर्शियल के शेयर 28 प्रतिशत प्रीमियम पर हुए लिस्ट

मुंबई। टाटा मोटर्स की कमर्शियल इकाई के शेयर बुधवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 335 रुपए प्रति यूनिट पर लिस्ट हुए, जो कि डिस्कवरी प्राइस 260.75 रुपए प्रति यूनिट से 28.5 प्रतिशत अधिक है। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल के शेयर 330.25 रुपए प्रति यूनिट पर लिस्ट हुए, जो कि डिस्कवरी प्राइस 261.90 रुपए प्रति शेयर से 26.09 प्रतिशत था।

हालांकि, लिस्टिंग के बाद शेयरों में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। सुबह करीब 11ः35 बजे, एनएसई पर शेयर 1.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 328.65 रुपए पर कारोबार कर रहा था। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल के शेयर 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 404.75 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। टाटा मोटर्स के बोर्ड ने पिछले साल अपने कमर्शियल वाहन और पैसेंजर वाहन कारोबार को बेहतर ऑपरेशनल एफिशिएंसी के लिए 1ः1 के अनुपात में अलग-अलग लिस्ट करने का ऐलान किया था।यह डीमर्जर एक अक्टूबर 2025 से

प्रभावी हो गया है। इसकी रिकॉर्ड डेट 14, अक्टूबर, 2025 थी। इसके तहत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) के शेयरों ने 14 अक्टूबर को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में शेयर बाजार में कारोबार करना शुरू किया था , जिसका मूल्य रिकॉर्ड डेट पर समायोजन के बाद लगभग 400 रुपए प्रति शेयर था। यह 660.75 के डीमर्जर के पहले की डेट के क्लोजिंग प्राइस के आधार पर था।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नितिन कुकरेजा पुत्र ओम प्रकाश कुकरेजा, निवासी मकान नं. 51 वार्ड नं. 14 हरेठी रोड सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

मैं अपना पुराना नाम नितिन कुकरेजा पुत्र ओम प्रकाश परिवर्तन करके,नितिन कुकरेजा पुत्र ओम प्रकाश कुकरेजा कर दिया है।

अतः भविष्य में मुझे सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम नितिन कुकरेजा पुत्र ओम प्रकाश कुकरेजा से पहचाना जाए।

शपथ पत्र संख्या 0012103375 दिनांक 10/11/2025 नोटरी अलका रानी जायसवाल के समक्ष

नितिन कुकरेजा पुत्र ओम प्रकाश कुकरेजा

मकान नंबर 51 वार्ड नंबर 14 हरेठी रोड सक्ती, जिला सक्ती(छ.ग.)

खेल, मनोरंजन

सम्राट राणा ने गोल्ड पर साधा निशाना 10 मीटर एयर पिस्टल में रचा इतिहास

नईदिल्ली। करनाल के 20 साल के शूटर सम्राट राणा ने सोमवार को काहिरा में आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया और 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता है. ओलंपिक पिस्टल डिसिप्लिन में भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन बन गए. उनके शानदार प्रदर्शन से भारत को टीम गोल्ड जीतने में भी मदद मिली, जिससे शूटिंग के खेल में भारत की बढ़ती साख को और बढ़ावा मिला। राणा ने एक रोमांचक फाइनल में अपने नर्व्स पर कंट्रोल रखा और शांत रहे, जिसमें टॉप तीन के बीच कड़ी टक्कर थी. उन्होंने 243.7 के स्कोर के साथ फिनिश किया और चीन के हू काई पर मामूली बढ़त के साथ जीत हासिल की, जिन्होंने 243.3 के

स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता था. राणा अपनी जीत से बहुत खुश थे और मैच के बाद उनकी प्रतिक्रिया से यह साफ पता चला है। उन्होंने जीत के बाद कहा, मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा है. काहिरा हमेशा मेरे लिए खास रहा है. मैंने 2022 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में यहां दो मेडल जीते थे. मुझे यहां का माहौल पसंद है और मैं आखिर तक हर शॉट के साथ अपनी टेक्निक पर फोकस करने की कोशिश कर रहा था। पुरुषों के फाइनल में राणा, हू काई और एक और भारतीय शूटर वरुण तोमर के बीच लीड में कई बार बदलाव हुआ. राणा के शांत स्वभाव ने उन्हें मुश्किल पलों में मदद की, जबकि तोमर ने 221.7 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता. यह पहली बार था जब दो भारतीय शूटरों ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक ही इवेंट में पोडियम फिनिश हासिल किया.

भारत ने कुल 1754 अंकों के साथ टीम गोल्ड जीता है. राणा (586), तोमर (586), और श्रवण कुमार (582) ने टीम इवेंट में पोडियम पर टॉप पर रहने के लिए शानदार प्रदर्शन किया. इटली दूसरे स्थान पर रहा जबकि जर्मनी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता. महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत की मनु भाकर और ईशा सिंह क्रमशः सातवें और छठे स्थान पर रहीं. हालांकि वे अकेले तौर पर पोडियम फिनिश हासिल नहीं कर पाए, लेकिन उनके सामूहिक प्रयास से देश को सिल्वर मेडल मिला. ईशा (583), मनु (580), और दुनिया की नंबर 1 सुरची इंदर सिंह (577) ने कुल 1740 अंक हासिल किए।

'120 बहादुर' का पहला गाना 'दादा किशन की जय' रिलीज़

फरहान अख्तर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 120 बहादुर अब रिलीज़ से पहले लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। रेजांग ला की ऐतिहासिक लड़ाई परआधारित इस फिल्म का पहला गाना 'दादा किशन की जय' आज रिलीज़ किया गया है, जिसने दर्शकों के दिलों में देशभक्ति की लहर जगा दी है।इस जोश से भरपूर ट्रैक को मशहूर गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी दमदार आवाज़ में गाया है, जबकि गीत के बोल दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर नेलिखे हैं। गाने की धुन और शब्द फिल्म के मूल भाव – वीरता, बलिदान और मातृभूमि के प्रति समर्पण – को बखूबी दर्शाते हैं। वीडियो में फरहानअख्तर, राशि खन्ना और सैनिकों के भावनात्मक और वीरतापूर्ण दृश्यों की झलक भी देखने को मिलती है।

// समक्ष श्रीमान् नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.//

//शपथ-पत्र //

मैं शपथकर्ता हरीश कुमार गिडलानी (HARISH KUMAR GIDLANI), पिता स्व. बसंत राम गिडलानी (BASANT RAM GIDLANI), उम्र 62 वर्ष, निवासी-36, आमापारा वार्ड कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) 494334 का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

01.यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं।

02. यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक-8301 8374 9877 में मेरा नाम हरीश गिडलानी (HARISH GIDLANI) अंकित है। जो त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है।

03. यह कि मेरा शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं पेन कार्ड में मेरा नाम हरीश कुमार गिडलानी (HARISH KUMAR GIDLANI) दर्ज है, जो सत्य एवं सही है।

04. यह कि, मेरा सही व वास्तविक नाम-हरीश कुमार गिडलानी (HARISH KUMAR GIDLANI) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका 01 से 04 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सही है जिसे मुकाम कांकेर में आज दिनांक 03/11/2025 को पढ़कर, समझकर व हस्ताक्षर सत्यापित कर दिया हूं।

स्थान - कांकेर, **शपथकर्ता**

दिनांक -03/11/2025

कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला-कोरिया (छ.ग.)

फोन/ फैक्स नं. 07836-232469 ई-मेल ddvskori.cg@gov.in

क्रमांक / 3062 / गौधाम / रूचि की अभि./2025-26/कोरिया, दिनांक 11/11/2025

गौधाम संचालन के लिए "रूचि की अभिव्यक्ति" (Expression Of Interest) का पुनः आमंत्रण (E.O.I.)

- E.O.I. पुनः जारी करने की तिथि :- 11.11.2025
- निर्धारित प्रपत्र-07 में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- **10.12.2025, (समय सायं 5:00 बजे तक)**
- आवेदन जमा करने का स्थान :- कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)।

छ.ग. शासन, पशुधन विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक / 1295/E-47383/GENCOR/3230/35/2025, दिनांक 06.08.2025 में प्रसारित दिशा-निर्देश अनुसार, **कोरिया जिले में** गौधाम संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं से "रूचि की अभिव्यक्ति" के तहत, दिनांक 10.12.2025, समय सायं 5:00 बजे तक आवेदन पुनः आमंत्रित किये जा रहे हैं। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तू गौ-वंशीय पशुओं तथा गृह विभाग द्वारा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2011) एवं छ.ग. कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के अंतर्गत जब्त गौ-वंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा।

गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरूप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयन / नियंत्रण/अनुसरण/अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन/पात्रता /कार्यकाल / दायित्व, मानव संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) से कार्यालयीन समय (प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक) में प्राप्त की जा सकती हैं। आवेदन हेतु निर्धारित प्रपत्र-07 तथा गौधाम योजना के दिशा-निर्देश, कोरिया जिले की वेबसाइट **https://korea.gov.in** से भी डाऊन लोड किया जा सकता है।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला-कोरिया (छ.ग.)

जी-252604690/2

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका: कोलकाता पुलिस ने पहले टेस्ट के लिए बढ़ाई सुरक्षा

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेले जाने वाले टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। यह कदम सोमवार को दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में हुए जोरदार विस्फोट की घटना के बाद उठाया गया है। इतना ही नहीं, पुलिस ने दोनों टीमों की होटलों की सुरक्षा में भी इजाफा किया है। आइए पूरी खबर जानते हैं। दिल्ली में हुई घटना के मद्देनजर, कोलकाता पुलिस ने भारतीय और दक्षिण अफ्रीकी टीमों के लिए एक विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार की है। इस योजना में स्टेडियम आने-जाने,

अभ्यास सत्रों और मैच के दिनों में उनकी आवाजाही शामिल है। ईडन गार्डन के आसपास विशेष नाकाबंदी जांच और कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई है और सभी प्रमुख प्रवेश और निकास बिंदुओं पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहा है। टीम होटलों की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। सीएबी और पुलिस अधिकारियों ने बैठक भी की है। लाल किला के पास सोमवार शाम करीब 7 बजे सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई आई20 कार में धमाका हुआ था। धमाके से पहले धीमी गति से आकर सिग्नल पर रुकी थी। उसमें कुछ लोग सवार थे। विस्फोट में कुछ पैदल यात्री घायल हो गए और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। करीब 9 लोगों की मौत हुई है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 778/वाहन/2025 दिनांक 10.11.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निगम के विभिन्न बाष्ठनों / मशीनों के संचालन हेतु ऑपरेटर प्रदाय करने के लिए निविदाकारों से फार्म "बी" ई-प्रोक्युरमेंट (E-Tendring) के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	निगम के विभिन्न वाहनों / मशीनों के संचालन हेतु ऑपरेटर प्रदाय करने बाबत। (निगम मद) (प्रथम निविदा)	26.79	03.12.2025 (T.No. 1179074)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

भर्ती अधिसूचना 01/2025

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शिक्षण और अशैक्षणिक पदों के लिए भर्ती

केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति की ओर से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों को इस भर्ती से सम्बंधित विस्तृत नोटिफिकेशन, आवेदन प्रक्रिया और प्रामाणिक सूचना केवल केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाईट यथा https://www.cbse.gov.in/, https://kvsangathan.nic.in/ और https://navodaya.gov.in/ पर देखने की सलाह दी जाती है । ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल दिनांक 14 नवम्बर 2025 से शुरू होगा तथा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर 2025 होगी।

निदेशक (सी.टी.ई.टी.)
के.मा.शि.बो.

cbc 21107/12/0007/2526

अंबिकापुर में हवाई सेवा बंद, 80 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में धूल खा रहे संसाधन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर में 1 साल पहले उड़ान योजना के तहत 80 करोड़ रुपए खर्च कर एयरपोर्ट का निर्माण किया गया और तब लोगों को सपना दिखाया गया कि हवाई चप्पल पहनने वाले लोग भी हवाई जहाज से सफर कर पाएंगे लेकिन करोड़ों खर्च करने के बाद एयरलाइन कंपनी की फैलियर की वजह से हवाई सेवा अब बंद हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने भी कहा है कि एयरलाइंस कंपनी ने हवाई जहाज संचालन करने से हाथ खड़ा कर दिया है।

80 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में धूल खा रहे संसाधन

अंबिकापुर के दरिमा गांव में एयरपोर्ट का निर्माण 80 करोड़ रुपए की लागत से किया गया और तब लोगों को उम्मीद थी कि सरगुजा जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोग भी हजार रुपए देकर हवाई जहाज में सफर कर पाएंगे, लेकिन फ्लाई बिग नमक एयरलाइंस कंपनी ने सेवा शुरू करने के कुछ दिनों के भीतर ही अंबिकापुर से रायपुर हवाई जहाज सफर का किराया 4000 से ?5000 तक कर दिया। इसके बाद अनियमित उड़ान की वजह से लोगों का रुझान कम होने लगा और इस साल पूरे बरसात भर 4 महीने हवाई सेवा पूरी तरीके से बंद रही कुछ दिन पहले दीपावली के समय हवाई सेवा फिर से शुरू किया गया, लेकिन अब कंपनी ने हवाई जहाज परिचालन से हाथ खड़ा कर लिया है।

एयरलाइंस कंपनी ने खड़े किए हाथ

अधिकारियों का कहना है कि फ्लाई बिग कंपनी के पास हवाई जहाज की कमी है। उसके पास महज 7 हवाई जहाज है और यही वजह है कि उसके द्वारा अंबिकापुर एयरपोर्ट से रूटीन में हवाई जहाज का संचालन नहीं किया जा रहा है। एयरलाइन कंपनी ने सरकार को इसके लिए एक पत्र भी लिखा है और कहा है कि वह अंबिकापुर हवाई अड्डे से हवाई सेवा सुचारु रूप से संचालित नहीं कर पाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले ढाई से 3 महीने बाद ही अंबिकापुर से हवाई सेवा शुरू होगी और वह भी तब जब कोई दूसरी हवाई जहाज संचालन करने वाली कंपनी आगे आएगी। लोगों का कहना है कि पहले से ही पता था कि सही रूट निर्धारित नहीं होने और ठीक या लाइन कंपनी के साथ अनुबंध नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति बनेगी, लोग अंबिकापुर से रांची और अंबिकापुर से बनारस रूट निर्धारित करने की मांग कर रहें हैं। क्योंकि यहां के लोग सबसे अधिक रांची और बनारस आना जाना करते हैं।

व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार, कांग्रेस उठा रही सवाल

इस पूरे मामले में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज का कहना है कि अब हमारी सेवा यहां कब शुरू होगी वह इसकी तारीख नहीं बता सकते उन्होंने कई बार नियमित हवाई सेवा संचालित हो सके इसके लिए केंद्र सरकार के मंत्रियों से कई बार मुलाकात की है लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता हवाई सेवा को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

फ्लाई बिग कंपनी के द्वारा अंबिकापुर से 19 सीटर हवाई जहाज का संचालन किया जा रहा था. वहीं दूसरी तरफ एयरपोर्ट में 70 से 80 अधिकारी कर्मचारी और पुलिस जवानों की ड्यूटी 24 घंटे लग रही है। ऐसे में खाली पड़े एयरपोर्ट की देखरेख में ही हर महीने 15 से 20 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं, वही एयरपोर्ट में रखे कई संसाधन उपयोग नहीं होने की वजह से कबाड़ होने की नौबत में पहुंच चुके हैं, टिकट काउंटर में तो ही सन्नाटा पसरा हुआ है। इस पूरे मामले में एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि अब हवाई सेवा कब शुरू होगी यह सब कुछ सरकार और एयरलाइन कंपनी के बीच निर्भर कर रहा है।

आखिर अब सरगुजा के लोग अपने सपनों की उड़ान कब भर पाएंगे, यह सब कुछ तय कर रहा है, नागरिक उड्डयन विभाग के ऊपर क्योंकि जिस कंपनी को अब तक अंबिकापुर के इस एयरपोर्ट में हवाई सेवा की जिम्मेदारी दी गई थी वह कई दूसरे एयरपोर्ट में भी इसी तरीके से फेल साबित हुई है लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदारों ने वाहवाही पाने के चक्कर में हवाई सेवा संचालन करने की जिम्मेदारी फ्लाई बिग कंपनी को दे दी थी।

बिना अनुमति दो साल से चल रही थी आरओ वाटर फैक्ट्री, निगम ने अब जाकर बंद कराई

रायपुर/नवप्रदेश। निगम की टीम ने मंगलवार को शंकरनगर के गोरखा कालोनी में एक आरओ वाटर की दुकान को सील कर दिया है। निगम के अधिकारियों के अनुसार दुकान बिना अनुमति और लाइसेंस के चल रही थी। लंबे समय से यहां आरओ वॉटर की बिक्री हो रही थी, लेकिन संचालक के पास न तो व्यापारिक अनुमति थी और न ही भू-जल दोहन का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)। शिकायत के बाद जब निगम ने कार्रवाई तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अफसरों ने बताया कि हाल ही में शहर में बिना अनुमति चल रहे पानी के कारोबार की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जांच के दौरान शंकर नगर में स्थित स्टार ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर यश वर्मा के वॉटर यूनिट में आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। मौके पर निरीक्षण के बाद दुकान को सील कर दिया गया।

स्कैन-गैमा मशीन 7 साल से बंद, मरीजों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

हाई कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से मांगा जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल यानी मेकाहारा में कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच 17 करोड़ की पेट स्कैन और गामा मशीनें पिछले सात साल से बंद पड़ी हैं। इस वजह से रोजाना 30 से 40 मरीजों को 25 से 30 हजार रुपए खर्च कर निजी अस्पतालों में स्कैन करवाना पड़ रहा है। इस मामले को हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य सचिव और सीजीएमएससी के एमडी से शपथ पत्र मांगा है। बताने को कहा गया है कि सात साल तक मशीनें क्यों बंद रहीं, प्रस्ताव क्यों रोके गए? मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने की नौबत क्यों आई? बता दें कि सीजीएमएससी द्वारा 17 करोड़ बताया कि मेकाहारा की कैंसर यूनिट में हर दिन 500 से 550 मरीज पहुंचते हैं, लेकिन खर्च कर मंगाई गई पीईटी स्कैन और गामा मशीनें अफसरों की लापरवाही के कारण कभी शुरू ही नहीं की गई। मशीन चालू कराने के प्रस्ताव मेडिकल कॉलेज और अस्पताल प्रबंधन की ओर से कई बार भेजे गए, लेकिन वित्त विभाग में फाइलें अटकी रहीं। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि सीजीएमएससी ने मशीन खरीदने से पहले न तो विभाग से कोई औपचारिक प्रस्ताव लिया और न ही अस्पताल से प्रक्रिया पूरी करवाई।

पदोन्नत प्राचार्यों की प्रतीक्षा खत्म 17 से पोस्टिंग के लिए काउंसिलिंग

रायपुर/नवप्रदेश। 6 माह पहले पदोन्नत ई संवर्ग के प्राचार्यों का पोस्टिंग का इंतजार खत्म हो रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पदोन्नत प्राचार्यों की पोस्टिंग के लिए 17 नवंबर से काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। काउंसिलिंग में 1 हजार पदोन्नत प्राचार्यों को बुलाया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने व्याख्याता, व्याख्याता एलबी एवं प्रधान पाठक माध्यमिक ई संवर्ग को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्राचार्य के पद पर पदोन्नति का आदेश 30 अप्रैल को जारी किया था किन्तु पोस्टिंग के पहले ही हाईकोर्ट में याचिका लग गई। हाल ही में हाईकोर्ट ने बाधा खत्म करते हुए प्रकरण का निराकरण कर दिया और शासन के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट के फैसले के बाद 6 माह से पोस्टिंग का इंतजार कर रहे पदोन्नत प्राचार्यों को राहत मिली। अब लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पदोन्नत प्राचार्यों पोस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पोस्टिंग के लिए 17 नवंबर से काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। राजधानी के शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकरनगर में 17 से 21 नवंबर तक काउंसिलिंग रखी गई है। इसमें 1 हजार पदोन्नत प्राचार्यों को शामिल किया गया है। रोजाना 250 प्राचार्यों की काउंसिलिंग होगी। उप संचालक द्वारा जारी सूचना के अनुसार 17 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक पदोन्नत प्राचार्यों के क्रम 1 से 125 तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 126 से 250 तक की काउंसिलिंग होगी। इसी तरह 18 नवंबर को सुबह की पाली में सूची क्रम 251 से 375 और दूसरी पाली में 376 से 500 तक, 19 नवंबर को सुबह 501 से 625 तक तथा दूसरी पाली में 626 से 750 तक, 20 नवंबर को सुबह क्रमांक 751 से 875 तक तथा दोपहर को 876 से 1 हजार तक पदोन्नत प्राचार्यों की पोस्टिंग के लिए काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। 21 नवंबर सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अनुपस्थिति प्राचार्यों की काउंसिलिंग होगी।

ओवरटेक विवाद में बेकाबू 6 युवकों ने ड्राइवर की बेल्ट से की पिटाई

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-चांपा मेन रोड पर ओवरटेक को लेकर हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। सड़क पर चल रहे लोगों के सामने ही छह युवकों ने एक स्कॉर्पियो ड्राइवर की बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ड्राइवर ने तत्काल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम स्कॉर्पियो चालक अपनी गाड़ी से कोरबा की ओर जा रहा था। इसी दौरान चांपा रोड पर एक बाइक सवार युवक से ओवरटेक को लेकर कहा-सुनी हो गई। कुछ ही देर बाद उस युवक ने अपने पांच दोस्तों को बुला लिया और सभी ने मिलकर ड्राइवर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने बेल्ट से वार किए, जिससे पीड़ित को कई जगह चोटें आईं। पीड़ित ड्राइवर ने कोतवाली थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 294, 323, 506, और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं।

समय पर कागज सप्लाई नहीं दो फर्मों पर 1.10 करोड़ की पेनाल्टी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम (पापुनि) ने आगामी शिक्षा सत्र में बच्चों को समय से पहले पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कागज खरीदी और प्रिंटिंग के लिए टेंडर एक-दो दिनों में जारी कर दिया जाएगा। निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय ने दो टूक कहा है कि प्रिंटिंग और सप्लाई में किसी भी तरह की गड़बड़ी मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर कागज सप्लाई नहीं करने की वजह से ही दो फर्मों पर क्रमशः 30 और 80 लाख रुपए का पेनाल्टी लगाया गया है। दोनों फर्मों को ब्लैकलिस्टेड करने की भी तैयारी चल रही है। कार्रवाई के पहले निगम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पापुनि के अध्यक्ष के मुताबिक वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा आगामी सत्र हेतु पाठ्य पुस्तक मुद्रण के संबंध में पूर्व सत्र की प्रणाली को ही अन्य राज्यों के समान लागू करने का निर्णय लिया गया अर्थात निगम द्वारा ही कागज की खरीदी कर प्रिंटरों के माध्यम से पाठ्य पुस्तकें मुद्रित कराई जाएगी। यही व्यवस्था गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश पांडुचेरी, असम में भी है।

कम दर पर कागज खरीदी से 24 करोड़ रुपए की बचत

जानकारी के मुताबिक इस वर्ष जैम पोर्टल के माध्यम से कागज की खरीदी करने पर 20 रुपए कम दर प्राप्त हुई। इस बार 78 रूपए किलो प्रति मीटन की दर से कागज की खरीदी गई जबकि पिछले सत्र में यही कागज 98 रूपए प्रति मीटन पर क्रय की गई थी। इस सत्र में 12000 मीटन कागज निगम द्वारा खरीदे जाने से शासन को लगभग 24 करोड़ रूपए की बचत हुई।

यूडाइस कोड के आधार पर ही पुस्तक सप्लाई

सूत्रों के मुताबिक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा यू डाइस कोड के आधार उपलब्ध कराई गई दर्ज संख्या के आधार पर की पाठ्य पुस्तकों की छपाई कराई गई। शासन से प्राप्त संख्या 2141 करोड़ किताबें मुद्रण कर उसका वितरण किया गया इसके पश्चात पुनः 23 लाख पाठ्य पुस्तकें मुद्रित कराई गईं। इस प्रकार इस वर्ष 2164 करोड़ पाठ्य पुस्तकें निगम द्वारा मुद्रित की गईं। जो पिछले साल की तुलना में लगभग 20 लाख कम पुस्तकें मुद्रित की गईं। जिनकी लागत अनुसार लगभग 10 करोड़ रूपए की बचत हुई।

उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकों के लिए कागज, प्रिंटिंग एवं सप्लाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आगामी सत्र में कागज की गुणवत्ता में और अधिक सुधार किए जाने हेतु मापदंडों में परिवर्तन किए गए हैं। निर्धारित अवधि से देरी में कागज प्रदाय करने पर पेनाल्टी में 1 प्रतिशत प्रति दिन बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया। इस वर्ष समय पर कागज की सप्लाई नहीं करने वाली दो फर्मों ओरिएंट एवं श्रेयांस पर क्रमशः 80 लाख और 30 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। दोनों फर्मों को नोटिस जारी किया जा रहा है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर 5 साल के लिए ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र के लिए तैयारियां इसी माह से प्रारंभ कर दी गई है। एससीईआरटी को कक्षावार विषयों की सीडी पापुनि को 15 दिसंबर तक देने कहा गया है। उन्होंने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र में स्कूल खुलने के 10 दिन पहले किताबें स्कूलों और संकुलों में पहुंच जाएंगी। सुरक्षा और पारदर्शिता के मद्देनजर सभी डिपो में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अगले साल लगभग 8 नए डिपो भी बनाए जाएंगे।

महतारी वंदन ईकेवायसी अनिवार्यता पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

विधायक पुरंदर बोले- आरोप लगाना कांग्रेस का जन्मसिद्ध अधिकार

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के लिए ई-केवायसी अनिवार्यता को नाम काटने वाले कांग्रेस के आरोप पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने हमला बोला है। पुरंदर ने कहा कि आरोप लगाना कांग्रेस का जन्मसिद्ध अधिकार है, सरकार अच्छा काम करे तो उनको आपत्ति दर्ज करवाना जरूरी है। उनका कहना है कि केवायसी एक प्रक्रिया है, अगर कांग्रेस को आपत्ति है तो उनको चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। पिछले 2 सालों में पूरी तरह से महतारी वंदन योजना की राशि दी जा रही है, हम अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हैं।

भाजपा किसान हितैषी सरकार : विधायक पुरंदर - प्रदेश में धान खरीदी शुरू होने से पहले प्रदर्शन कर रहे कमचारियों को लेकर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि भाजपा किसान हितैषी सरकार है। जो तारीख निश्चित किया गया है उसे तारीख में खरीदी होगा, हड़ताल होते रहते है। मुख्यमंत्री साय का शासन है सब ठीक होगा।

जहां अपराध हुए वहां कांग्रेसी लिप्त : पुरंदर- दिल्ली बम धमाके में केंद्र की जिम्मेदारी पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किए जाने पर विधायक पुरंदर ने कहा कि भाजपा सरकार में आतंकवाद नक्सलवाद सिर उठाकर नहीं चल सकता, जिन्होंने भी यह किया है, उसका परिणाम वो भुगतेगा। जहां पर भी अपराध हुए वहां पर कहीं न कहीं कांग्रेसी लिप्त होते हैं। इसका भी कांग्रेस को चिंतन करना चाहिए।

नक्सल विरोधी अभियान को लेकर कांग्रेस पर पुरंदर का हमला

बीजेपी विधायक पुरंदर मिश्रा ने टॉप नक्सली कमाडंर की माताओं से मुलाकात कर पुनर्वास में बेहतर जीवन के भरोसा दिए जाने पर गृहमंत्री शर्मा का धन्यवाद किया। विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 8 साल कांग्रेस सरकार में रही। लेकिन 8 नक्सलियों का भी आत्मसमर्पण नहीं करवा पाई। कांग्रेस नक्सलियों से मिलकर छत्तीसगढ़ को बर्बाद करना चाहती थी, इसके लिए कांग्रेस की निंदा करता हूं, गृह मंत्री विजय शर्मा का धन्यवाद उन्होंने नक्सलियों के परिवार वालों को समझाइश दी।

राज्य का 2026-27 का बजट सवा एक लाख करोड़ से अधिक बनाने की कवायद

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक बजट बनाने का कार्य वित्त विभाग ने शुरू कर दिया है। विभागों से प्रस्ताव मंगाए जा रहे हैं। इसके पश्चात विभागीय सचिव बैठक लेंगे। तत्पश्चात भार साधक मंत्रियों की बैठक लेकर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। वर्ष 2026-27 का बजट लगभग सवा लाख करोड़ से अधिक का बनाया जाएगा। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार वित्त विभाग ने चालू माह नवंबर में बजट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, इसके तहत यहां पर विभाग से प्रस्ताव मंगाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग पुल-पुलिया, नक्सली क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता देना है, वहीं सिंचाई विभाग द्वारा परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों का

शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि को प्राथमिकता

नए बजट में शिक्षा को महत्व दिया जाएगा। राज्य में पीएम श्री स्कूल खोले जाएंगे। यहां पर शिक्षा विभाग तथा आदिम जाति विभाग के शालाओं के निर्माण शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़, महासमुंद, कांकेर तथा कोरबा जिले में मेडिकल कॉलेज को बेहतर सुविधा दी जाएगी तथा नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाए जाएंगे तथा आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। चिकित्सा विभाग में विषय-विशेषज्ञों तथा एनएचएम प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता की कमी है, जिसे दूर किया जाएगा। नक्सली उन्मूलन क्षेत्र में सरकार को सफलता मिल रही है, इसलिए नक्सली क्षेत्र में विकास को महत्व दिया जाएगा। आकांक्षी जिला योजना के तहत यहां पर विकास कार्य किए जाएंगे। इसके तहत नए प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

प्रस्ताव एवं सिंचाई विभाग से मंगाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग पुल-पुलिया, नक्सली क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता देना है, वहीं सिंचाई विभाग द्वारा स्टाप डेम तथा बिलासपुर जिले के मनियारी नदी में बाढ़ को तवज्जों दी जा रही है। इस विभाग का बजट करीब 1000 करोड़ का बनाया जाएगा।

बिहार : एग्जिट पोल में दिखा एनडीए के पक्ष में स्पष्ट रुझान : साव

■ **महतारी से किया वादा नहीं निभा पाई कांग्रेस, भाजपा के महतारी वंदन से तकलीफहो रही है : साव**

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि, बिहार में भारी बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बन रही है। विभिन्न एग्जिट पोल में एनडीए की प्रचंड मतों से सरकार बन रही है।

श्री साव ने कहा कि, बिहार की जनता ने सुशासन और विकास को चुना है। जंगलराज के बदले स्थिर सरकार को प्राथमिकता दिया है। डबल इंजन के विकास मॉडल पर एक बार फिर भरोसा जताया है। उप

मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, कांग्रेस मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर निर्थक और बेबुनियाद आरोप लगाना बंद करें। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अधिकारी और कर्मचारी फार्म लेकर घर घर जा रहे हैं। जानकारी बता रहे हैं। प्रदेश में एसआईआर का काम पूरी गंभीरता से किया जा रहा है।

श्री साव ने कहा कि, धोखा देने वाले और ठगने वाले कांग्रेसियों को हर बात में कमी नजर आती है। महतारी को हर महीने 500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन पांच साल में एक किस्त भी नहीं दे सके। वहीं विष्णु देव सरकार माताओं बहनों को 21 किस्त दे चुकी है। उसके बाद भी सवाल करना कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है।

बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट की मशक्कत: 22 अफसर करेंगे मॉनिटरिंग

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार एवं बोर्ड परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन का कितना पालन जिलों और स्कूलों में हो रहा है, इसकी मॉनिटरिंग करने के लिए 22 राज्य स्तरीय अफसरों को जवाबदारी सौंपी गई है। ये अफसर आबंटित जिलों में जाकर अधिकारियों की न केवल बैठक लेंगे बल्कि स्कूलों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से रूबरू होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के गत वर्ष के रिजल्ट को देखते हुए इस बार कार्ययोजना तैयार की गई है ताकि रिजल्ट में सुधार किया जा सके। हर माह यूनिट टेस्ट लिया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को ब्लू प्रिंट से अवगत कराया जा सकेगा। कमजोर बच्चों हेतु स्कूल के शिक्षकों को मेंटर नियुक्त करते हुए बच्चों का समूह बनाकर जिम्मेदारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई कार्ययोजना का फील्ड में क्रियान्वयन हो रहा है अथवा नहीं, इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर के अफसर करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसके लिए संयुक्त संचालक से लेकर सहायक संचालक स्तर के 22 अफसरों को जिले आबंटित कर

जवाबदारी सौंपी गई है। ये अफसर आबंटित जिलों में जाकर अधिकारियों की बैठक लेकर प्रोत्साहित करेंगे तथा स्कूलों का औचक निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत होंगे। संचालनालय ने कहा है कि सभी अफसर 20 नवंबर तक निरीक्षण प्रतिवेदन लोक शिक्षण संचालनालय में प्रस्तुत करेंगे। कार्ययोजना के अनुसार बच्चों और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया है। छमाही परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक-दूसरे स्कूलों तथा वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन दूसरे विकासखंडों में कराया जाएगा। इसके अलावा बच्चों की हैंडराइटिंग, होमवर्क पर विशेष ध्यान देने कहा गया है।

किस अफसर को कौन सा जिला आबंटित

संयुक्त संचालक किशोर कुमार को जगदलपुर व बीजापुर, उप संचालक आशुतोष चावरे बालोद व गरियाबंद, राकेश पांडेय बलरामपुर व जशपुर, हेमन्त उपाध्याय सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, आर. एल. ठाकुर कवर्धा, दुर्ग, अशोक नाराण बंजारा बिलासपुर, रायगढ़, बनवारी देवांगन कोरिया, एमसीबी, आनंद सारस्वत कांकेर, राजेश सिंह सुकमा, नारायणपुर, डी. के. कौशिक दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, सहायक संचालक महेश नायक महासमुंद व रायपुर, हरिश्चंद्र दिलावर मुंगेली, अमरदास कुर्रे धमतरी, लवकुमार साहू बेमेतरा, आदित्य पाटनवार गौरेला-पेंड्रा मरवाही, रामजी पाल कोरबा, सतीश नायर, जांजगीर-चांपा, श्रीमती इंदिरा गांधी बलौदाबाजार, बजरंग प्रजापति केसीजी, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, ओमप्रकाश देवांगन कोण्डागांव, प्रकाशचंद्र मिश्र सूरजपुर एवं अखिलेश तिवारी को अंबिकापुर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com